राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 336
लखनऊ, शुक्रवार 7 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





औलाद के लिए महिला ने की कठिन कांवड़ यात्रा 10

लापरवाह अधिकारियों को हटाने के निर्देश 03


-: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,49,860/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,37,400/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,12,450/10 ग्राम
चांदी = 2,40,000/किग्रा



## दर्दनाक हादसा : प्रतापगढ़ के महुली मंडी में सौ साल पुराना मकान भरभराकर गिरा

# एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**तीन पीढ़ियां खत्म**

- माता-पिता, बेटे-बहू और दो मासूमों ने मलवे में दबकर गंवा दी जान
- मुख्यमंत्री ने जताया शोक और हरसंभव सहायता के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

राज्य के प्रतापगढ़ जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच गुरुवार तड़के एक हृदयविदारक हादसे में एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां खत्म हो गईं। शहर के महुली मंडी इलाके में करीब 100 वर्ष पुराना जर्जर मकान अचानक भरभराकर गिर गया। मलबे में दबने से माता-पिता, बेटे-बहू और दो मासूम बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और राहत दल मौके पर पहुंच गए तथा कई घंटे तक राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया।

हादसा चिलबिला कोतवाली क्षेत्र के महुली मंडी वार्ड में देर रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच हुआ। उस समय तेज बारिश हो रही थी और परिवार के सभी सदस्य एक ही कमरे में सो रहे थे। अचानक मकान की छत भरभराकर गिर गई और पूरा परिवार मलबे में दब गया।

सूचना पर स्थानीय लोग सबसे पहले मौके पर पहुंचे और पुलिस के साथ मिलकर मलबा हटाने का प्रयास शुरू किया। बाद में जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से राहत अभियान चलाया गया। मलबे में कुल सात लोग दबे थे, जिनमें से छह की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति को गंभीर अवस्था में बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया।

हादसे में प्रमोद श्रीवास्तव (45), उनकी पत्नी रीता श्रीवास्तव (42), पुत्र अमन/नितिन श्रीवास्तव (24), पुत्रवधू माधुरी (24), दो वर्षीय महादेव (माधव) तथा छह माह के मासूम बाबू की मौत हो गई। एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि लगातार बारिश के कारण जर्जर हो चुके मकान की दीवारें और छत कमजोर हो गई थीं, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

प्रशासन ने मकान गिरने के कारणों की जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर राहत कार्य का जायजा लिया। प्रशासन आसपास के अन्य पुराने और जर्जर भवनों का भी सर्वे कराने की तैयारी कर रहा है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।



गुरुवार को तड़के प्रतापगढ़ के महुली मंडी में हादसे का शिकार परिवार और मलवा हटाते पुलिस के जवान। *फोटो-समृद्धि न्यूज*

**सीएम ने कहा जनहानि अत्यंत दुखद**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ के हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है और उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।
मुख्यमंत्री ने हादसे की जानकारी लेते हुए जिला प्रशासन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को घायल अमन श्रीवास्तव के बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की ओर से 25 लाख के मुआवजे की घोषणा की गई है।

**लापरवाही का आरोप**

स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अगर जर्जर भवन को जिला प्रशासन खतरनाक घोषित कर देता, तो शायद यह हादसा नहीं होता। आरोप है कि स्थानीय निकाय जर्जर भवनों का सर्वे करता ही नहीं है।
प्रतापगढ़ हादसे के बाद नगर पालिका की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। यदि मकान पहले से जर्जर था, तो क्या भवन स्वामी को नगर पालिका की ओर से कोई नोटिस जारी किया गया था? क्या भवन का कभी सर्वे कराया गया था?
यदि नगर पालिका ने खतरनाक भवन की पहचान के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की, तो जिम्मेदारी तय करने की मांग उठ सकती है।
वहीं, यदि इस भवन को लेकर कोई नोटिस जारी नहीं हुआ था तो यह नगर निकाय की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।

**क्या कहता है कानून?**

- नगर निगम, नगर पालिका और विकास प्राधिकरण को अपने क्षेत्र के खतरनाक एवं जर्जर भवनों का सर्वे कराने का अधिकार है।
- उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम तथा नगर पालिका संबंधी प्रावधानों के तहत भवन यदि रहने योग्य नहीं पाया जाता है, तो मालिक को मरम्मत या भवन खाली कराने का नोटिस दिया जा सकता है।
- आदेश का पालन नहीं होने पर स्थानीय निकाय भवन खाली कराने या ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर सकता है।
- खतरनाक घोषित भवन में रहने पर जनहानि होने की स्थिति में जांच कर जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।
- बरसात से पहले जर्जर भवनों की पहचान और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी मानी जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सचिन टॉप 5 सेलिब्रिटी ब्रांड्स में शामिल

**मुम्बई।** क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर भारत के सबसे मूल्यवान और भरोसेमंद सेलिब्रिटी ब्रांड्स में से एक बने हुए हैं। क्रॉल इंडिया सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन 2025 रिपोर्ट में, 125.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ब्रांड वैल्यू के साथ उन्होंने देश के टॉप पांच सेलिब्रिटी ब्रांड्स में अपनी जगह बनाए रखी है। सचिन एकमात्र ऐसे रिटायर्ड एथलीट भी हैं जो लगातार टॉप 10 में शामिल रहे हैं और जिनकी वैल्यू हर साल लगातार बढ़ी है। दशकों के भरोसे, निरंतरता और प्रमाणिकता पर बना उनका पर्सनल ब्रांड, अलग-अलग इंडस्ट्री की कंपनियों के लिए सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा ब्रांड्स में से एक बना हुआ है।

### राजपाल यादव के पैतृक घर पर कुर्की का नोटिस

**शाहजहांपुर।** बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर स्थित उनके पैतृक घर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 16.61 करोड़ रुपये के बकाया ऋण की वसूली को लेकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। बैंक ने निर्धारित अवधि में ऋण का भुगतान नहीं होने पर संपत्ति की नीलामी की चेतावनी दी है। बैंक की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, राजपाल यादव, उनकी मां और पत्नी के नाम पर लिया गया ऋण लंबे समय से बकाया है। बैंक ने ऋण की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करते हुए पैतृक मकान को कुर्की की प्रक्रिया में शामिल किया है।

### 4,052 भारतीय नाविकों की वतन वापसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत सरकार ने बड़ी राहत कार्रवाई करते हुए अब तक 4,052 भारतीय नाविकों (सीफेरर्स) को सुरक्षित स्वदेश वापस लाया है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संकट के दौरान विदेशों में कार्यरत भारतीय समुद्री कर्मचारियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही और विभिन्न मंत्रालयों तथा भारतीय मिशनों के समन्वय से उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई। सोनोवाल ने बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारतीय नाविकों की स्थिति पर लगातार नजर रखी गई। संकटग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीयों को चरणबद्ध तरीके से सुरक्षित निकालकर स्वदेश लाया गया। इस अभियान में महानिदेशक समुद्री प्रशासन (डीजीएमए), विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावासों, शिपिंग कंपनियों और अन्य संबंधित एजेंसियों ने समन्वित रूप से कार्य किया।

## यूपी में बनेगी एकीकृत युवा नीति : मुख्यमंत्री

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं के समग्र विकास के लिए नई एकीकृत युवा नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीति युवाओं की बदलती आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को हुई बैठक में निर्देश दिए कि नीति बनाने से पहले प्रदेश के 16 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की जरूरतों और सुझावों को समझा जाए। इसके लिए विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, शोधार्थियों, स्टार्टअप उद्यमियों और युवा पेशेवरों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने युवाओं से जुड़े कार्यक्रमों की निगरानी, मूल्यांकन और समय-समय पर सुझाव देने के लिए विशेषज्ञों की भागीदारी वाला स्वतंत्र राज्य युवा आयोग गठित करने की संभावनाओं पर भी विचार करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा नीति में शिक्षा एवं कौशल विकास, रोजगार,



उद्यमिता, नवाचार, डिजिटल सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, खेल, नेतृत्व विकास और संस्कृति जैसे सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि युवाओं को भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, ड्रोन और सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाए।

सीएम योगी ने प्रत्येक जिले में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने, स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं को करियर मार्गदर्शन, छात्रवृत्ति और रोजगार से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने के निर्देश दिए।

### अतीक के बेटे अबान की सड़क हादसे में मौत

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज/झांसी।**



माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान अहमद (21) की गुरुवार तड़के सड़क हादसे में मौत हो गई। वह प्रयागराज से झांसी जेल में बंद अपने बड़े भाई अली अहमद से मिलने जा रहा था। हादसे के समय कार में अबान समेत पांच लोग सवार थे। गुरुवार सुबह करीब पांच बजे झांसी की ओर जा रही क्रेटा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। *विस्तृत खबर पृष्ठ 12 पर*

## टीम इंडिया को दौड़ना होगा 10 मिनट में दो किमी

- बीसीसीआई ने सख्त किए फिटनेस नियम
- 1,200 मीटर ब्रोंको दौड़ 5 मिनट 15-20 सेकेंड में करना होगा पूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के लिए फिटनेस की परीक्षा अब पहले से अधिक कठिन होगी। आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के शारीरिक फिटनेस मानकों को और सख्त कर दिया है। नए



नियमों के तहत खिलाड़ियों को पहले ब्रोंको दौड़ और उसके तुरंत बाद दो किलोमीटर की दौड़ निर्धारित समय में पूरी करनी होगी।

पहले ब्रोंको दौड़ और दो किलोमीटर की दौड़ अलग-अलग कराई जाती थी, लेकिन अब दोनों परीक्षाएं लगातार होंगी। इससे खिलाड़ियों की सहनशक्ति, फुर्ती और शारीरिक क्षमता की एक साथ जांच होगी। ब्रोंको दौड़ में खिलाड़ियों को 20, 40 और 60 मीटर की दूरी के पांच चक्र बिना रुके पूरे करने होते हैं। कुल 1,200 मीटर की इस दौड़ को पहले छह मिनट में पूरा करना होता था, लेकिन अब इसे 5 मिनट 15 से 5 मिनट 20 सेकेंड के भीतर पूरा करना अनिवार्य होगा। इसके तुरंत बाद खिलाड़ियों को दो किलोमीटर की दौड़ 9 से 10 मिनट के भीतर पूरी करनी होगी।

## भागवत ने कहा, जेन जी राष्ट्रविरोधी नहीं

- आज का युवा हर बात का तार्किक जवाब चाहता है
- शिक्षा और रोजगार के लिए नए दृष्टिकोण की जरूरत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने युवाओं के आंदोलनों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बताते हुए कहा कि अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाने वाले युवाओं को राष्ट्रविरोधी नहीं कहा



जा सकता। उन्होंने कहा कि ये युवा देश के नागरिक हैं और देश का भविष्य हैं।

मुंबई में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस सम्मेलन में युवाओं को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलन अपनी बात रखने, संवाद शुरू करने और सहमति बनाने का एक वैध माध्यम है। उन्होंने कहा कि किसी भी मतभेद का समाधान बातचीत, आपसी सम्मान और संविधान के दायरे में रहकर ही संभव है।

मोहन भागवत ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी पहले की तुलना में अलग सोच रखती है। युवा किसी भी बात को बिना समझे स्वीकार नहीं करते, बल्कि हर विषय पर तार्किक और तथ्य आधारित जवाब चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव सकारात्मक है, क्योंकि युवा अधिक जागरूक, ईमानदार और देश के प्रति जिम्मेदार हैं।

## तरुण तेजपाल को 10 साल की सजा

**एजेंसी, पणजी।**

बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा पीठ ने तहलका पत्रिका के पूर्व प्रधान संपादक तरुण तेजपाल को 2013 के दुष्कर्म मामले में दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने तेजपाल को दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है।

इससे पहले मई 2021 में गोवा की ट्रायल कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव का हवाला देते हुए तेजपाल को सभी आरोपों से बरी कर दिया था। इस फैसले को गोवा सरकार ने बॉम्बे



हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मामला नवंबर 2013 का है। तहलका की एक महिला पत्रकार ने आरोप लगाया था कि गोवा में आयोजित थिंक फेस्ट के दौरान 7 और 8 नवंबर की रात होटल की लिफ्ट में तरुण तेजपाल ने दो बार उनका यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म किया।

## 18 दिन में 84 जगह धंसा यूपी का सबसे महंगा एक्सप्रेस-वे

- उद्घाटन के कुछ ही दिन बाद सामने आईं खामियां
- 84 स्थानों पर धंसाव और दरारें, गुणवत्ता पर उठे सवाल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ/कानपुर।**

उत्तर प्रदेश के सबसे महंगे एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के महज 18 दिन बाद ही निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। एक्सप्रेसवे पर 84 स्थानों पर सड़क धंसने और दरारें पड़ने की शिकायतें सामने आई हैं। इसके बाद संबंधित एजेंसियों ने मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है, जबकि मामले को लेकर जांच की भी तैयारी की जा रही है।

यह वही एक्सप्रेसवे है, जिसके उद्घाटन के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन



गडकरी ने कहा था कि उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग अमेरिका जैसी गुणवत्ता वाले होंगे। अब शुरुआती दिनों में ही सड़क की स्थिति बिगड़ने से निर्माण की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि जिन स्थानों पर धंसाव हुआ है, वहां सड़क की ऊपरी परत और किनारों पर दरारें भी दिखाई दी हैं। संबंधित अधिकारियों का कहना है कि प्रभावित हिस्सों की मरम्मत कराई जा रही है और तकनीकी कारणों की जांच की जा रही है।

**समृद्ध टिप्पणी**

### मानसून सत्र में हंगामे से सदन की गिरी गरिमा, हाशिये पर चले गए जनहित के मुद्दे

# विधानमंडल में सत्ता पक्ष व विपक्ष का टकराव शुभ संकेत नहीं



सुरेश बहादुर सिंह
राजनीतिक संपादक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार टकराव, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ गया, जो अच्छे संकेत नहीं हैं। निर्धारित अवधि से एक दिन पहले ही सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करना पड़ा। पूरे सत्र के दौरान जनहित के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपेक्षित चर्चा नहीं हो सकी। सदन की कार्यवाही के दौरान हुए घटनाक्रम ने संसदीय परंपराओं, विपक्ष की भूमिका और सदन की गरिमा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए।

सत्र शुरू होने से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में सकारात्मक माहौल दिखाई दिया था। विपक्ष ने सरकार को भरोसा दिलाया था कि वह सदन के संचालन में रचनात्मक सहयोग करेगा और जनहित के मुद्दों पर गंभीर चर्चा में भाग लेगा। सरकार की ओर से भी विपक्ष को आश्वस्त किया गया था कि उसकी ओर से उठाए जाने वाले जनहित के विषयों पर चर्चा के लिए पूरा अवसर दिया जाएगा। बैठक के बाद यह उम्मीद जताई जा रही थी कि मानसून सत्र हंगामे के बजाय सार्थक बहस और जनहित के मुद्दों पर केंद्रित रहेगा।

सत्र के पहले दिन वर्तमान विधायक आलमबदी के निधन पर सदन ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ कई पूर्व विधायकों को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके बाद सदन की कार्यवाही अगले दिन सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि, सदन के बाहर समाजवादी पार्टी के विधायक और कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी करते रहे।

दूसरे दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति से अलग रुख अपनाते हुए राम मंदिर से जुड़े कथित चढ़ावा चोरी के मामले पर तत्काल चर्चा की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। विधानसभा अध्यक्ष ने



कई बार विपक्ष से अपनी सीटों पर लौटने और प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया, लेकिन विपक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा। इसके चलते प्रश्नकाल नहीं हो सका और सदन की कार्यवाही दोपहर 12.20 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी हंगामा जारी रहा। विपक्ष के शोर-शराबे के बीच सरकार ने वित्तीय कार्यवाही पूरी करते हुए अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया, लेकिन सदन में सामान्य माहौल नहीं बन सका। अध्यक्ष लगातार व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास करते रहे, फिर भी विपक्ष अपनी मांग से पीछे हटने को तैयार नहीं हुआ।

सत्र के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव उस समय और बढ़ गया, जब विपक्ष के विधायक सचिन यादव के आचरण को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई। अध्यक्ष ने कहा कि नेता सदन की ओर बढ़ने और उनके प्रति अपनाए गए व्यवहार ने सदन की मर्यादा को ठेस पहुंचाई है। इसके बाद उन्होंने सचिन यादव को पूरे सत्र के लिए सदन से निष्कासित कर दिया। इस घटना के बाद सदन का माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया।

बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष ने पिछले दिन की घटनाओं पर गहरी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मंगलवार की घटना ने उन्हें यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया कि क्या वह इस पद के योग्य हैं? अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि विपक्ष ने उनकी बात सुने बिना ही हंगामा शुरू कर दिया था और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि सदन को चलने नहीं देने का पहले से ही निर्णय कर लिया गया था।

पूरे मानसून सत्र के दौरान जनहित से जुड़े अनेक मुद्दे चर्चा से बाहर रहे। राजनीतिक हलकों में यह यह विमर्श चलता रहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों यदि अधिक संवाद और सहमति का रास्ता अपनाते तो गतिरोध से बचा जा सकता था। विपक्ष का कहना था कि उसकी मांगों पर चर्चा नहीं कराई गई, जबकि सरकार का आरोप था कि विपक्ष ने सुनियोजित ढंग से सदन की कार्यवाही बाधित की।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर गंभीर और सार्थक चर्चा होनी चाहिए। लगातार हंगामे, नारेबाजी और टकराव के कारण यदि सदन की कार्यवाही प्रभावित होती है तो सबसे बड़ा नुकसान आम जनता के हितों का होता है। उनका कहना है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को संसदीय परंपराओं का सम्मान करते हुए रचनात्मक सहयोग का रास्ता अपनाना होगा, ताकि विधानसभा की गरिमा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास बना रहे।

# जनपद के 33 मंडलों में 'हर घर तिरंगा' अभियान की कार्यशाला संपन्न

**सभी मंडलों में तिरंगा यात्राओं का किया जाएगा आयोजन**

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**



आगामी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे 'हर घर तिरंगा' एवं तिरंगा यात्रा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद के सभी 33 मंडलों में मंडल स्तरीय कार्यशालाएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यशालाओं में बूथ स्तर तक अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति तैयार की गई। कार्यकर्ताओं को प्रत्येक घर तक राष्ट्रीय ध्वज पहुंचाने, व्यापक जनसंपर्क करने तथा नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फी लेकर निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। बैठक में बताया गया कि 10 अगस्त से 12 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। लगभग एक से दो किलोमीटर लंबी यह यात्रा शहीद स्मारकों से प्रारंभ होकर नगर एवं गांवों के प्रमुख मार्गों और स्थलों से होकर निकलेगी। यात्रा के दौरान देश के वीर शहीदों, सशस्त्र बलों के अदम्य साहस, उनके सर्वोच्च बलिदान तथा भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता और स्वदेशी रक्षा उपकरणों के सम्मान में संदेशयुक्त प्लेकार्ड भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय महसी विधानसभा के रायपुर मंडल की कार्यशाला में उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, 'तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाने का जनआंदोलन है।

हम सभी का दायित्व है कि इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर इसे ऐतिहासिक सफलता दिलाएं।' कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, तिरंगा यात्रा की तैयारियों तथा अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला से गए पदाधिकारी /मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष,शक्ति केंद्र संयोजक व अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ. महेन्द्र सिंह ने हनुमंत सिंह को दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**



भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश प्रभारी,उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.महेन्द्र सिंह ने अपने बलरामपुर प्रवास के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय हनुमंत सिंह के शारदा कुंज स्थित आवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ.महेन्द्र सिंह ने स्वर्गीय हनुमंत सिंह के भाई शिवप्रताप सिंह,पुत्र अखिलेश सिंह गुड्डू तथा अन्य परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इससे पूर्व जनपद की सीमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ.महेन्द्र सिंह का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र,पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह 'गुड्डू',विनय मिश्र,जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह 'पिंकी',जिला महामंत्री डॉ.अजय सिंह 'पिंकू',जिला महामंत्री बिन्दू विश्वकर्मा,डीपी सिंह बैस,जिला मंत्री ललिता तिवारी,जिला उपाध्यक्ष सुधा पांडेय, जिला महामंत्री साधना पांडेय, गौरव मिश्र सहित सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कल बलरामपुर आयेंगे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** भूतपूर्व कैबिनेट स्वर्गीय हनुमंत सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने 8 अगस्त को बलरामपुर जनपद में उत्तर प्रदेश के वर्तमान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक दोपहर 1:55 पर राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा पुलिस लाइन हेलीपैड बलरामपुर पहुंचेंगे।
इसके पश्चात दोपहर 2:00 बजे पुलिस लाइन से कार द्वारा प्रस्थान कर शारदा कुंज (पुरैनिया तालाब ) पहुंचेंगे जहां प्रदेश सरकार के भूतपूर्व कैविनेट मंत्री स्वर्गीय हनुमंत सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### राशन न मिलने पर महिला ने की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा की गई धांधली का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ कि दूसरा मामला खरसतिया गांव से सामने आया है। आंगनबाड़ी में हो रहे घोटाले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर कार्यवाही की मांग की गई है। गांव निवासी रोशनी अवस्थी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर बताया कई- कई महीने राशन नहीं दिया जाता है और जब आंगनबाडी कार्यकत्री से शिकायत की जाती है तो कहा जाता है कि सरकार ने राशन बंद कर दिया है। जबकि हर महीने 1 तारीख को फोन पर राशन प्राप्त होने का मैसेज विभाग द्वारा शिकायत कर्ता के रजिस्टर्ड फोन पर भेज दिया जाता है। इसी तरह की शिकायत उक्त गांव की अन्य महिलाओं ने भी की है। खरसतिया गांव निवासी दिव्या ने बताया कि राशन, रिफाइंड और दाल में से आधा सामान नहीं दिया जाता और तीन से चार महीने में एक बार ही आधा अधूरा राशन दिया जाता है।ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत होने के बाद विभाग द्वारा उक्त मामले की जांच कर कठोर कार्यवाही की जायेगी या फिर ले देकर निपटारा हो जायेगा।

### ब्लाक प्रमुख ने की रोजगार की संभावनाओ पर चर्चा



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ग्राम पंचायत शहरी में गुरुवार को ताना-बाना समूह के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा और खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने रोजगार के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, आजीविका संवर्धन और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना था। इसमें महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने महिलाओं से स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं।खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने समूह की महिलाओं को विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान समूह की महिलाओं ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।

### बाढ़ प्रभावित सनावा गांव में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी।** बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत सनावा में गुरुवार को मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर की टीम ने इस शिविर में 61 मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित कीं।सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में बुखार, त्वचा रोग और अन्य बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की जांच की गई। स्वास्थ्य टीम ने मरीजों को निशुल्क दवाएं, क्लोरीन टैबलेट और ओआरएस के पैकेट भी उपलब्ध कराए।स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कैंप में कुल 61 मरीजों का उपचार किया गया। इनमें 19 मरीज बुखार से पीड़ित थे, 16 को त्वचा संबंधी समस्याएं थीं, जबकि 26 मरीज अन्य बीमारियों से ग्रस्त पाए गए। शिविर में 110 क्लोरीन टैबलेट और 62 ओआरएस पैकेट वितरित किए गए।इस स्वास्थ्य टीम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी के अतिरिक्त डॉ. देव प्रताप सिंह, फार्मासिस्ट अभय सिंह, फार्मासिस्ट राजन पटेल और फार्मासिस्ट आयुष्मान विश्वकर्मा शामिल थे। टीम ने ग्रामीणों को घर-घर जाकर साफ पानी पीने, नियमित रूप से हाथ धोने और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया।डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि बाढ़ के कारण बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ जाती है। इसी के मद्देनजर प्रशासन के निर्देश पर लगातार बाढ़ प्रभावित गांवों में मेडिकल कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।



### तलहटी के गांवों में बढाई गई सतर्कता

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी।** सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण प्रशासन ने तहसील क्षेत्र के नदी किनारे बसे गांवों में सतर्कता बढ़ा दी है। उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर अनिल कुमार सरोज ने गुरुवार को सनावा कोठारी गोरिया, तेलवारी और गोबराहा सहित अन्य गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया।उपजिलाधिकारी सरोज ने बताया कि सरयू नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अभी सभी गांव सुरक्षित हैं और किसी भी गांव में पानी नहीं पहुंचा है। पानी फिलहाल नदी के अंदर ही बह रहा है।एहतियात के तौर पर बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। राजस्व तथा बाढ़ विभाग की टीमें 24 घंटे निगरानी कर रही हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी किनारे न जाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ा, खतरे के निशान के करीब

**एसडीएम ने गांवों का दौरा कर सतर्क रहने की अपील की**

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



जिले में घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। गिरिजापुरी और सरयू बैराजों से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण नदी खतरे के निशान से मात्र नौ सेंटीमीटर नीचे बह रही है। संभावित बाढ़ की आशंका को देखते हुए, महसी तहसील के उप जिलाधिकारी ने गुरुवार को नदी किनारे बसे गांवों का दौरा किया और लोगों से सतर्क रहने की अपील की। तहसील के पच देवरी, पूरे प्रसाद, गोलागंज सहित सात से अधिक तटवर्ती गांवों के लोग संभावित बाढ़ को लेकर चिंतित हैं। एल्गिन ब्रिज पर घाघरा नदी का जलस्तर 105.98 मीटर दर्ज किया गया है। यह खतरे के निशान 106.07 मीटर से केवल नौ सेंटीमीटर कम है। नदी के जलस्तर और बैराजों से पानी छोड़े जाने की लगातार निगरानी की जा रही है।

उप जिलाधिकारी महसी राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को पच देवरी और पूरे प्रसाद गांव का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और बच्चों को नदी के पास न जाने देने की अपील की। अग्रवाल ने बताया कि जलस्तर बढ़ने के कारण संभावित बाढ़ से निपटने के लिए तहसील प्रशासन सभी आवश्यक इंतजाम कर रहा है। सरकारी के साथ-साथ निजी नावों की भी व्यवस्था की जा रही है, और बाढ़ केंद्रों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।

# सदस्य विधान परिषद् अनूप गुप्ता के जन्मदिवस पर जिलाध्यक्ष ने सिद्धनाथ पीठ में किया जलाभिषेक

**विद्यालय में बच्चों संग मनाया जन्मोत्सव**

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**



भाजपा के निवर्तमान प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद् अनूप गुप्ता जी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने कार्यकर्ताओं के साथ सिद्धनाथ पीठ पहुँचकर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन कर अनूप गुप्ता के सुख-समृद्धि, उन्नति तथा जनकल्याण की कामना की। सिद्धनाथ पीठ के पीठाधीश्वर पूज्य श्री रवि गिरि महाराज ने इस अवसर पर अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने प्राथमिक विद्यालय बक्शीपुरा में बच्चों के साथ केक काटकर अनूप गुप्ता का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों को चॉकलेट फ्रूटी व प्रोटीन चिप्स वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं।

कार्यक्रम में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष नितिन रुपानी, जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला, भाजपा जिला महामंत्री अखिलेश यादव 'गोले', नगर अध्यक्ष अमित शर्मा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो करोड़ से अधिक की संपत्ति की कुर्की के विरुद्ध दायर अपील न्यायालय ने की खारिज

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** गैंग लीडर निर्मल सिंह उर्फ बबलू सिंह द्वारा अपराध से अर्जित लगभग 2.03 करोड़ की जिला प्रशासन द्वारा की गई कुर्की के खिलाफ दायर अपील न्यायालय ने खारिज कर दी है। थाना सुबेहा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 62/2022 धारा 3 (1) यूपी गैंगस्टर एक्ट बनाम गैंग लीडर निर्मल सिंह उर्फ बबलू सिंह पुत्र कुंवर बहादुर सिंह निवासी बल्हवापुर, थाना हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी आदि के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।
गैंगलीडर निर्मल व गैंग सदस्यों द्वारा हरिहर सिंह पुत्र जसवर सिंह निवासी पूरे पंडित मजरे थलवारा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी की हत्या किए जाने के संबंध में थाना सुबेहा पर अभियोग पंजीकृत है। मृतक की संपत्ति को षड्यंत्रपूर्वक अपने परिजनों के नाम वरासत कराकर हड़पने, धोखाधड़ी, जालसाजी कर महिलाओं के साथ दुराचार एवं अपहरण जैसे गंभीर अपराध कारित किए गए हैं। इस बात के प्रबल साक्ष्य पाये जाने के फलस्वरूप अभियुक्त निर्मल सिंह व उसके साथियों के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया।
जिसके क्रम में निर्मल सिंह के विरुद्ध पुलिस द्वारा इसकी अपराध से अर्जित सम्पत्ति के बारे में जानकारी की गयी तो अभियुक्त द्वारा विगत वर्षों से गैंग बनाकर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहकर अवैध धनोपर्जन करते हुए मृत हरिहर सिंह की संपत्ति को अपने परिजनों के नाम दर्ज कराया गया। जिसमें ग्राम थलवारा थाना सुबेहा, जनपद बाराबंकी स्थित विभिन्न गाटा संख्याओं की कुल 1.822 हेक्टेयर भूमि, जिसकी वर्तमान बाजार दर अनुमानित लगभग कुल मूल्य 1 करोड़ 68 लाख रुपये व गाटा संख्या 555 पर स्थित अर्द्धनिर्मित मकान व पोल्ट्री फार्म, जिसकी वर्तमान बाजार दर अनुमानित लगभग 35 लाख रुपये (कुल योग लगभग 2 करोड़ 03 लाख रुपये) ज्ञात हुई।

# बाल श्रम पर प्रशासन की कार्रवाई होटल-ढाबों को नोटिस



**2027 तक यूपी को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य**

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को पयागपुर तहसील क्षेत्र के भूपगंज बाजार में बाल श्रम उन्मूलन के लिए सघन अभियान चलाया गया। जिला बाल श्रम सलाहकार विकास जायसवाल के नेतृत्व में तहसीलदार अम्बिका चौधरी, पुलिस और संबंधित विभागों की टीम ने होटल, ढाबों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और अन्य व्यावसायिक स्थलों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम कराने वाले प्रतिष्ठान संचालकों को नोटिस जारी कर बाल श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। जिला बाल श्रम सलाहकार विकास जायसवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी उद्देश्य से जिलेभर में लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।

# शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन बताया पूजन का महत्व

**शिव भक्ति ही सच्ची श्रद्धाः रविशंकर महाराज**

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



रिसिया में पंचवटी श्री सीताराम आश्रम द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का समापन हो गया। कथा के सप्तम एवं अंतिम दिवस पर परमपूज्य पीठाधीश्वर संत श्री रविशंकर महाराज 'गुरुभाई' ने श्रद्धालुओं को शिव भक्ति, सेवा, समर्पण और मानव कल्याण का संदेश दिया। कथा के उपरांत पार्थिव मंगलोत्सव भी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महाराज श्री रविशंकर ने अपने प्रवचन में कहा कि श्री शिव महापुराण केवल एक कथा नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, सत्य, करुणा, सेवा और आत्मकल्याण की दिशा देने वाला एक दिव्य ग्रंथ है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव का जीवन हमें त्याग, सरलता, क्षमा, समभाव और लोकमंगल की प्रेरणा देता है। संत श्री ने आगे कहा कि जो व्यक्ति श्रद्धा, विश्वास और निष्काम भाव से भगवान शिव की आराधना करता है, उसके जीवन के समस्त कष्ट दूर होते हैं। ऐसे व्यक्ति को आध्यात्मिक शांति और ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने यह भी बताया कि सात दिनों तक श्रवण की गई शिव महापुराण कथा का वास्तविक फल तभी मिलेगा, जब श्रद्धालु अपने जीवन में सदाचार, सेवा, संयम, सत्य, करुणा और 'नमः शिवाय' के निरंतर स्मरण को अपनाएँ। महाराज श्री ने सभी श्रद्धालुओं से समाज में प्रेम, सद्भाव और सनातन संस्कृति के मूल्यों के प्रचार-प्रसार का संकल्प लेने का आह्वान किया। कथा के समापन के बाद भगवान शिव का रुद्राभिषेक, महाआरती और पूजन किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आश्रम परिसर में 'हर-हर महादेव', 'बोल बम' और ' नमः शिवाय' के जयघोष से वातावरण शिवमय हो गया।

आश्रम परिवार ने इस आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों, प्रशासन और मीडिया बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने भगवान शिव से सभी के सुख, समृद्धि, आरोग्य और आध्यात्मिक उन्नति की मंगलकामना की।

# जिले में 939 वाहनों का हुआ चालान, पांच वाहन जब्त

**दो दिन की चेकिंग में 9.48 लाख का जुर्माना**

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



यातायात पुलिस ने बुधवार देर शाम और गुरुवार सुबह सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 939 वाहनों का चालान किया गया और उन पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही, पांच वाहनों को जब्त भी किया गया है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद के शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 9 लाख 48 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यातायात प्रभारी रामप्रकाश ने बताया कि अभियान के दौरान मुख्य रूप से दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने, गलत या अस्पष्ट नंबर प्लेट लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त, अनाधिकृत तरीके से सवारियां ढोने के लिए खड़े पांच वाहनों को भी जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इन नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोका जा सकता है।

# अंतर्जनपदीय चार चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का माल बरामद

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**




थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा 04 अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों/चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से 03 अदद 2000 के नोट (सफेद धातु), 07 अदद मोबाइल फोन, 03 अदद सब्बल, 01 अदद बड़ा जैक, 01 अदद छोटा जैक, 01 अदद आरी मय ब्लेड, 01 अदद बैटरी, 04 लीटर पिपरमिंट का तेल, 01 अदद अवैध तमंचा .12 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस, 1,773 रू0/- (01 व 02 रुपये के सिक्के), 6000 रु0/- नगद व घटना में प्रयुक्त फैबिया स्कोडा कार बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण व चोरी/लूट आदि घटनाओं की रोकथाम व अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में आज दिनांक 06.08.2026 को थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा 04 अभियुक्तो/चोरों 01. राहुल उर्फ बिरजू रावत पुत्र रामहरख 02. रोहित उर्फ करिया उर्फ नान्हू पुत्र रामराज, 03. अवनीश वर्मा उर्फ लकी पुत्र रामनिवासी, 04. अभिषेक यादव पुत्र प्रेम कुमार यादव निवासीगण ग्राम पहलीपार थाना मसौली जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राहुल उर्फ बिरजू रावत पुत्र रामहरख उपरोक्त के पास से 01 अदद अवैध तमंचा .12 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस की बरामदगी के आधार पर थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0 205/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ एवं जांच में गिरफ्तार चोरों द्वारा स्वीकार किया गया की वे कार से घूम-घूमकर रेकी करते थे तथा रात्रि में दुकानों के ताले और शटर काटने के लिए सब्बल और आरी का प्रयोग करते थे तथा शटर न उठने पर जैक लगाकर दुकान में घुसते थे। चोरी के सामान को बेचकर पैसों को आपस में बराबर बांट लेते थे।

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर नवजातों को उपहार, कार्यशाला आयोजित

**इनरव्हील क्लब ने गर्भवती महिलाओं को दी किट**

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



जिले में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में महाराजा सुहेल देव स्वायत्तशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में गुरुवार दोपहर स्तनपान जागरूकता एवं नवजात शिशु देखभाल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वहीं इनरव्हील क्लब ने गर्भवती महिलाओं को किट वितरित की और नवजातों को उपहार दिए। कार्यशाला में विशेषज्ञ चिकित्सकों और सामुदायिक चिकित्सा विभाग की टीम ने माताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसमें जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करने, शिशु को पहले छह माह तक केवल मां का दूध पिलाने और छह माह के बाद उपयुक्त पूरक आहार के साथ दो वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष ममता गुप्ता के नेतृत्व में क्लब के सदस्यों ने विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) व जिले की स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रज्ञा त्रिपाठी के निजी अस्पताल का दौरा किया। वहां उन्होंने गर्भवती महिलाओं को स्तनपान का महत्व समझाया और उन्हें फल, दवाएं व खिलौने वितरित किए। एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी ने बच्चों को कुपोषण और कमजोरी से बचाने के साथ-साथ माताओं के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान की अनिवार्यता पर जोर दिया।

# उत्साह व जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा 'हर घर तिरंगा अभियान-2026': डीएम

**राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखने की अपील**

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**



उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में 09 अगस्त से 17 अगस्त, 2026 तक 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' का आयोजन व्यापक जनभागीदारी के साथ किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपने घर, प्रतिष्ठान एवं कार्यस्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना से जोड़ना है। इस वर्ष अभियान 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष को समर्पित रहेगा। जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय ध्वज संहिता का पूर्ण अनुपालन करते हुए 09 से 17 अगस्त तक अपने निजी आवासों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराएं तथा अभियान को जन-जन का उत्सव बनाएं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान भौतिक एवं डिजिटल दोनों माध्यमों से सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। नागरिक तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर एवं 'वंदे मातरम' का गायन करते हुए उसे हर घर तिरंगा पोर्टल (www.harghartiranga.com) पर अपलोड कर अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों, नगर निकायों, स्थानीय निकायों, शिक्षण संस्थानों एवं अन्य संबंधित विभागों को शासन की मंशा के अनुरूप अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जनपद में तिरंगा रैली, तिरंगा कॉन्सर्ट, स्वतंत्रता दिवस समारोह, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा-थीम आधारित प्रकाश सज्जा, रंगोली, चित्रकला एवं अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे प्रत्येक नागरिक इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ सके।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SAJJAN KHAN S/O LADDAN KHAN था। जो कि दिनांक 25/07/2026 को मैंने अपना नाम बदलकर SAJJAN S/O LADDAN KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

**निवासी मोहल्ला बशीरगंज, निकट कल्लू आरा मशीन थाना कोतवाली नगर, बहराइच, यूपी।**

# घुमंतू समाज को मिलेगा विकास का अवसर : योगी

- घुमंतू विकास बोर्ड की घोषणा पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन
- दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेगी, मिलेगा सम्मान : सीएम

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब घुमंतू समाज को दर दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। डबल इंजन की सरकार उन्हें सम्मानजनक जीवन का अधिकार दिलाने, शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना से जोड़ने और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। घुमंतू विकास बोर्ड केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि वर्षों से उपेक्षित विमुक्त एवं घुमंतू समाज को न्याय, सम्मान और अवसर दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

प्रदेश कैबिनेट द्वारा घुमंतू विकास बोर्ड गठन के निर्णय के उपरांत गुरुवार को समाज की ओर से आयोजित आभार एवं अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का जो मंत्र देश को दिया था, उसी संकल्प का विस्तार आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

बिना जाति, क्षेत्र, भाषा अथवा किसी प्रकार के भेदभाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की इसी सोच की नई कड़ी घुमंतू विकास बोर्ड है।

### बोर्ड के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष घुमंतू समाज के सम्मेलन में उनके समक्ष बोर्ड गठन की मांग रखी गई थी और उन्होंने उसी समय इसकी घोषणा की थी। अब बोर्ड के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इसका गठन शीघ्र पूरा किया जाएगा तथा इसकी संरचना ऐसी होगी जिसमें विभिन्न घुमंतू एवं विमुक्त जातियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो, ताकि उनकी आवाज सीधे सरकार तक पहुंचे और उनके विकास की योजनाएं अधिक प्रभावी ढंग से संचालित की जा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों ने 1871 के क्रिमिनल ट्राइब एक्ट के माध्यम से उन वीर समुदायों को अपराधी घोषित कर दिया था, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई थी। 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के बाद अंग्रेजों ने सुनियोजित षड्यंत्र के तहत इन जातियों पर कलंक लगाया ताकि उनका सामाजिक सम्मान समाप्त हो जाए। स्वतंत्र भारत में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने इस अन्याय को समाप्त करते हुए इन समुदायों को विमुक्त जाति का सम्मान दिलाया, किंतु उनके समुचित विकास के लिए अपेक्षित प्रयास लंबे समय तक नहीं किए गए। पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इनके लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोग का गठन हुआ और उसी भावना के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार ने घुमंतू विकास बोर्ड के गठन का निर्णय लिया है।

# पीपीपी मॉडल पर बनेंगे 18 आधुनिक बस स्टेशन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के परिवहन ढांचे को आधुनिक और व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) ने पीपीपी मॉडल के तहत फेज-2 में प्रदेश के 18 आधुनिक प्रीमियम बस स्टेशनों एवं वाणिज्यिक परिसरों के विकास के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। इसके जरिए निवेशकों को परिवहन अवसंरचना के साथ-साथ रिटेल, होटल, फूड कोर्ट, ऑफिस स्पेस, मल्टीप्लेक्स और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में निवेश का अवसर मिलेगा।

यूपीएसआरटीसी के मुताबिक इन परियोजनाओं में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की संभावनाएं हैं। प्रस्तावित बस स्टेशन आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होने के साथ शहरों के प्रमुख एवं व्यावसायिक स्थानों पर विकसित किए जाने की योजना है। इससे बस यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ संबंधित शहरों में आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है।

- यूपीएसआरटीसी ने मांगी निविदाएं

योजना की प्रमुख विशेषताओं में 90 वर्ष तक की कंसेशन अवधि शामिल है। निवेशकों के लिए दीर्घकालिक एवं स्थिर व्यावसायिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परियोजनाओं में रिटेल, होटल, फूड कोर्ट, ऑफिस स्पेस और मल्टीप्लेक्स जैसी गतिविधियों के लिए वाणिज्यिक क्षेत्र (कॉमर्शियल स्पेस) विकसित किए जाएंगे। इससे बस स्टेशन केवल आवागमन के केंद्र न रहकर आधुनिक ट्रांजिट-कमर्शियल हब के रूप में विकसित हो सकेंगे।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2026 को दोपहर 2 बजे तक निर्धारित की गई है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी यूपीएसआरटीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जबकि टेंडर दस्तावेज उत्तर प्रदेश ई-टेंडर पोर्टल (http://etender.up.nic.in/) पर देखे जा सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम प्रधानों सहित कई लोगों ने थामा रालोद का दामन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी के समक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय की उपस्थिति में जनपद हमीरपुर के अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर के प्रयासों से जनपद हमीरपुर के रज़ा मोहम्मद, एजाज अहमद (ग्राम प्रधान, हिमौली) तथा उमाशंकर प्रजापति (ग्राम प्रधान, पारा), अशरफ अली, ओमप्रकाश यादव सहित दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व और उनकी नीतियों में विश्वास व्यक्त करते हुए रालोद की सदस्यता ली। राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने सभी नवागत सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की जनहितकारी नीतियों और संगठन की निरंतर सक्रियता के कारण प्रदेशभर में पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने विश्वास व्यक्त किया कि नवागत सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करेंगे तथा जनपद हमीरपुर में पार्टी के विस्तार को नई गति देंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय लोकदल, उत्तर प्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने दी।

### इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग, जलकर हुई राख

**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में गुरुवार सुबह एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। घर के बाहर खड़ी स्कूटी की बैटरी फटने से कई धमाके हुए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना सुबह करीब छह बजे लालपुर निवासी पंकज वर्मा के घर के बाहर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सबसे पहले स्कूटी से धुआं निकलता दिखाई दिया। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। बैटरी फटने के कारण लगातार धमाकों की आवाज सुनाई दी, जिससे आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के बाद स्थिति सामान्य हुई। आग लगने के दौरान स्कूटी की बैटरी में एक के बाद एक कई तेज धमाके हुए। धमाकों की आवाज सुनकर ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए। पंकज वर्मा और ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। राहत की बात यह रही कि घटना के समय स्कूटी खुले स्थान पर खड़ी थी, जिससे किसी बड़े हादसे को टाला जा सका। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### बी.डी. चौधरी को मिली पीएचडी

**लखनऊ।** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय बाराबंकी के प्राकृतिक विज्ञान एवं मानविकी संस्थान मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के समाजशास्त्र विभाग के शोधार्थी बीडी चौधरी ने अपनी पीएचडी शोध प्रबंध रक्षा एवं मौखिक परीक्षा सफ्लतापूर्वक उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। शोध डॉ. श्वेता शुक्लानएसोसिएट प्रोफेसर के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### तिरंगा यात्रा को लेकर तैयारी बैठक सम्पन्न



**लखनऊ।** उत्तर मंडल पांच में मासिक बैठक और तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर मंडल प्रभारी यू.एन. पाण्डेय, मंडल महामंत्री सीके वर्मा, पार्षद राघवराम तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार मौर्य उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी ओपी तिवारी ने बताया कि मंडल अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा यात्रा भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए निकाली जाती है। यह तिरंगा यात्रा एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का संदेश देता है। सभी अपने घरों में तिरंगा फहरायें और इस यात्रा को यादगार बनायें। मंडल प्रभारी ने अपने विचार व्यक्त किये। मंडल उपाध्यक्ष विशाल रावत ने बैठक का संचालन किया। मंडल महामंत्री सीके वर्मा ने बैठक का समापन किया। इस मौके पर मंडल पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र संयोजक, मोर्चा अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### ऊर्जा मंत्री ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा

# लापरवाह अधिकारियों को हटाने के निर्देश

- जनता को समय पर बिजली उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकत

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति, जले हुए ट्रांसफार्मरों के समयबद्ध प्रतिस्थापन, कांवड़ यात्रा के दौरान विद्युत सुरक्षा तथा विद्युत व्यवस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ए.के. शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता को समय पर बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने देवरिया, गाजीपुर, श्रावस्ती, बहराइच, फतेहपुर सहित विभिन्न जनपदों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं जले हुए ट्रांसफार्मरों को समय से न बदले जाने के मामलों पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिशासी अभियंताओं से जवाब-तलब करते हुए कहा कि जनता को अनावश्यक रूप से परेशान करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही हर हाल में तय की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिए कि पूर्वांचल क्षेत्र में शिकायतों के निस्तारण की गति को तत्काल प्रभाव से तेज किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं गंभीरता से नहीं कर रहे हैं, उन्हें तत्काल हटाने की कार्रवाई की जाए, क्योंकि जनता के हितों से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा।

कांवड़ यात्रा को देखते हुए ऊर्जा मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों पर विद्युत सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। ढीले तार, झुके हुए बिजली के खंभे, खुले विद्युत उपकरण अथवा किसी भी संभावित खतरे को तत्काल दूर किया जाए तथा यात्रा मार्गों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना का सामना न करना पड़े।



### सीएम योगी ने विधायक उमाशंकर सिंह को दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार, 6 अगस्त 2026 को गोमती नगर, लखनऊ में बलिया के रसड़ा विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधायक उमाशंकर सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत विधायक के अंतिम दर्शन कर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उमाशंकर सिंह का जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अपने क्षेत्र के लोगों के हितों के लिए लगातार कार्य किया। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

# स्मार्ट क्लास व आईसीटी लैब से बदलेगी शिक्षा की तस्वीर : संदीप

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और डिजिटल शिक्षण संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत अब प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे, जो शिक्षकों को तकनीक आधारित शिक्षण का व्यावहारिक प्रशिक्षण देंगे। इसका उद्देश्य विद्यालयों में उपलब्ध डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित कर कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, सहभागितापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण बनाना है।

इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने सभी जिलों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार प्रत्येक विकासखंड से एक शिक्षक को संदर्भदाता (मास्टर ट्रेनर) के रूप में नामित किया गया। इन संदर्भदाताओं का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण का प्रशिक्षण 27 से 29 जुलाई तथा द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 4 से 6 अगस्त तक संपन्न हुआ। अब यही प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अपने-अपने विकासखंडों में शिक्षकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण देंगे। प्रत्येक प्रशिक्षण बैच में अधिकतम 50 प्रतिभागी शामिल होंगे तथा प्रशिक्षण निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, इंटरैक्टिव डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, ई-कंटेंट तथा अन्य डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।



### हर शिक्षक को डिजिटल शिक्षण में दक्ष बनाना है लक्ष्य

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह का कहना है कि योगी सरकार का लक्ष्य केवल विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित करना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक शिक्षक को डिजिटल शिक्षण में दक्ष बनाना है। प्रत्येक शिक्षक को डिजिटल शिक्षण में दक्ष बनाते हुए कक्षा शिक्षण में डिजिटल संसाधनों का अधिकतम प्रयोग कराया जाना है। जब शिक्षक तकनीक का प्रभावी उपयोग करेंगे, तभी विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण, रोचक और सहभागितापूर्ण शिक्षा पहुंचेगी। यह प्रशिक्षण अभियान राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप डिजिटल शिक्षा को विद्यालयों की नियमित शिक्षण प्रक्रिया का मजबूत आधार बनाएगा।

# तीन नए निजी विश्वविद्यालयों के संचालन को हरी झंडी

- उच्च शिक्षा मंत्री ने दिया अनुज्ञा पत्र

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश सरकार राज्य को उच्च शिक्षा और अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर प्रदेश में स्थापित होने जा रहे तीन नए निजी विश्वविद्यालयों के प्रबंधन को संचालन प्राधिकार पत्र (अनुज्ञा पत्र) प्रदान किया। योगी सरकार की इस पहल से गाजियाबाद, कानपुर और फतेहपुर जनपदों में उच्च, तकनीकी एवं कृषि शिक्षा का विस्तार होगा तथा युवाओं को अपने ही क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त होंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने जनपद गाजियाबाद में अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय के संचालन हेतु इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग सोसाइटी, गाजियाबाद के सचिव/चेयरमैन को, कानपुर नगर के बिल्हौर में महर्षि महेश योगी इंटरनेशनल एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय के संचालन हेतु स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती चैरिटेबल ट्रस्ट, दिल्ली के सचिव को तथा फतेहपुर में ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय के संचालन हेतु एंग्लो संस्कृत कॉलेज, फतेहपुर के अध्यक्ष को आधिकारिक संचालन प्राधिकार पत्र सौंपा।

उच्च शिक्षा मंत्री ने प्राधिकार पत्र सौंपते हुए संबंधित संस्थाओं से अपेक्षा की कि वे शासन द्वारा निर्धारित मानकों, नियमों एवं शर्तों का अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार प्रदेश में निजी निवेश को प्रोत्साहित कर उच्च शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ कर रही है, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण संसाधनों और उत्कृष्ट वातावरण का लाभ मिल सके।

### अलीगंज अग्निकांड में सुप्रीम कोर्ट सख्त, एलडीए वीसी तलब

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के अलीगंज अग्निकांड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया है। 15 लोगों की मौत से जुड़े इस मामले में शीर्ष अदालत ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष (वीसी) को तलब करते हुए व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एलडीए वीसी को फटकार लगाते हुए कहा कि मामले की एसआईटी जांच रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत के समक्ष प्रस्तुत की जाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारी को स्वयं उपस्थित होकर जवाब देना होगा।

# उमाशंकर के निधन पर मायावती हुईं भावुक

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रसड़ा विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार के विधायक व बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के वरिष्ठ नेता उमाशंकर सिंह का बुधवार शाम दिल्ली में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए गुरुवार को लखनऊ के गोमतीनगर स्थित आवास पर रखा गया। पार्टी प्रमुख मायावती ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बहुत भावुक दिखीं। मायावती के अलावा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना समेत तमाम राजनेता श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे।

इस दौरान मायावती ने कहा कि उमाशंकर सिंह जबसे बसपा से जुड़े, उन्होंने पूरी ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने कभी पार्टी को धोखा नहीं दिया। बसपा में रहते हुए अपने क्षेत्र की जनता का ध्यान रखा। लंबी बीमारी के कारण उनका निधन हुआ, यह समाचार सुनकर काफी आहत हूं। इस दुख की घड़ी में मैं उनके परिवार और रिश्तेदार के साथ हूं। मेरा उमाशंकर सिंह के परिवार से यही कहना है कि आपने बसपा के लिए ईमानदारी का परिचय दिया। मायावती ने कहा कि क्व्उमाशंकर सिंह बिजनैसमैन थे। अक्सर आप लोगों ने देखा होगा कि बिजनैसमैन जब सत्ता परिवर्तन होता है तो पार्टियां बदल लेते हैं। लेकिन उन्होंने पार्टी को धोखा नहीं दिया। वो मुझे सगी बहन की तरह मानते थे। इस महीने में रक्षाबंधन भी है। रक्षाबंधन के त्योहार पर चाहे मैं लखनऊ रही या दिल्ली लेकिन उन्होंने मुझसे हमेशा राखी बंधवाई। बसपा प्रमुख ने कहा कि क्व्उनका एक बेटा है, मैं यह आश्वासन देना चाहती हूं यदि परिवार चाहे तो उनके बेटे को राजनीति में बढ़वा देना चाहूंगी।

# भाजपा में हुआ हर निर्माण चलता कम है : अखिलेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नवनिर्मित लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस की बदहाली और मरम्मत के तरीकों को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला है।

सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि 2-3 हफ्ते में ही जिस एक्सप्रेस वे का दम उखड़ने लगा है, उस पर चलने का जोखिम कौन उठाएगा? अखिलेश ने मरम्मत को सुखाने के लिए श्पंखेश् के इस्तेमाल किए जाने को हास्यास्पद बताया और तंज कसते हुए कहा कि ये है भाजपाई तरक्की की नई हवा कुछ दिनों पहले ही जिसका उद्घाटन हुआ हो, उस सड़क को मरम्मत की जरूरत पड़ गई। अखिलेश ने आगे कहा कि सवाल ये भी है कि अटल प्रोग्रेस व योजना में ही रहेगा या कभी बनेगा भी या कागजों में बनकर उसका हिस्सा-बांट हो चुका है। भाजपा राज में हुआ हर निर्माण चलता कम है, धंसता, ढहता, गिरता ज्यादा है। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे को बनाने में कुल 4700 करोड़ रुपये खर्च हुए और इसकी मरम्मत के लिए पंखा का इस्तेमाल किया गया है। एक्सप्रेस-वे का हाल ही में इसका उद्घाटन हुआ था। एक्सप्रेस-वे दो सबसे बड़े शहरों, लखनऊ और कानपुर को आपस में जोड़ती है। लखनऊ और कानपुर के बीच की दूरी 63 किलोमीटर है। पहले इस सफर को तय करने में 2 से 3 घंटे का समय लगता था, लेकिन अब एक्सप्रेस-वे की मदद से यह दूरी मात्र 35 से 45 मिनट में पूरी हो जाती है। इस एक्सप्रेसवे पर कारों के लिए अधिकतम स्पीड 120 किमी प्रति घंटा और भारी वाहनों जैसे बस या ट्रक के लिए 80 से 100 किमी प्रति घण्टा तय की गई है। 63 किलोमीटर के सफर में 13 से 18 किमी का हिस्सा एलिवेटेड है।

**तैयारी**

### राष्ट्रभक्ति के गीतों पर झूमेगा प्रदेश

# तिरंगा संगीत समारोह में राष्ट्र नायकों को मिलेगा सम्मान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



राष्ट्र नायकों को सम्मान देने के साथ ही भावी पीढ़ी में देशभक्ति का संचार करने के लिए डबल इंजन सरकार 'हर घर तिरंगा' अभियान का आयोजन कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के पांच करोड़ घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। इसके साथ ही देशभक्ति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम भी होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी आयोजनों को जनभागीदारी के साथ मनाने का निर्देश दिया है। इस श्रृंखला में राजधानी लखनऊ समेत सभी 75 जनपदों में 'तिरंगा संगीत समारोह' (तिरंगा कॉन्सर्ट) का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रभक्ति के गीतों-नृत्यों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत भव्य तिरंगा महोत्सव भी होगा। इसके अंतर्गत तिरंगा मेला व भव्य तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट भी आयोजित किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ ही जनसहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। तिरंगा कॉन्सर्ट में नामचीन कलाकारों के साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहेंगी।

तिरंगा कॉन्सर्ट का आयोजन राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी 75 जनपदों में होगा। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम व विभिन्न युद्धों में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। समारोह में संपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति पर आधारित होगा। कॉन्सर्ट में तिरंगा गान, देशभक्ति गीत-संगीत व वंदे मातरम का सामूहिक गान होगा। इसमें विभिन्न स्कूलों, पुलिस बल व आर्मी बैंड द्वारा देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### लखनऊ में इन स्थानों पर प्रस्तावित है कॉन्सर्ट

राजधानी लखनऊ में भी विभिन्न स्थानों पर तिरंगा कॉन्सर्ट प्रस्तावित किया गया है। संस्कृति विभाग के मुताबिक 1090 चौराहा, हजरतगंज, घंटाघर चौक, जनेश्वर मिश्र पार्क, एमरॉल्ड मॉल, लुलु मॉल समेत कई अन्य स्थानों पर तिरंगा संगीत समारोह प्रस्तावित है।

### सिनेमाघरों में भी होगा राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान

मुख्यमंत्री योगी ने विगत दिनों बैठक में निर्देश दिया था कि 14 व 15 अगस्त को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का अनिवार्य रूप से प्रसारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 'हर घर तिरंगा' का उद्देश्य बताते हुए कहा कि भावी पीढ़ी को राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना, प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध उत्पन्न करना है। जनपद, ब्लॉक, तहसील, ग्राम पंचायतों में भी ये आयोजन किए जाएं। इसमें जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापार मंडलों, सामाजिक संगठनों, परिवहन क्षेत्र, आरडब्ल्यूए, सरकारी सेवकों, शिक्षण संस्थानों, एनसीसी व एनएसएस आदि की भी सहभागिता रहे।

# करंट प्रवाहित तारबाड़ की चपेट में आने से किसान की मौत, जांच शुरू

**समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।**



खुटार थाना क्षेत्र के गांव नरौठा देवीदास में गुरुवार को करंट प्रवाहित कथित तारबाड़ की चपेट में आने से 50 वर्षीय किसान शमशुल की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह अपने खेत की ओर गए थे, तभी करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार खेतों को बेसहारा गोवंश से बचाने के लिए, कथित रूप से करंट प्रवाहित तारबाड़ लगाई गई थी। आरोप है कि खुशप्रीत सिंह के खेत में लगी इस तारबाड़ की चपेट में पड़ोसी किसान शमशुल आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसे के बाद संबंधित पक्ष द्वारा मौके से करंट प्रवाहित तार हटाने का प्रयास किया गया। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार घटना के बाद कुछ लोगों ने मामले को आपसी समझौते के जरिए दबाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले में सभी तथ्यों की जांच की जा रही है।

## कलाई की नस काटने से लहूलुहान युवक सीएचसी से रेफर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** युवक द्वारा हाथ कलाई की नस काटने से रक्त न रुकने से चिंतित परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बुधवार को अपरान्ह साढ़े तीन बजे मदना पुर थाना क्षेत्र के गांव बरी खास निवासी मृदुल पुत्र अरविंद पांडेय 22 को लहूलुहान हालत में लेकर सीएचसी पहुंचे। मृदुल के हाथ की कलाई की काफी गहरी नस कटी होने के कारण खून का बहाव न रुकने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर फिर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मृदुल ने अपने हाथ की नस क्यों काटी इसकी कोई वजह का परिजन खुलासा नहीं कर सके।

# युवक को पीटकर रुपए और मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

▸ तमंचा व 3300 रुपए भी बरामद

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



प्लॉट पर गए युवक की पिटाई कर लहू लुहान कर नगदी व मोबाइल लूटने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि अन्य दो आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। बता दें कि नगर के अंबेडकर गौटिया मौजमपुर निवासी अर्जुन सिंह पुत्र संतोष यादव ने बीती तीन अगस्त तीन जुलाई की शाम करीब साढ़े छह बजे प्लाट से रंजिशन पकड़कर दूर ले जाकर तमंचे की बट से पिटाई कर पांच हजार रुपए व मोबाइल लूटने तथा जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाते हुए मोहल्ले के ही अभिषेक व अनमोल पुत्र गण स्व सत्यभान तथा मोहल्ला बारह पत्थर निवासी मनोज व प्रदीप पुत्रगण रक्षपाल रस्तोगी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी क्रम में पुलिस ने आरोपी अभिषेक व प्रदीप को गैंसरा रोड स्थित ब्रह्मदेव देवस्थान के पास से 315 बोर तमंचा व लूट के पांच हजार में से तैंतीस सौ रुपए समेत गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में कोतवाल प्रिंस शर्मा, एसआई रमेश कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबिल संजीव कुमार, कांस्टेबिल अनिल कुमार व रिक्रूट कांस्टेबिल ललित कुमार शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गम्भीर घायल

**तिलहर - शाहजहांपुर।** कार ने स्कूटी सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी तिलहर लेकर आए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम हरमोका निवासी समर प्रताप (17) पुत्र अजीत स्कूटी से अपने घर जा रहा था। तभी चमरोरा-बंथरा रेलवे फाटक के पास पीछे से आ रही कार ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन और उसे सीएचसी तिलहर लेकर आए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### नुरूल हुदा के बच्चों ने लगाई विज्ञान और कला प्रदर्शनी

**शाहजहांपुर।** विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन मदरसा नुरू हुदा में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एसोसिएट प्रोफेसर और साइंस एक्टिविस्ट डॉ. इरफान ह्यूमन ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये प्रदर्शों का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि विज्ञान शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह केवल वैज्ञानिक तथ्यों और सिद्धांतों का ज्ञान ही नहीं देती, बल्कि बच्चों में तार्किक सोच, जिज्ञासा, रचनात्मकता तथा समस्या-समाधान की क्षमता का भी विकास करती है। विज्ञान के माध्यम से बच्चे अपने आसपास की प्राकृतिक एवं सामाजिक घटनाओं को समझना सीखते हैं और उनके पीछे छिपे कारणों की खोज करते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान शिक्षा बच्चों में प्रश्न पूछने और प्रयोग करने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करती है। इससे उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है, जो अंधविश्वासों और भ्रांतियों से दूर रहकर तथ्यों एवं प्रमाणों के आधार पर निर्णय लेने में सहायता करता है। विज्ञान और कला प्रदेर्शनी में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा तकनीकी नवाचारों के वैज्ञानिक मॉडल और पोस्टर बना कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य इकबाल उर्फ फूल मियां ने किया।

### गौतम हत्याकांड: परिवार को मिलने लगा सरकारी लाभ

**कांट, शाहजहांपुर।** गौतम मौर्य हत्याकांड के बाद प्रशासन ने पीड़ित परिवार को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। परिवार का अंत्योदय राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बना दिया गया है। आवास के लिए 200 गज भूमि का राजस्व टीम द्वारा सीमांकन भी करा दिया गया है, जबकि नगर पंचायत की ओर से आवास स्वीकृत कर दिया गया है।उधर, संबंधित मकान के विरुद्ध बिजली विभाग ने भी कार्रवाई की है। नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद बिजली कनेक्शन विच्छेदित कर मीटर उखाड़ लिया गया। बकाया राशि की वसूली के लिए प्रकरण राजस्व विभाग को सौंप दिया गया है।एसडीओ विद्युत आदित्य यादव अभायन ने बताया कि नियमानुसार नोटिस के बाद कनेक्शन काटकर मीटर हटाया गया है तथा बकाया वसूली की कार्रवाई राजस्व विभाग के माध्यम से की जाएगी।

### साइकिल सवार स्कूली छात्रा को बाइक ने मारी टक्कर, दोनों गंभीर

**तिलहर- शाहजहांपुर।** हाईवे पर साइकिल सवार स्कूली छात्रा को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मुताबिक गुरुवार सुबह करीब आठ बजे ग्राम कुआंडॉडा निवासी पूनम पुत्री सत्यपाल 15 जो बारहवीं की एलबीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा है । गांव से साइकिल से स्कूल जा रही थी । इसी दौरान भक्शी तिराहे के पास एक कट के सड़क पार करने की जुगत में खड़ी थी । इसी दौरान बाइक सवार जसबबर पुत्र अनवर 34 निवासी ग्राम नरपत नगर, थाना स्वार, जनपद रामपुर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए मेडिकल कॉलेज में अलग कक्ष, सीएमओ ने दिया जल्द कार्रवाई का भरोसा

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



सीनियर सिटिजन सोसायटी के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा से मुलाकात कर वरिष्ठ नागरिकों एवं आमजन से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक एवं महानगर अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने किया। ज्ञापन में चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के शीघ्र निस्तारण, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति, राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार, अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग कक्ष आवंटित कर दिया गया है तथा उनकी सुविधा के लिए अलग काउंटर भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिलों को दस दिन के भीतर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि जनपद के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए शासन को लगातार प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। वहीं, बिना पंजीकरण संचालित निजी अस्पतालों के खिलाफ नियमित जांच कर कार्रवाई की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपचार, बेसहारा बुजुर्गों का सर्वे कर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा नगर क्षेत्र में मोबाइल चिकित्सा सेवा शुरू करने की भी मांग की। इस दौरान जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश चंद्र शुक्ला, रामेंद्र मिश्रा, महेश चंद्र वर्मा, मुश्फिक खान, सर्वेश मिश्रा, जगत नारायण अवस्थी, ऋषिकांत त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# सर्राफा व्यापारी के घर में किराएदार ने की लाखों के जेवर व बाइक की चोरी

**बंडा, शाहजहांपुर।** थाना बंडा क्षेत्र के पुवायाँ रोड निवासी सर्राफा व्यापारी सौरभ कुमार ने बताया कि उसके मकान से एक किराएदार सोने-चाँदी के आभूषण और मोटरसाइकिल चोरी करके फरार हो गया। उसने बंडा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित सौरभ कुमार बंडा में सर्राफा का कारोबार करते हैं। उनके मकान में विगत तीन महीनों से पंजाब निवासी गुरपिन्दर सिंह निवासी भोगपुर मुमन्दपुर, लुधियाना, जालंधर अपनी पत्नी लखवीर कौर और 10 वर्षीय बेटी के साथ किराए पर रह रहा था। पीड़ित के अनुसार, बीते 4 अगस्त 2026 को वह अपनी दुकान बंद कर सामान से भरा थैला मकान के स्टोर रूम में रखकर ताला लगाकर अपने शाहजहाँपुर स्थित दूसरे मकान पर चला गया था, अगले दिन 5 अगस्त को जब वे वापस लौटा तो स्टोर रूम से जेवरों वाला थैला और उनकी एच एफ डीलक्स मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर UP27 एएस 6033) गायब थी। साथ ही किराएदार गुरपिन्दर सिंह भी अपने परिवार समेत मौके से गायब था। चोरी गए सामान में एक सोने की चैन, कुंडल, सोने की नथ तथा लगभग 4 किलो चाँदी के आभूषण पायल, बिछिया, कड़े, हथफूल आदि शामिल हैं। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद से आरोपी किराएदार का मोबाइल नंबर बंद आ रहा है और काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि सराफा व्यापारी की तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है और आरोपी किराएदार की तलाश की जा रही है।

# परौर मंडल में मासिक बैठक संपन्न, हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा की बनी रणनीति

**समृद्धि न्यूज, परौर, शाहजहांपुर।**




भारतीय जनता पार्टी मंडल परौर की मासिक बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान तथा आगामी तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

साथ ही संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी सतेन्द्र गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा को जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाए।

उन्होंने संगठन की योजनाओं को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल परौर के सभी मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी तथा विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया।

# नाबालिग किशोरी को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नाबालिक किशोरी की अश्लील विडियो बनाकर ब्लैकमेल कर चार माह तक दुष्कर्म करने से आहत किशोरी द्वारा फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त करने के प्रयास मामले की पीड़ित पिता ने एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी कक्षा 10 की छात्रा है। आरोप है कि करीब चार माह पूर्व बेटी घर में बने कच्चे गुसलखाने में नहा रही थी। इसी दौरान गांव ढका उधरनपुर निवासी अजय सिंह पुत्र ओमवीर सिंह ने चुपके से नहाते हुए अश्लील वीडियो बना ली। उसके बाद उसने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर बेटी को ब्लैकमेल कर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करता रहा। और उसे उक्त बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता रहा। आरोपी अजय सिंह के इस कृत्य शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न और प्रताडना से तंग आकर उसकी बेटी ने बीती 27 जुलाई की सुबह करीब छह बजे अपने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कमरे में अचानक उसकी पत्नी पहुंच गयी। और शोर मचाया घर व आसपास के लोगो की मदद से बेटी को फंदे से नीचे उतार कर जिला अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने गम्भीर स्थिति देखते हुए जवाब दे दिया। तब उसे बरेली के एक निजी हस्पिटल बरेली ले गया। जहां से उसका इलाज के बाद दो अगस्त को अस्पताल से बेटी की छुट्टी की गई। घर आने पर सहमी हुई बेटी ने रोते हुए आपबीती सुनाई। पुलिस ने घटना की विभिन्न धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। वहीं पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है।

## एफआईआर दर्ज होने के बाद भी अतिक्रमणकारियों ने नहीं हटाया अवैध कब्जा

**शाहजहांपुर।** सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और उनके भाइयों सहित 22 लोगों के विरुद्ध बीते 21 जुलाई को कांट कोतवाली में विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी लेकिन पुलिस द्वारा चार्ज शीट दाखिल करने के बाद भी नगर पंचायत व प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्यवाही आज तक नही हो सकी। कांट नगर पंचायत के लिपिक नितिन शर्मा ने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रईस खां, उनके भाइयों शहजाद खां, शकील, रिजवान खां, रजी अहमद खां, शफी अहमद खां, मंसूर खां तथा कांट निवासी जुग्गन, इशाक अली, शाकिर अली, सबीदराज खां, कवि दराज खां, पप्पू , इकरार खां, इस्लाम खां, मुमताज अहमद खां, फूलबानो, इब्ने, इन्ने, बदिता वर्मा, ललित और सुल्तान खां के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उक्त लोगो ने अभायन मोड़ के पास स्थित नगर पंचायत की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर दुकानें बना ली गईं थीं। राजस्व विभाग द्वारा जमीन की पैमाइश की गई तो कब्जा अवैध पाया गया था। लेकिन कोई ठोस कार्यवाही न होने से कुछ अतिक्रमणकारियों के हौसले फिर से बुलन्द हो गए और उन्हीने फिर से अवैध अतिक्रमण करना शुरू कर दिया था।जबकि मुकदमा दर्ज हुए लगभग 11 माह हो चुके है। पुलिस जांच रिपोर्ट में आरोपियों के विरुद्ध कोर्ट में चार्जसीट भी दाखिल की जा चुकी है।नगर पंचायतअधिशासी अधिकारी नूर जहाँ द्वारा अब अवैध रूप से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और उनके भाइयों सहित 22 लोगों को नोटिस जारी कर दस दिन में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। अगर यह लोग निर्धारित समय मे अतिक्रमण नही हटाते है तो फिर ग्यारवे दिन नगर पंचायत की टीम द्वारा अतिक्रमण हटा दिया जाएगा।

# हाईकोर्ट ने फिलहाल जैद सुहेल के मकान ध्वस्तीकरण पर लगाई रोक

▸ पालिका ने 25 जून को दिया था अवैध अतिक्रमण हटाने का नोटिस

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**

तीन माह पूर्व एसडीएम , ईओ व सीओ के संयुक्त हस्ताक्षरों से डीएम को प्रेषित रिपोर्ट के चलते जून मासान्त में पालिका प्रशासन की ओर से अवैध अतिक्रमण के ध्वस्तीकरण की बाबत सुहेल अख्तर को भेजे गए नोटिस को लेकर हाई कोर्ट की शरण में पहुंचे जैद सुहेल व अन्य को कोर्ट द्वारा ध्वस्तीकरण कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगाते हुए अगली सुनवाई 13 अगस्त को मुकर्रर की गई है। गौर तलब है कि नगर में पीर गैब तालाब के पूरब उत्तर कॉर्नर पर सुहेल अख्तर एडवोकेट के मकान के अंश भाग को पूर्व में हुई तालाब पैमाईश के दौरान पालिका प्रशासन की ओर से चिन्हित कर ध्वस्त कराया गया था। इसी क्रम में उम्मीद अली अंसारी ने उक्त मकान को अवैध करार देते हुए पुनः पैमाईश कराकर ध्वस्तीकरण कार्यवाही की मांग की थी। डीएम ने उक्त मामले में तत्कालीन एसडीएम व ईओ से जांच कर रिपोर्ट मांगी थी। एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा की मॉनिटरिंग में हुई जांच की रिपोर्ट एसडीएम , ईओ व सीओ के संयुक्त हस्ताक्षरों से डीएम को प्रेषित की गई थी। एडीएम के निर्देश के क्रम में पालिका प्रशासन की ओर से बीती 25 जून को सुहेल अख्तर एडवोकेट को नोटिस जारी कर 15 दिन में उक्त अवैध अतिक्रमण के स्वयं ध्वस्तीकरण किए जाने की हिदायत देते हुए अन्यथा कि स्थिति में पालिका की ओर से ध्वस्त किए जाने की बात कही गई थी। नोटिस की समयावधि निकल जाने के बाद उक्त मकान मालिक जैद सुहेल व दो अन्य ने हाईकोर्ट की शरण ली। जिसमें हाईकोर्ट ने बीती 27 जुलाई को आदेश पारित करते हुए 9 मई 2026 के नोटिस के क्रम में याचिकाकर्ताओं के उत्तर दाताओं प्रशासन/पालिका प्रशासन को किसी भी कार्यवाही पर रोक लगाते हुए अगली सुनवाई 13 अगस्त को मुकर्रर की है।

# तीन चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**कलान, शाहजहांपुर।**



थाना कलान पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गुरुवार तड़के करीब 12-16 बजे ग्राम भर्रामई स्थित काली माता मंदिर के पास से पुष्पेंद्र यादव (27) निवासी छेदा नगला, थाना गंजडुण्डवारा, जनपद कासगंज को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की स्प्लेंडर प्लस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी पिंटू के साथ मिलकर 3 अगस्त की रात कस्बा कलान में गौशाला के पास खड़ी स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी की थी। चोरी के बाद बाइक को अपने घर ले गया और उसे बेचने के लिए लेकर निकला था, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने कई अन्य वाहन चोरी की वारदातों का भी खुलासा किया। उसकी निशानदेही पर नौगवां मुबारकपुर के आगे मिर्जापुर रोड स्थित एक बंद पड़े ईंट-भट्टे से चोरी की एचएफ डीलक्त था पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी बरामद की गईं। पुलिस का कहना है कि आरोपी चोरी के वाहनों को सुनसान स्थानों पर छिपाकर बाद में उन्हें कम कीमत पर बेच देता था। जांच के दौरान फरार आरोपी पिंटू का नाम भी प्रकाश में आया है। पुलिस ने मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार पुष्पेंद्र यादव कोई नया अपराधी नहीं है। उसके खिलाफ शाहजहाँपुर और कासगंज जनपद के विभिन्न थानों में वाहन चोरी सहित कई आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब यह भी पता लगा रही है कि आरोपी और उसके साथी ने अन्य जिलों में भी वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है या नहीं तथा चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप रावत, उपनिरीक्षक मनोज कुमार उपाध्याय, हेड कांस्टेबल रामनरेश तथा कांस्टेबल रोहित शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने टीम की इस सफलता को वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# बीच सड़क पर बैठे गौवंश बने हादसों का कारण, ग्रामीणों ने की स्थायी समाधान की मांग

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।**



खुदागंज-कटरा हाईवे पर ग्राम कसरक के पास बीच सड़क पर दिन-रात बैठे रहने वाले आवारा गौवंश अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। व्यस्त हाईवे होने के कारण इस मार्ग पर चौबीसों घंटे छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही रहती है, लेकिन सड़क के बीचों-बीच बैठे गौवंशों के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार वाहन चालक अचानक सामने बैठे गौवंशों को बचाने के प्रयास में अपना संतुलन खो देते हैं, जिससे दुर्घटना होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार, यह समस्या कोई नई नहीं है बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। सुबह से लेकर देर रात तक गौवंशों का झुंड सड़क पर डेरा जमाए रहता है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, एंबुलेंस और अन्य यात्रियों को भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कई बार तेज रफ्तार वाहनों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं, जिससे पीछे चल रहे वाहनों के टकराने की संभावना भी बनी रहती है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक चिंताजनक हो जाती है, क्योंकि बारिश और कम दृश्यता के कारण सड़क पर बैठे गौवंश दूर से दिखाई नहीं देते।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर पहले भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। हालांकि अधिकांश मामलों में लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा और जानलेवा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के बाद कार्रवाई करने की बजाय पहले से ही प्रभावी कदम उठाना अधिक आवश्यक है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इस समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार विभाग को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा गौवंशों को सुरक्षित गौशालाओं में पहुंचाने और हाईवे को पूरी तरह अवरोध मुक्त कराने के लिए नियमित अभियान चलाया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, पशुपालन विभाग और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि खुदागंज-कटरा हाईवे पर ग्राम कसरक के पास बैठे आवारा गौवंशों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए। साथ ही ऐसे स्थानों की नियमित निगरानी कर स्थायी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके तथा किसी संभावित बड़े सड़क हादसे से पहले ही बचाव किया जा सके।

# विकसित भारत के निर्माण में जेन जी की भूमिका पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय में विकसित भारत के निर्माण में जेन जी भूमिका विषय पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणिज्य संकाय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अनुराग अग्रवाल ने स्वामी शुकदेवानंद जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डी एन कॉलेज मेरठ वाणिज्य विभाग के प्रो. एस . के . शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अपने व्याख्यान में प्रो. एस. के. शर्मा ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा पीढ़ी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जेन जी तकनीक, नवाचार, डिजिटल संसाधनों और उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी क्षमता का उपयोग करके देश की आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति को नई दिशा दे सकती है। आज की युवा पीढ़ी केवल रोजगार प्राप्त करने वाली नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाली पीढ़ी बनने की क्षमता रखती है। उन्होंने विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप, वित्तीय साक्षरता, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक जिम्मेदारी, नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण की भावना भी शामिल है। प्रो. शर्मा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा और तकनीकी दक्षता का उपयोग समाज की जमीनी समस्याओं के समाधान के लिए करें। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति, तकनीकी ज्ञान और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का समन्वय ही विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार कर सकता है। डॉ रूपक श्रीवास्तव के संचालन ने संपन्न हुए कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के डीन प्रो. देवेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. कमलेश गौतम, डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. विजय तिवारी, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. संतोष प्रताप सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# उमेश के शव का पोस्टमार्टम से पहले पांच के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

▶ परिजनों ने चौकी स्टॉफ पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।

पैनल चोरी के कथित आरोपी युवक पेड़ पर फांसी पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर सीओ विदुष सक्सेना व कोतवाल प्रिंस शर्मा समेत मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव को नीचे उतरवाया। परिजनों का आरोप है कि पैनल स्वामी परिवार के इशारे पर पुलिस ने युवक को जमकर प्रताड़ित किया था। उन्होंने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया। पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम हो सका। जानकारी के मुताबिक तिलहर



कोतवाली की विरसिंग पुर चौकी क्षेत्र के गांव नबियापुर निवासी उमेश पुत्र रघुवीर 25 का शव बुधवार देर शाम गांव के उत्तर पूरब दिशा में एक पेड़ पर लटकते मिला। सूचना पर चौकी इंचार्ज अरुण कुमार गौतम मौके पर पहुंचे। और उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सीओ विदुष सक्सेना व कोतवाल प्रिंस शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। और शव को उतर बाया। मृतक उमेश के परिजनों ने बताया कि वह उसी दिन सुबह तीन बजे से घर से लापता हो गया था। परिजनों ने बताया कि गांव के ही राममूर्ति व उनके बेटों ने उमेश पर पैनल चोरी का आरोप लगाया था। जिसके चलते चौकी पुलिस सोमवार को सुबह करीब नौ दस बजे उमेश को घर से ले गई थी। आरोप है कि पुलिस ने उमेश की चौकी में जमकर पिटाई कर उमेश से पैनल चोरी की बात जबरन कबुल बाई। और पचास हजार रुपए देने की उमेश से हामी भर बाई थी। रात करीब नौ बजे उसे पुलिस ने छोड़ दिया। इसके बाद बुधवार सुबह से उमेश लापता हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाया। गुरुवार को मृतक के परिजन रिपोर्ट दर्ज किए बिना पोस्टमार्टम न करने पर अड गए। कोतवाल प्रिंस शर्मा मोर्चरी पहुंचे और उन्होंने तहरीर लेकर पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद ही पोस्टमार्टम कराने दिया। उमेश ने आत्म हत्या की या उसकी हत्या की गई। यह अभी एक अनसुलझी पहेली है। उधर सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि मृतक के बड़े भाई सर्वेश की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की सघन जांच की जा रही है। वहीं विरसिंग पुर चौकी स्टॉफ का क्षेत्र की जनता में खौफ व्याप्त है।

## लखनऊ पहुंचे जयेश प्रसाद ने अखिलेश से की शिष्टाचार भेंट

शाहजहांपुर। समाजवादी आंदोलन के प्रखर चिंतक समाजवादी विचारधारा के मजबूत स्तंभ एवं छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती के अवसर पर लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद ने पहुंचकर जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर जयेश प्रसाद ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने अपना पूरा जीवन समाजवाद तथा लोकतांत्रिक मूल्यों और आमजन के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष और विचार आज भी समाजवादी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि छोटे लोहिया ने सदैव शोषित वंचित और कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया तथा सत्ता के सामने सच बोलने का साहस दिखाया। उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्र का राजनीतिक जीवन सादगी संघर्ष और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है। उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्र को याद करते हुए उनके बताए समाजवादी रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्टी कार्यालय परिसर समाजवादी विचारों और नारों से गूंजता रहा।

## परौर और बिचपुरी कीचड़युक्त कच्चे रास्ते को पक्का बनाने की मांग

समृद्धि न्यूज, मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर)

कलान ब्लॉक की ग्राम पंचायत परौर का मजरा बिचपुरी रामगंगा किनारे बस हुआ है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से परौर-बिचपुरी कीचड़युक्त कच्चे रास्ते को पक्का बनवाए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि मजरा बिचपुरी में रामगंगा की बाढ़ से होने वाले भू कटान के समय ग्रामीणों के सुरक्षित स्थान पर जाने का एक यही कच्चा कीचड़युक्त रास्ता है। जिससे ग्रामीणों के सुरक्षित स्थान पर जाने तथा बाढ़ से भू कटाव रोकने के लिए सरकारी सामग्री भी इसी कच्चे रास्ते से गांव में पहुंचती है। जिससे कीचड़युक्त रास्ते में कभी कभी ग्रामीणों के सामान और सरकारी निर्माण सामग्री से भरी ट्रैक्टर ट्राली अक्सर इस कीचड़युक्त रास्ते में फंस जाती है। जिससे ग्रामीणों को अपना सामान



कीचड़ में सिर ओर रखकर सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ता है। गांव के राजवीर कुशवाह,अर्पित कुशवाहा,रनवीर सिंह सोमवंशी, अजीत सिंह सोमवंशी, राजपाल सिंह, रामेश्वर दयाल कश्यप,राजीव सिंह चौहान, रामशरण,कल्लू सिंह आदि ने जिलाधिकारी से इस कच्चे मार्ग को पक्का बनवाए जाने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात के विरुद्ध बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

मिर्जापुर (शाहजहांपुर)। जलालाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नौसरा निवासी अमित कुमार गुप्ता पुत्र रामप्रकाश गुप्ता ने 18 जुलाई को मिर्जापुर थाने के सामने से हुई बाइक चोरी की रिपोर्ट पांच अगस्त को अज्ञात चोर के विरुद्ध मिर्ज़ापुर थाने में दर्ज करवाई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित अमित गुप्ता ने कहा है कि 18 जुलाई को मिर्जापुर थाने के सामने से उसकी बाइक चोरी हो गई थी। वह अवतक चोरी गई बाइक और चोरों का पता लगाता रहा। कोई पता नहीं चलने पर रिपोर्ट दर्ज करवाने आया है। पुलिस ने अमित की तहरीर पर अज्ञात चोर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### विद्यालय के औचक निरीक्षण में खामियां देख भड़के एसडीएम

मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी। ब्लॉक क्षेत्र के गांव भानपुर बनवारी के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने शैक्षिक गुणवत्ता एमडीएम, स्वच्छता और उपस्थिति को लेकर असंतोष जताते हुए नसीहत दी है। गुरुवार को एसडीएम राजेश प्रताप सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह संयुक्त रूप से विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर सघन जांच की है जिसमें 128 पंजीकरण के सापेक्ष 28 बच्चों की उपस्थिति देखकर नाराजगी जताते हुए अध्यापकों को प्रचार प्रसार के साथ उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं वहीं उन्होंने बच्चों से सवालों का उत्तर पूछ कर शिक्षा के गुणवत्ता परखीं है। साफ सफाई और मध्यान भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। गांव के लोगों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की है। शिक्षकों से शैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने के लिए कहां है।



### दुग्धेश्वर नाथ मंदिर में नपा अध्यक्ष ने कांवड़ियों का किया स्वागत



पीलीभीत। पावन श्रावण मास के अवसर पर श्री दुग्धेश्वर नाथ (दूधिया) मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। दूर-दराज से पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे शिवभक्त कांवड़ियों का नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच उत्साह और भक्ति का माहौल रहा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। डॉ. आस्था अग्रवाल ने कांवड़ियों का पुष्पवर्षा एवं सम्मानपूर्वक स्वागत करते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।उन्होंने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र समय है और शिवभक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना है कि सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण हों तथा जनपद में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## मालपुर में दिनदहाड़े हत्या का प्रयास ग्रामीणों ने आरोपी को दबोचा

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

भीरा कोतवाली क्षेत्र के मालपुर कस्बे में बुधवार को दिनदहाड़े एक युवक की हत्या करने आए आरोपी को ग्रामीणों ने मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से नाजायज असलहा बरामद किया है। आरोप है कि आरोपी के साथ उसकी पत्नी भी आई थी और उसके पास से तलवार मिली है। पुलिस के अनुसार बीते दिन बाजार में जोधपुर निवासी युवक और मालपुर निवासी दिनेश सिंह के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश के चलते आरोपी हत्या की नीयत से मालपुर पहुंचा था। पूछताछ में सामने आया कि पकड़ा गया युवक करीब एक साल पहले गांव में ही एक तिलक समारोह के दौरान एक युवक की हत्या कर चुका है। उस मामले में वह जेल भी गया था और कुछ दिन पहले ही जमानत पर बाहर आया था। भीरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीडीओ ने विद्यालयों व ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण, कम उपस्थिति पर दिए सुधार के निर्देश

समृद्धि न्यूज, सीतापुर।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी ने मछरेहटा व गोंदलामऊ विकासखंड के विद्यालयों एवं ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर विकास कार्यों और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मछरेहटा में नवनिर्मित उच्चीकृत एकेडमिक ब्लॉक का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य में मिली कमियों को एक सप्ताह में दूर कर मानकों के अनुरूप कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कंपोजिट विद्यालय केसरा में एमडीएम की गुणवत्ता जांची और बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। विद्यालय में 162 विद्यार्थियों



के सापेक्ष 80 ही उपस्थित मिले। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेलरा में 101 के सापेक्ष 55 विद्यार्थी उपस्थित मिले। दोनों विद्यालयों में एमडीएम की गुणवत्ता संतोषजनक मिली, जबकि कम छात्र उपस्थिति पर संबंधित अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत दहेलरा व करूवामऊ का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने चौराहा सौंदर्यीकरण, सद्भाव लॉन, सामुदायिक शौचालय, मनरेगा पार्क, ओपन जिम, आरआर सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र, अन्नपूर्णा भवन, डिजिटल लाइब्रेरी व पंचायत भवन का स्थलीय सत्यापन किया। उन्होंने विकास कार्यों में गुणवत्ता, स्वच्छता व पारदर्शिता बनाए रखने तथा सार्वजनिक परिसंपत्तियों के नियमित रखरखाव के निर्देश दिए।

## 17 चोरी की साइकिलों के साथ दो गिरफ्तार



सीतापुर। कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की 17 साइकिलें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बबलू उर्फ राजकुमार पुत्र भगवानदीन निवासी पिपरी, थाना रामकोट और कुलदीप पुत्र भूरेलाल निवासी सादिकपुरवा मझली मंडी, थाना कोतवाली नगर के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज था। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान न्यायालय भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी कुलदीप का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

# वर्दी का रौब दिखा महिला सिपाही ने रोका आम रास्ता

▶ विरोध करने पर मोहल्ले वालों को दी भुगतने की धमकी
▶ पीड़ित ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर की ऑनलाइन शिकायत

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

उत्तर प्रदेश पुलिस की एक महिला सिपाही पर अपने पद और वर्दी का धौंस दिखाकर आम रास्ता बाधित करने और स्थानीय निवासियों से अभद्र व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगा है।मामला कोतवाली सदर इलाके के मोहल्ला राजाजीपुरम निकट अनुपम नर्सिंग होम,रांची वाली गली का है।पीड़ित स्थानीय निवासी सेवकलाल ने इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर को सम्बोधित एक शिकायत 40015326041971 से पीड़ित ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर ऑनलाइन करके कार्रवाई करने की मांग की है और शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायतकर्ता सेवकलाल के मुताबिक, उनके पड़ोस में स्थित मिथिलेश सिंह के मकान में दिव्या नाम की एक महिला सिपाही किराए पर रहती हैं।आरोप है कि उक्त महिला सिपाही और उनके साथ आने वाले अन्य पुलिसकर्मी अपनी गाड़ियों को पूरी गली और आम रास्ते पर आड़ा-तिरछा खड़ा कर देते हैं।इसके कारण पूरी गली घिर जाती है और वहां के स्थानीय निवासियों तथा राहगीरों का निकलना तक दूभर हो जाता है।




**विरोध करने पर गाली-गलौज और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी:** पीड़ित का आरोप है कि जब भी स्थानीय लोग या राहगीर गाड़ियों को किनारे लगाने का अनुरोध करते हैं, तो महिला सिपाही और उनके सहकर्मी अपने पुलिस पद का रौब दिखाने लगते हैं।सेवकलाल ने बताया कि रास्ते से गाड़ी हटाने की बात कहने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया अपशब्द कहे गए और पुलिसिया धौंस दिखाते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दी गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कृत्य सार्वजनिक शांति को भंग करने वाला और पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने वाला है।

**चौकी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई,अब कोतवाल से गुहार:** पीड़ित सेवकलाल ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर सबसे पहले 29 जुलाई 2026 को राजापुर पुलिस चौकी प्रभारी को लिखित शिकायती पत्र दिया था। लेकिन एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी चौकी पुलिस द्वारा इस पर कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गई। चौकी स्तर पर सुनवाई न होने से परेशान होकर पीड़ित ने अब कोतवाली सदर के प्रभारी निरीक्षक को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आम रास्ते से अवैध पार्किंग हटवाने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विधिक व विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।

## खैराबाद पालिका में मनाया गया एमएलसी अनूप गुप्ता का जन्मदिन



सीतापुर। नगर पालिका परिषद खैराबाद परिसर में अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता का जन्मदिवस उत्साह एवं आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पालिका अधिकारियों-कर्मचारियों व सभासदों ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि अनूप गुप्ता सदैव जनसेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहे हैं। कार्यक्रम में ईओ प्रेम शंकर गुप्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मनोज राणा सहित सभासद आलोक बाजपेयी, राकेश गुप्ता, हबीब, मुस्कान, बलराम पाण्डेय, कुलदीप जायसवाल, जावेद व सुनील मौर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान
## टिकरी मंडल में बनी घर-घर तिरंगा पहुंचाने की रणनीति



पीलीभीत। आगामी हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के टिकरी मंडल की मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अभियान की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाने और तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन की रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अभियान के जिला सह संयोजक तथा जिला मंत्री अमित कुशवाहा ने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का जनआंदोलन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ कार्य करें। साथ ही तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कार्यशाला के दौरान जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर ने कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने अभियान को डिजिटल माध्यमों से भी प्रभावी ढंग से संचालित करने और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में मंडल अध्यक्ष सुमित गंगवार, मंडल महामंत्री सत्यवीर मिश्रा, दिलीप गंगवार, राजेश गंगवार, निर्मेश भारती, बीरदेव शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने का संकल्प भी लिया।

## प्रदेश कार्यालय में विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का हुआ स्वागत




पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर 128 विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का वरिष्ठ पदाधिकारियों और आचार्य कुशमणि ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सभी के स्नेह और सम्मान के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सहयोगियों से आत्मीय भेंट कर पवित्र श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना, सेवा, संयम और लोककल्याण का संदेश देने वाला पावन पर्व है। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने देवाधिदेव भगवान महादेव से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए प्रार्थना की कि उनकी कृपा सभी पर सदैव बनी रहे तथा उत्तर प्रदेश विकास और जनसेवा के मार्ग पर निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहे। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, आत्मीयता और संगठनात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी श्रावण मास के अवसर पर भगवान भोलेनाथ से राष्ट्र और समाज के कल्याण की मंगलकामना की।

# बाढ़ व जलभराव से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

▶ 41 बाढ़ चौकियां और 14 सचल चिकित्सा दल तैनात

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर-खीरी।

बाढ़ एवं जलभराव से प्रभावित जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। वर्तमान में जनपद के 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाढ़ एवं जलभराव से प्रभावित होते हैं जिन पर बाढ़ को लेकर तैयारी की गई है यहां मेडिकल टीम सहित अतिरिक्त इमरजेंसी दवाओं की व्यवस्था भी की गई है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता द्वारा बताया गया कि जिले में बाढ़ नियंत्रण के लिए 41 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं, जिनमें 32 अधिकारियों तथा 140 कर्मचारियों की तैनाती कर उन्हें सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद की 5 तहसीलों (लखीमपुर, पलिया, गोला, निघासन व धौरहरा) के 9 प्रभावित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों



(नकहा, पलिया, निघासन, धौरहरा, बिजुआ, खमरिया/ईसानगर, फूलबेहड़, रमियाबेहड़ व गोला) पर त्वरित उपचार हेतु रैपिड रिस्पॉन्स टीम (RRT) का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रभावित क्षेत्रों के लिए 14 सचल चिकित्सीय दल गठित किए गए हैं। दिनांक 05 अगस्त 2026 तक प्रभावित बाढ़ चौकी ग्रांट नं0 12 (फूलबेहड़) के ग्राम में कुल 970 प्रभावित जनसंख्या में से 247 मरीजों का उपचार किया जा चुका है तथा 1339 क्लोरीन टैबलेट व 657 ओआरएस पैकेट वितरित किए गए हैं। जिले में सर्पदंश से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित सीएचसी पर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से वितरण हेतु मेडिसिन किट, ओआरएस पैकेट व क्लोरीन टैबलेट उपलब्ध करा दी गई हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में 24 घंटे 7 दिन संचालित बाढ़ एवं संक्रामक रोग कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। सभी सीएचसी और केंद्रीय औषधि भंडार में जीवन रक्षक दवाओं के साथ-साथ एंटी स्नेक वेनम एवं एंटी रैबीज वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। साथ ही, 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाओं को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी प्रभावित ग्रामीणों के इलाज के लिए पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित हैं।

## अवैध व डग्गामार वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग सख्त



लखीमपुर खीरी। परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे आरोही अभियान के अंतर्गत लखीमपुर खीरी परिवहन विभाग के द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। लखीमपुर के ए.आर.टीओ. शांति भूषण पांडे के द्वारा 20 वाहनों को बंद किया गया और 59 वाहनों के चालान किए गए। श्री पांडे ने बताया कि दो स्लीपर बसे और 7 डग्गामार बसों (जो LRP चौराहा से लखनऊ जा रही थी) व 11 अन्य वाहनों को विभिन्न थानों में बंद किया गया। और 59 वाहनों का चालान किया गया। साथ श्री पांडे से कहा कि अवैध रूपसे संचालित वाहनों के खिलाफ अभियान रुकने वाला नहीं है।

# घड़ी ने बजाए दस, खुल गई हाजिरी की कॉपी, देर से आने वालों को डीएम ने जारी किया नोटिस

▶ 10:20 बजे कलक्ट्रेट पहुंचे डीएम, 60 कर्मचारी और 10 अधिकारी नदारद
▶ एक दिन का वेतन काटने के आदेश

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।

सरकारी कार्यालयों में समयबद्ध उपस्थिति, कार्य संस्कृति और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने गुरुवार सुबह प्रशासनिक अनुशासन की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने पूरे कलक्ट्रेट परिसर में हलचल मचा दी। सुबह ठीक 10:20 बजे जिलाधिकारी ने बिना किसी पूर्व सूचना के कलक्ट्रेट स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यालयों से नदारद मिले। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट, जिला पंचायत, जिला पूर्ति कार्यालय, ट्रेजरी, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय, डूडा, पीओ पीआरडी कार्यालय, समाज कल्याण विभाग, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय, मत्स्य विभाग तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग सहित कुल 14 सरकारी कार्यालयों का



निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि कलक्ट्रेट में 12, जिला पंचायत में 15, जिला पूर्ति कार्यालय में 7, ट्रेजरी में 7, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में 5 तथा मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में 3 कर्मचारी निर्धारित समय पर अनुपस्थित मिले। इसके अतिरिक्त निर्वाचन कार्यालय, डूडा और पीओ पीआरडी कार्यालय में दो-दो, जबकि समाज कल्याण, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मत्स्य विभाग तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में एक-एक कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित पाए गए। इस प्रकार कुल 60 कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे। औचक निरीक्षण में केवल कर्मचारी ही नहीं, बल्कि कई वरिष्ठ अधिकारी भी अपने दफ्तरों से गायब मिले। इनमें जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अपर मुख्य विकास अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण सेवा), सहायक अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण सेवा), पीडी डीआरडीए तथा जिला मत्स्य अधिकारी शामिल रहे। कुल 10 अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण समाप्त होते ही जिलाधिकारी ने सख्त प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए सभी 60 कर्मचारियों और 10 अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के आदेश जारी किए। साथ ही प्रत्येक से अनुपस्थिति का लिखित स्पष्टीकरण भी तलब किया गया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी कार्यालयों में समय से उपस्थित रहना प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी का दायित्व है। बिना अनुमति अनुपस्थित रहना अथवा कार्य के प्रति लापरवाही किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में अनुशासन, समयपालन और कार्य संस्कृति को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## सूचना

मैं फैज खान पुत्र स्व. नसीर खान स्थाई निवासी मकान संख्या 24A मोहल्ला हिंदू पट्टी तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर का निवासी हूं। मैंने अपने पूरे होशो हवास से बिना किसी जोर दबाव के अपनी इच्छा अनुसार इस्लाम धर्म त्याग कर सनातन हिंदू धर्म अपनाते हुए 16.04.2026 अपना नाम फैज खान से बदलकर सोनू चौहान रख लिया था। भविष्य में मुझे सोनू चौहान के नाम से जाना वह पहचान जाए।

नोट- मैंने अपना 16.04.2026 को शुद्धिकरण सनातन रीति रिवाज से कालीबाड़ी मंदिर खिरनी बाग में विधि विधान से कराया था।

## असहमति बनाम अराजकता

लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें हर नागरिक को अपनी बात कहने, सरकार की आलोचना करने और नीतियों का विरोध करने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। असहमति लोकतांत्रिक व्यवस्था का अभिन्न अंग है, क्योंकि इसके माध्यम से सरकार को जनता की भावनाओं और समस्याओं का पता चलता है। लेकिन जब विरोध प्रदर्शन संवैधानिक मर्यादाओं को पार कर हिंसा, अराजकता, सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान या संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाने का माध्यम बनने लगे, तब यह लोकतंत्र को मजबूत करने के बजाय कमजोर करने लगता है।

हाल के दिनों में विभिन्न मुद्दों को लेकर हुए आंदोलनों और संसद के घेराव के प्रयासों ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा किया है कि विरोध की सीमा क्या होनी चाहिए। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार से असहमति रखना पूरी तरह वैध है, किंतु विरोध का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जिससे कानून-व्यवस्था, जनजीवन और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा प्रभावित न हो। लोकतंत्र में संवाद, बहस और संवैधानिक प्रक्रियाएं ही समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम हैं।

भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सभा करने का अधिकार देता है, लेकिन इसके साथ यह भी अपेक्षा करता है कि इन अधिकारों का प्रयोग कानून और संविधान की सीमाओं के भीतर किया जाए। यदि प्रदर्शन हिंसक हो जाए, सरकारी संस्थानों को बाधित करे या लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास करे, तो उसका औचित्य समाप्त हो जाता है। ऐसी स्थिति में सबसे अधिक नुकसान लोकतांत्रिक व्यवस्था और आम जनता को ही उठाना पड़ता है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान सभा में अपने अंतिम भाषण में स्पष्ट कहा था कि सामाजिक और राजनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए संवैधानिक उपायों का ही सहारा लिया जाना चाहिए। उनका मानना था कि जब संविधान नागरिकों को न्याय प्राप्त करने और अपनी बात रखने के पर्याप्त अवसर देता है, तब असंवैधानिक और हिंसक तरीकों का कोई औचित्य नहीं रह जाता। यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना संविधान निर्माण के समय था।

लोकतांत्रिक राजनीति में विपक्ष की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। विपक्ष सरकार की नीतियों पर सवाल उठाता है, कमियों को उजागर करता है और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। लेकिन यदि राजनीतिक दल केवल टकराव की राजनीति को प्राथमिकता दें और हर मुद्दे को आंदोलन या टकराव का रूप देने लगें, तो संसदीय लोकतंत्र की मूल भावना प्रभावित होती है। दूसरी ओर, सरकार की भी यह जिम्मेदारी है कि वह जनभावनाओं को सुने, विपक्ष को पर्याप्त अवसर दे और संवाद के माध्यम से समाधान खोजने का प्रयास करे।

इतिहास बताता है कि भारत में अनेक बड़े जनआंदोलनों ने लोकतांत्रिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर विभिन्न सामाजिक सुधार आंदोलनों तक, शांतिपूर्ण और नैतिक संघर्षों ने देश को नई दिशा दी। वहीं हिंसक या अराजक आंदोलनों ने समाज में तनाव, अस्थिरता और अविश्वास को बढ़ाया है। इसलिए किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वह अपने उद्देश्य के साथ-साथ अपने तरीकों में भी लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करे।

आज सोशल मीडिया के दौर में विरोध और समर्थन दोनों की अभिव्यक्ति पहले से कहीं अधिक तेज और व्यापक हो गई है। दुर्भाग्य से कई बार भड़काऊ भाषा, झूठी सूचनाएं और व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप सामाजिक तनाव को बढ़ा देते हैं। सार्वजनिक जीवन में शालीनता, संयम और तथ्यपरक संवाद की आवश्यकता पहले से अधिक महसूस की जा रही है। लोकतंत्र में विचारों का संघर्ष होना चाहिए, व्यक्तियों के प्रति घृणा और हिंसा का नहीं।


यह भी ध्यान रखना होगा कि लोकतंत्र केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। नागरिक, राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन, मीडिया और न्यायपालिका—सभी इसकी मजबूती के समान रूप से उत्तरदायी हैं। यदि हर पक्ष अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करे, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बन सकती है।

अंततः, असहमति लोकतंत्र की कमजोरी नहीं बल्कि उसकी शक्ति है। किंतु यह शक्ति तभी सार्थक है जब उसका प्रयोग संवैधानिक मर्यादा, शांति और संवाद की भावना के साथ किया जाए। विरोध का अधिकार लोकतंत्र का आधार है, लेकिन अराजकता किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती। लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास, संवैधानिक प्रक्रियाओं का सम्मान और संवाद की संस्कृति ही भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बना सकती है।

### दो टूक




# विकास की नींव या भ्रष्टाचार की बुनियाद?


अजय कुमार

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन 13 जुलाई 2026 को हुआ था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फीता काटा था और उस वक्त इस 63 किलोमीटर लंबे छह लेन के एलिवेटेड कॉरिडोर की तुलना जर्मनी की सड़कों से की गई थी। 4,200 करोड़ रुपये की इस परियोजना का सपना बड़ा था, लेकिन हकीकत उससे कहीं ज्यादा शर्मनाक निकली। उद्घाटन के महज तेरह दिन बाद उन्नाव जिले के कोरारी के पास सड़क का एक बड़ा हिस्सा कई मीटर तक धंस गया। एनएचएआई ने इसे स्लिपेज की समस्या और नियमित रखरखाव का हिस्सा बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की, मगर चार दिन बाद ही यही सड़क दोबारा धंस गई। जुलाई खत्म होते-होते यह सिलसिला कम से कम पांच बार दोहराया जा चुका था। जिस सड़क को देश के सबसे महंगे टोल वाले एक्सप्रेसवे के रूप में पेश किया गया, वह हल्की बारिश भी नहीं झेल पाई।



सवाल यह नहीं कि बारिश कितनी हुई, सवाल यह है कि जो सड़क सामान्य मानसून के पहले ही झटके में उखड़ जाए, उसकी नींव में आखिर डाला क्या गया था। यह अकेला उदाहरण नहीं है। इसी साल मई के आखिरी हफ्ते में उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में एक निर्माणाधीन पुल का हिस्सा तेज तूफान के दौरान ढह गया था, जिसमें कम से कम छह मजदूरों की जान चली गई थी। जुलाई के मध्य में देहरादून-पांवटा साहिब मार्ग पर टौंस नदी पर बना सोलह करोड़ रुपये का पुल, जिस पर वाहनों की आवाजाही शुरू हुए मुश्किल से एक दिन बीता था, पहली बड़ी बारिश में ही जगह-जगह धंस गया।

स्थानीय लोगों का कहना था कि यह पुल पहले भी एक बार बह चुकी अस्थायी पुलिया की जगह जल्दबाजी में बनाया गया था। जून के आखिर में असम में एक पुल पूरी तरह बह गया, और गांव वालों ने बताया कि उन्होंने निर्माण के समय लोहे के बजाय पक्के कंक्रीट के पुल की मांग की थी, जिसे अनसुना कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि नदी पार स्कूल जाने वाले बच्चों और खेतों तक पहुंचने वाले किसानों का रास्ता ही बंद हो गया।

यह पैटर्न किसी एक राज्य या किसी एक ठेकेदार तक सीमित नहीं है, यह पूरे देश के निर्माण तंत्र की बीमारी बन चुका है। संसद में हाल ही में केंद्र सरकार ने खुद स्वीकार किया कि इस समय देश भर में 1,191 नेशनल हाईवे परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिनमें से 629 यानी करीब आधी परियोजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी नहीं हो सकीं। इतना ही नहीं, वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बीच घटिया गुणवत्ता के काम को लेकर 103 ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

यह आंकड़ा खुद बताता है कि निर्माण में गड़बड़ी कोई इक्का-दुक्का घटना नहीं, बल्कि व्यवस्था का हिस्सा बन चुकी है। इसी दौर में हुए दुर्घटना विश्लेषण के आधार पर देश भर में 6,358 ऐसे सड़क हिस्सों को ब्लैक कॉरिडोर के रूप में चिह्नित किया गया है, जहां बार-बार हादसे होते हैं। यानी जिन सड़कों को सुरक्षित और टिकाऊ बताकर जनता के पैसे से बनाया गया, उनमें से हजारों हिस्से खुद खतरे की निशानी बन चुके हैं।

सवाल यह भी उठता है कि जब गुणवत्ता की जांच और ठेकेदारों पर कार्रवाई का तंत्र मौजूद है, तो फिर हर मानसून में यही कहानी क्यों दोहराई जाती है। जवाब निर्माण से जुड़े हर व्यक्ति को पता है, मगर खुलकर कोई नहीं बोलता। जहां भी सरकारी निर्माण होता है, वहां कमीशनखोरी एक अघोषित लेकिन तयशुदा नियम बन चुकी है। ठेका मिलने से पहले ही तय हो जाता है कि किस स्तर पर कितना प्रतिशत व्यवस्था में जाएगा, और जब असली निर्माण सामग्री और मजदूरी में से इतना हिस्सा पहले ही निकाल लिया जाता है, तो बाकी बचे बजट में मजबूत सड़क या पुल बनना लगभग असंभव हो जाता है। यही वजह है कि लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे जैसी परियोजना, जिसे देश के सबसे आधुनिक कॉरिडोर के रूप में प्रचारित किया गया, दो हफ्ते में मरम्मत का मोहताज बन गई।

निलंबन और ब्लैकलिस्टिंग जैसी कार्रवाइयां देखने में सख्त लगती हैं, लेकिन असर में बेहद कमजोर साबित होती हैं। जांच पूरी होने तक तीन इंजीनियरों को काम से हटाना एक रस्म भर है, क्योंकि आगे चलकर वही अधिकारी किसी और परियोजना में लौट आते हैं। घटिया निर्माण के दोषी ठेकेदार भी काली सूची में डाले जाने के बाद नाम और कंपनी का ढांचा बदलकर नए सिरे से टेंडर भरने लगते हैं। यह खेल इतना पुराना और इतना संगठित हो चुका है कि अब इसे रोकने वाला कोई डर बाकी नहीं बचा।

दिलचस्प यह भी है कि अंग्रेजों के जमाने में बने पुल, रेलवे पुल और सड़कें आज भी सौ-सौ साल बाद मजबूती से खड़ी हैं, जबकि आजादी के बाद और खासकर हाल के वर्षों में बनी कई परियोजनाएं उद्घाटन के हफ्तों के भीतर बिखरने लगती हैं। यह फर्क तकनीक की कमी से नहीं, नीयत की कमी से पैदा होता है। देश ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है, और इस सपने की नींव सड़कों, पुलों, रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे पर ही टिकी है। लेकिन जब हर मानसून में करोड़ों की परियोजनाएं धंसती, बहती और ढहती नजर आती हैं, तो यह सवाल लाजमी हो जाता है कि क्या रफ्तार और गुणवत्ता एक साथ चल भी पा रहे हैं या नहीं। जब तक कमीशन की संस्कृति निर्माण की नींव से नहीं हटाई जाएगी, तब तक हर नया एक्सप्रेसवे, हर नया पुल केवल एक नई सुर्खी बनकर रह जाएगा, जो पहली बारिश में ही उस भ्रष्टाचार की गवाही देने लगेगा, जिस पर वह खड़ा किया गया है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# कानून बनाने भर से क्या जीत पायेंगे छात्रों का विश्वास?

कल्याणी शंकर

भारत में राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है, और भाजपा अपने इतिहास के एक अहम मोड़ का सामना कर रही है। उसे यह सोचने की जरूरत है कि जेन जेड को कैसे जोड़ा जाए। मौजूदा मोदी सरकार को जेन जेड के साथ जूझना पड़ा, जिसने एक अचानक आंदोलन शुरू कर दिया जिससे सरकार हैरान रह गई। यह ग्रुप आर्थिक और राजनीतिक घटनाओं की वजह से बदला है। नए प्रश्नपत्र लीक विरोधी कानून का मकसद परीक्षा सम्बंधी सरकारी कामों में पारदर्शिता को बेहतर बनाना है। जेनरेशन जेड को भुला दी गयी पीढ़ी या बड़े बेबी बूमर और मिलेनियल ग्रुप के बीच का बच्चा बताया गया है। इस पीढ़ी की खासियत आजादी, व्यावहारिक सोच और पहले से मौजूद संस्थाओं के प्रति शक की एक अलग भावना है। जेनरेशन जेड ने आर्थिक मंदी, इंटरनेट का आना और ज़रूरी राजनीतिक बदलावों सहित देश और दुनिया भर में कई अहम घटनाओं का अनुभव किया है। इस ग्रुप के कई लोगों को हाल के सालों में रोजगार बाजार में मुश्किलों का सामना करना पड़ा और वे उदारीकरण नीति के असर से प्रभावित हुए, जिससे मौके और अनिश्चितता दोनों मिले।

यह पीढ़ी असलियत और व्यावहारिकता को महत्व देती है, और खोखले वादों के बजाय असली फायदों पर ध्यान देती है। जेनरेशन जेड के लिए, इसका मतलब है कि वे ध्यान से देखेंगे कि प्रश्नपत्र लीक विरोधी कानून असली जिंदगी पर कैसे असर डालता है। उनका समर्थन पाने के लिए, यह साफतौर पर बताना ज़रूरी है कि कानून का मकसद क्या है और यह लोगों की सुरक्षा कैसे करता है। पिछले हफ्ते, संसद ने राष्ट्रीय और जनता की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकने वाली लीक को रोकने के लिए लीक विरोधी विधेयक पारित किया। इसकी मिली-जुली समीक्षा हुई। यह इस बारे में जरूरी सवाल उठाता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यक्तिगत आजादी के बीच कैसे संतुलन बनाया जाए। आलोचकों का मानना है कि संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा जरूरी है, लेकिन विधेयक का गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। उन्हें चिंता है कि यह बोलने की आजादी जैसी आजादी को कमजोर कर सकता है और अलग-अलग नजरियों के लिए जगह कम कर सकता है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि प्रश्नपत्र लीक विरोधी विधेयक परीक्षाओं में जानकारी लीक होने से रोकने के लिए बनाया गया था। ये चिंताएं जेनरेशन जेड के लिए बहुत जरूरी हैं, जो सरकार में जवाबदेही और पारदर्शिता को महत्व देते हैं। कई जेन जेड छात्र इस कानून को पिछली सरकारी कार्रवाइयों का दोहराना मात्र मानते हैं, जहां सुरक्षा के लिए बने कानूनों का इस्तेमाल असहमति को दबाने के लिए किया गया था। वे जाहिर तौर पर सावधान और शक करने वाले हैं। जेन जेड को वापस जीतने के लिए भाजपा को एक साफ रणनीति की जरूरत है। ऐसी रणनीति में नीति को बढ़ावा देने या गारंटी वाले नतीजों को सामने लाने से कहीं ज्यादा कुछ होना चाहिए।

इस लक्ष्य को पाने में कई और तरीके मदद कर सकते हैं। पहला, टाउन हॉल और सोशल मीडिया के जरिए जेनरेशन जेड के साथ असली जुड़ाव उन्हें सम्मान और फैसले लेने की प्रक्रिया में शामिल महसूस करा सकता है, जिससे सत्ताधारी पार्टी के साथ उनका सम्पर्क मजबूत होता है।

दूसरा, आमने-सामने का जुड़ाव मतदाताओं के लिए समुदाय और पुष्टि की भावना को बढ़ावा देता है। साथ ही, डिजिटल प्लेटफॉर्म ज्यादा लोगों तक पहुंच बनाने में मदद कर सकते हैं, खासकर जेन जेड में से ज्यादा टेक-सैवी लोगों को अपील करते हुए। तीसरा, लीक विरोधी विधेयक के मकसद और सुरक्षात्मक उपायों को साफ तौर पर समझाकर पारदर्शिता को प्राथमिकता देने से जेनरेशन जेड को भरोसा महसूस हो सकता है और वे मोदी सरकार के उनके हितों के प्रति प्रतिबद्धता पर भरोसा कर सकते हैं। चौथा, इन्फोग्राफिक्स और पब्लिक बुलेटिन जैसे आसान फॉर्मेट में जानकारी शेयर करने से ऐसी पीढ़ी आकर्षित हो सकती है जो जल्दी और साफ जवाब चाहती है। इसके अलावा, चर्चा में विशेषज्ञों को शामिल करने से पार्टी की विश्वसनीयता मजबूत हो सकती है और यह दिखा सकती है कि यह सबको साथ लेकर चलने वाली और सुनने वाली पार्टी है। पांचवीं बात, भाजपा को उन क्षेत्रों में अपनी सफलताओं को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाना और प्रचारित करना चाहिए जो जेनरेशन जेड के मूल्यों से मेल खाते हैं।

आर्थिक स्थिरता, रोजगार सृजन, दक्षता विकास पहल, और डिजिटल प्रशासन में सफलता, ये सभी ऐसे विषय हैं जो इस ग्रुप पर सकारात्मक असर डाल सकते हैं। छठी बात, ऐसे काम के लिए विकास की परियोजनाओं और नीतियों पर जोर देना, जिनका सीधा असर जेन जेड समूह की जिंदगी पर पड़ा है, उनकी भलाई के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को मजबूत करने में मदद कर सकता है। जेनरेशन जेड को व्यक्तिगत अधिकार की महत्ता के बारे में भरोसा दिलाना सबसे जरूरी है। भाजपा को यह बताना चाहिए कि प्रश्नपत्र लीक विरोधी कानून लोकतांत्रिक मूल्यों को कैसे बल प्रदान करता है।

उन्हें मौजूद सुरक्षा उपाय दिखाने होंगे, यह बताना होगा कि स्वतंत्र निगरानी होगी, और यह प्रचार करना होगा कि लोगों के पास अपनी चिंताएं बताने के तरीके हैं। इससे इस शक करने वाले समूह के साथ भरोसे की कमी को कम करने में मदद मिल सकती है। सातवीं बात, नागरिक समाज को शामिल करके और शासन और नीति के बारे में चर्चा में अलग-अलग आवाजों को शामिल करके, भाजपा एक ऐसे लोकतांत्रिक फ्रेमवर्क में अपने निवेश को दिखा सकती है जो सामूहिक और व्यक्तिगत अधिकारों को महत्व देता है। भाजपा सम्पर्क अभियान, नीति पर चर्चा और शैक्षणिक अभियान के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर सकती है। आंकड़ों का विश्लेषण करके और सोशल मीडिया से प्राप्त जानकारी का इस्तेमाल करके, पार्टी अपने संदेश उन मुद्दों पर फोकस कर सकती है जो जेनरेशन जेड के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। यह तरीका यह पक्का करने में मदद करेगा कि संवाद उनसे व्यक्तिगत स्तर पर जुड़े। कानून बना परन्तु भाजपा के लिए पीढ़ीगत भरोसा फिर से हासिल करना एक चुनौती है। यह पार्टी के लिए अपने नजरिए को बदलने और जवाबदेही व पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का एक मौका भी है।

जेनरेशन जेड का भरोसा दोबारा जीतने के लिए लगातार कोशिशों की जरूरत होगी। ऐसा माहौल बनाना जरूरी है जिसमें पार्टी खुद को एक ऐसी प्रगतिशील पार्टी के तौर पर पेश कर सके जो सभी वर्गों, जिसमें जेनरेशन जेड भी शामिल है, की आवाज को अहमियत देती हो। भारतीय राजनीति में जेनरेशन जेड की अहम भूमिका है, इसलिए भाजपा को उनके बीच अपनी छवि बेहतर बनाने पर ध्यान देना होगा। साफ रणनीतियों और सच्चे जुड़ाव के जरिए भाजपा जेनरेशन जेड के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर सकती है।


**(यह लेखिका के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


पूजा चक्रवर्ती

## वो समन्दर

वो समन्दर सूख कर  
कुएँ सा हो गया,  
पानी जिसमें बे-मिसाल था  
न पूछो कितने रंग थे बिखरे,  
दिखता कितना कमाल था  
न जाने किसकी नज़र लगी,  
क्या कुछ हुआ बवाल था  
शायद उसके दिल में था कुछ,  
मेरे भी मन में सवाल था  
न बोला जाये न पूछा जाये,  
तब हाल बड़ा बे-हाल था  
चलते चलते कब मुड़ गया वो,  
न कह पाने का मुझे मलाल था  
सोचती हूँ वो ही कुछ कह जाता,  
जाने से पहले  
कि उसका मेरे साथ चलने का ख़याल था,  
वो समन्दर सूख कर कुएँ सा हो गया  
पानी जिसमें बे-मिसाल था



# 15 अगस्त को फिर होगा अतीत के सुनहरे सपनों का जिक्र

मनोज कुमार मिश्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार 12 बार स्वतंत्रता दिवस पर लालकिला संबोधन में अपनी और अपने सरकार की कथनी और करनी के भेद को खत्म किया। लगभग हर बार देश के अतीत के सुनहरे किस्सों से लेकर भविष्य की योजनाओं से जुड़ी बातें कही। समाज और देश से जुड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर खुलकर बोले। अनेक वायदे किए और घोषणाएं की। आमतौर पर हर बार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद पर चोट किया। नई मिसाल कायम करते हुए गिन-गिनकर हर एक वायदे को पूरा किया।

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद सर्वाधिक 13वीं इस 15 अगस्त को नरेन्द्र मोदी लालकिला से राष्ट्रीय ध्वज को फहरा कर राष्ट्र को संबोधित करेंगे। नेहरूजी ने लालकिला से 17 बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। प्रधानमंत्री मोदी लालकिला के संबोधन में अपना दायरा लगातार बढ़ा रहे हैं। इस संबोधन को उन्होंने अपनी सरकार की योजनाओं को आमजन को बताने और समाज में हाशिए पर पहुंचाए गए लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने का कारगर उपकरण बनाया। यह सिलसिला लगातार जारी है। इसी का परिणाम है कि केन्द्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के अलावा देश के तीन चौथाई राज्यों में उनकी पार्टी भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकारें हैं।

लालकिला से प्रधानमंत्री का सबसे छोटा संबोधन साल 2017 में 56 मिनट और सबसे बड़ा साल 2025 में 123 मिनट का था। साल 2014 में 65 मिनट, 2015 में 88 मिनट, 2016 में 96 मिनट, 2018 में 83 मिनट, 2019 में 92 मिनट, 2020 में 90 मिनट, 2021 में 88 मिनट, 2022 में 74 मिनट, 2023 में 90 मिनट और 2024 में 98 मिनट तक प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित किया। 2014 में अपने भाषण की शुरुआत ही उन्होंने अपने को देश का प्रधानमंत्री के बजाए प्रधान सेवक कह कर किया। भ्रष्टाचार पर चोट करते हुए उन्होंने कहा कि इस सरकार की एक बड़ी प्राथमिकता सरकारी विभागों से भ्रष्टाचार को खत्म करने की है। उन्होंने हर सरकारी स्कूल में शौचालय बनाने पर जोर दिया ताकि लड़कियां स्कूल छोड़ने पर मजबूर न हों। सांसद आदर्श ग्राम योजना की घोषणा की जिसके तहत हर सांसद अपनी सुविधा से एक गांव को गोद लें और तय समय में उस गांव का समग्र विकास करवाएं।

सरकारी सुविधाओं का लाभ आम लोगों को दिलवाने यानी सरकारी पैसा सीधे उनके खातों में भेजने के लिए सरकारी बैंकों में जनधन खाता खुलवाने की घोषणा की। मई 2026 तक देश में 58.15 करोड़ जनधन खाते खोले गए। उसी संबोधन में प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान की घोषणा की। इसकी शुरुआत महात्मा गांधी के जन्मदिन 02 अक्तूबर, 2014 से प्रधानमंत्री ने खुद सफाई करके की। इसी अभियान के तहत देश को खुले में शौच से मुक्त करने के लिए हर घर में शौचालय बनाने का अभियान शुरू हुआ। अब तक देशभर में 12 करोड़ से ज्यादा शौचालयों का निर्माण सरकार करा चुकी है। इसे आम बोलचाल की भाषा में 'इज्जत घर' कहते हैं।

अगले साल यानी 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिजली कनेक्शन से रह गए 18,500 गांवों तक बिजली पहुंचाने की घोषणा की और इसे पूरा किया। उसी संबोधन में उन्होंने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'स्टारअप और स्टेंडअप इंडिया' कार्यक्रम की घोषणा की। जिसके माध्यम से स्वरोजगार योजना गांव-गांव पहुंची और हर इलाके में तेजी से उद्योग-धंधे लगे। इसी तरह धुआं मुक्त रसोई के लिए 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' शुरू की गई। इसके तहत 11 करोड़ से ज्यादा घरों में रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। साल 2016 में गुड गवर्नेंस और सुराज की घोषणा की। बिजली-पानी की आपूर्ति में सुधार करने के साथ-साथ एलईडी बल्व का बड़े पैमाने पर वितरण शुरू करने की घोषणा की। सरकारी सेवाओं के ग्रुप सी और डी की भर्ती प्रक्रिया से साक्षात्कार समाप्त करने की घोषणा की। साल 2017 के राष्ट्र के नाम अपने संदेश में उन्होंने फिर से भ्रष्टाचार, जातिवाद, आतंकवाद और सांप्रदायिकता को खत्म करने पर जोर दिया। मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए तीन तलाक से मुक्ति दिलाने की घोषणा की। साल 2018 में लालकिला से उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान जन आरोग्य योजना शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत हर व्यक्ति को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। इसका लाभ 60 करोड़ से ज्यादा लोग उठा रहे हैं। सेना में शॉर्ट सर्विस में आई महिला अधिकारियों को भी प्रमोशन (कमीशन) देने की घोषणा की। उसी संबोधन में साल 2022 में पहला मानव मिशन अंतरिक्ष में भेजने की घोषणा की।

साल 2019 के संबोधन में जम्मू-कश्मीर से 'अनुच्छेद 370' हटाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं के संयोजन के लिए 'चीफ आफ डीफेंस स्टाफ' पद बनाने की घोषणा की। हर घर साफ पानी पहुंचाने के लिए हर घर नल यानी 'जल जीवन मिशन' की शुरूआत हुई। इसके तहत 16 करोड़ घरों से ज्यादा घरों में नल से जल पहुंचाया जा रहा है। उसी संबोधन में उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन (एक ट्रिलियन यानी दस लाख करोड़) डॉलर तक पहुंचाने की घोषणा की। साल 2020 का समय कोरोना महामारी का था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'नेशनल



डिजिटल मिशन' की घोषणा की और कोविड 19 वैक्सीन को विकसित करने की भी घोषणा की। साल 2021 के संबोधन में उन्होंने देश के मूलभूत ढांचे के विकास के लिए 'प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना' शुरू करने की घोषणा की। देश के विभिन्न हिस्सों को जोड़ने के लिए विशेष ट्रेन सेवा वंदेभारत शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने 75 हफ्ते में 75 वंदेभारत रेलगाड़ी चलाने की घोषणा की। साल 2047 तक ऊर्जा के क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर होने के लिए नेशनल ग्रीन हाईड्रो प्रोजेक्ट और सैनिक स्कूलों में छात्राओं के दाखिले की घोषणा की। उसी संबोधन में हर 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका दिवस' मनाए जाने की घोषणा की। उसी संबोधन में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' नारे की घोषणा और टोक्यो ओलंपिक मिशन की घोषणा की।

साल 2022 के संबोधन में प्रधानमंत्री ने अन्य घोषणाओं के अलावा 'पंच प्रण' की घोषणा की। इसे विकसित भारत के लिए, गुलामी के हर अंश को मिटाने के लिए, अपनी विरासत पर गर्व करने, एकता, एकजुटता और नागरिकों के कर्तव्य पर के प्रयास करने पर केन्द्रित किया। साल 2023 के संबोधन में पारंपरिक कारीगरी को आर्थिक प्रोत्साहन देने के लिए विश्वकर्मा योजना और आर्थिक रूप से कमजोर दो करोड़ महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना शुरू करने की घोषणा की। इतना ही नहीं, मध्यम वर्गीय परिवारों को कर्ज से राहत देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने पांच साल में भारत के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे किए। साल 2024 के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने अगले पांच साल में देश के मेडिकल कालेजों में 75 हजार नई सीटें बढ़ाने की घोषणा की। समान नागरिक आचार संहिता लागू करने के अलावा देश में अनेक विशेष गेमिंग जोन बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत साल 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दावा करेगा। साल 2030 तक देश में पांच सौ गीगावाट ग्रीन एनर्जी के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया। पिछले साल यानी साल 2025 में लालकिला से जीएसडी में सुधार की घोषणा की। इसे देश को दिवाली उपहार बताया। देश के लिए डेमोग्राफी मिशन बनाने, पीएम विकसित भारत योजना, प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना, सेमी कंडक्टर प्लांट लगाने की घोषणा की। तेल और प्राकृत गैस के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समुद्र मंथन योजना की घोषणा की। इसके लिए भारत सरकार ने 84,084 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। सरकार की ओर के कहा गया है कि अगले पांच साल में इसे पूरा कर लिया जाएगा। इसी साल जुलाई में प्रधानमंत्री ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने देश को अगले सौ सप्ताह में नशामुक्त करने की घोषणा की। पिछले दिनों उन्होंने इस मुहिम पर काम भी शुरू कर दिया।

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने लालकिला के समारोह, संसद और विभिन्न अवसरों पर अनेक घोषणाएं कीं और उसपर अमल किया। सरकार के प्रयास से 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया। कोरोना काल में देश के करीब 81 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पीएम आवास योजना में चार करोड़ से ज्यादा लोगों के घर बनवाए गए। पीएम किसान योजना में अबतक 4.3 लाख करोड़ रुपए सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजे गए हैं। सरकार ने इसे पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। सरकार हर समय देश के विकास की योजनाओं पर काम कर रही है। गांव से लेकर शहरों में बेहतर सुविधा के लिए प्रयास हो रहे हैं। देशभर में रेलमार्ग और सड़कों का जाल बिछाया गया है। 26 शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। इन सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# डेयरी कॉन्क्लेव में आधुनिक पशुपालन पर जोर, 17 को मिले चयन पत्र

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



दुग्धशाला विकास विभाग के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में दुग्ध स्वर्ण महोत्सव के तहत विकास भवन स्थित कल्पवृक्ष सभागार में एक दिवसीय डेयरी कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि डेयरी व्यवसाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। पशुपालकों को आधुनिक तकनीक अपनाकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कॉन्क्लेव में पशु चिकित्सकों, बेलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी, कृषि विज्ञान केंद्र तथा लीड बैंक के विशेषज्ञों ने उन्नत नस्ल के पशुपालन, संतुलित आहार, पशु स्वास्थ्य, दुग्ध उत्पादन, पशु बीमा और बैंक ऋण संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। नोडल अधिकारी भूपत सिंह ने मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के उद्देश्य, पात्रता और लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2026-27 की ई-लॉटरी में चयनित 28 आवेदकों में से 17 लाभार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी ने चयन पत्र एवं अनुमति पत्र वितरित किए। वहीं पराग दुग्ध संघ, बेलिनी डेयरी और लीड बैंक की ओर से लगाए गए जागरूकता स्टॉलों पर पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं और वित्तीय सहायता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में पशुपालक मौजूद रहे।

## बारिश से लहलहाती फसलें देख किसानों में झलकी खुशी

**सुमेरपुर।** बुधवार को पूरे क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश के चलते खरीफ की फसलें लहलहा उठी है। इससे किसानों के चेहरों में मुस्कान पैदा हो गयी है। बुधवार को तड़के से लेकर देर रात तक रुक रुक कर हुई बारिश से खरीफ की फसलें लहलहा उठी है। बारिश से धान, उरद, तिल, बाजरा, ज्वार, मूंग आदि की फसलों को संजीवनी मिली है। फसलों को लहलहाता देखकर किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों के अनुसार इस बारिश से फसलों को जीवनदान मिल गया है। इससे फसलों के और अधिक ग्रोथ करने की संभावना बलवती हो उठी है। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला के अनुसार बारिश ने खरीफ की फसलों के साथ किसानों को बड़ी राहत दी है। इससे फसलों की वृद्धि में तेजी आयेगी और अच्छे उत्पादन की संभावना बढ़ेगी।

# समाधान समारोह से पहले सात वादों में विशेष सिटिंग आयोजित

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 21, 22 व 23 अगस्त को आयोजित होने वाले समाधान समारोह के लिए चिन्हित सात वादों में गुरुवार को विशेष सिटिंग आयोजित की गई। जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोज कुमार राय के निर्देशन में गठित तीन विशेष पीठों ने पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रयास किया। मध्यस्थों ने सभी पक्षों को सुनकर समझौते की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। भारी वर्षा के बावजूद पक्षकार बड़ी संख्या में विशेष सिटिंग में पहुंचे और मध्यस्थता प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाई। राठ क्षेत्र से भी कई पक्षकार उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी आदर्श कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। डीएफओ ने बताया कि संबंधित प्रकरण नीतिगत प्रकृति के हैं और उन पर शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई प्रचलित है। विशेष सिटिंग में सभी सात वादों के स्थायी एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण के लिए सकारात्मक और सार्थक प्रयास किए गए।

## खबरें एक नजर में

### मानक के मुताबिक निर्माण सामग्री प्रयोग करें: ईओ



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे में नगर पंचायत की ओर से निर्माणाधीन कार्यों का अधिशासी अधिकारी ने औचक निरीक्षण करके निर्माण सामग्री अवलोकन करके ठेकेदारों को मानक अनुसार सामग्री उपयोग करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन मार्ग में बन रही नाली में लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता को परखा और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सामग्री का उपयोग स्टीमेट में स्वीकृत सामग्री के अनुसार ही किया जाए। गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी के इस कदम से ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है।

### पॉक्सो एक्ट व अन्य मामले में वांछित गिरफ्तार

**सरीला, हमीरपुर।** जरिया थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे एक आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जरिया थाना पुलिस के अनुसार 17 जुलाई 2026 को प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जरिया में बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपित अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। गुरुवार को थाना प्रभारी मनोज पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपित शिव सिंह (25) पुत्र जसीराम, निवासी ग्राम अमूंद, थाना जरिया को छिबौली तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर आरोपित को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### आईजीआरएस प्रगति खराब मिलने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**बांदा।** जिलाधिकारी ने बैठक करते हुए आईजीआरएस पोर्टल से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की प्रगति, लंबित प्रकरणों और फीडबैक की समीक्षा की। एक दर्जन विभागों की आईजीआरएस प्रगति खराब मिलने पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीएम ने प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति, लंबित प्रकरणों एवं फीडबैक की विस्तृत समीक्षा की गई। समाज कल्याण, जल निगम ग्रामीण, विद्युत विभाग ग्रामीण, जिला पंचायती राज विभाग, जिला बेसिक शिक्षा, एडीओ नरैनी व तिंदवारी, खंड विकास अधिकारी बड़ोखर खुर्द, बिसंडा व तिंदवारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी के आईजीआरएस में प्रगति खराब मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में जांच में पेंडेंसी पाई गई है, ऐसे प्रकरणों को तत्काल निस्तारित कर अपर जिलाधिकारी स्तर से फोर्स क्लोजर की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं शिकायतों की रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद ही उसे आगे बढ़ाएं। लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खबरदार किया कि आईजीआरएस में सुधार न हुआ तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एडीएम (नमामि गंगे) को निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। यदि कहीं से जल भराव या जल निकासी की समस्या आती है तो उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी संबंधित विभागाध्यक्ष व अधिकारी उपस्थित रहे।

### घर में फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव



**पनवाड़ी (महोबा)।** एक मानसिक रोगी ने अपने ही घर में टीन सेट के पाइप से गमचे का फंदा बनाकर फांसी के फंदे पर झूल गया परिजनों ने जब देखा तो वह फांसी के फंदे पर झूल रहा था परिजनों ने शव को फन्दे से उतार कर अस्पताल ले गये जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पनवाड़ी थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव में एक सुधीर 30 वर्ष पुत्र महेशचन्द्र ने अपने घर में फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाडी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में थे। कुछ देर बाद जब छत पर बने टीनशेड की ओर देखा गया, तो सुधीर गमछे के सहारे फंदे से लटका हुआ पाया गया। परिजनों ने बताया कि सुधीर का पिछले काफी समय से झांसी में दिमागी बीमारी का इलाज चल रहा था। उसकी शादी करीब दस साल पहले हुई थी। उसके परिवार में पत्नी अमृता और चार साल का मासूम बेटा लाभयांश है। अस्पताल की सूचना पर पनवाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल पाएगा।

### सर्पदंश से बचाव को लेकर डीएम ने जारी की एडवाइजरी



**झांसी।** वर्षा ऋतु में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जनपदवासियों से सतर्क रहने और वैज्ञानिक उपचार अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि खेतों, झाड़ियों और जलभराव वाले क्षेत्रों में कार्य करते समय विशेष सावधानी बरतें। खेतों में ऊँचे जूते एवं दस्ताने पहनें, रात में बाहर निकलते समय टॉर्च का प्रयोग करें तथा घर के आसपास झाड़-झंखाड़, कूड़ा-कचरा और जलभराव न होने दें। जिलाधिकारी ने बताया कि सर्पदंश होने पर घबराने के बजाय पीड़ित को शांत रखें, प्रभावित अंग को स्थिर रखें और बिना समय गंवाए निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल पहुंचाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र, चीरा लगाने, जहर चूसने या प्रभावित अंग को कसकर बांधने जैसे उपाय न करें, क्योंकि इससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने कहा कि सर्पदंश का एकमात्र प्रभावी एवं वैज्ञानिक उपचार एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) है, जो सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में एएसवी, आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं और प्रशिक्षित चिकित्सा टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आशा, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने को कहा है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि सर्पदंश की स्थिति में केवल चिकित्सकीय उपचार पर ही भरोसा करें और तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचें।

### कृषि यंत्रों, कृषि ड्रोन पर अनुदान को आवेदन 10 अगस्त तक

**झांसी।** उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान हेतु www.agriculture.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन/बुकिंग की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2026 रात्रि 12 बजे निर्धारित की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के अंतर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन, फसल अवशेष प्रबंधन (क्रॉप रेजीड्यू मैनेजमेंट) के एकल कृषि यंत्र तथा अन्य कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों पर शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार अनुदान प्रदान किया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे विभागीय पोर्टल www.agriculture.up.gov.in पर स्वयं अथवा जन सुविधा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन/बुकिंग कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

# पुलिस ने सड़क हादसे में जान गवाने वाले तीन मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा

- हादसे ने छीना परिवारों का सहारा, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



कस्बा सुमेरपुर के समीप कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुंडौरा गाँव के पास बुधवार रात 8ः00 बजे रोडवेज बस और ऑयल टैंकर के बीच हुई भीषण आमने-सामने की टक्कर में जान गंवाने वाले तीन लोगों के शवों का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया गया। हादसे में बस चालक, टैंकर चालक और एक सेवानिवृत्त परिवहन कर्मचारी यात्री की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि 20 यात्री घायल हुए थे। गंभीर रूप से घायल 6 लोगों का इलाज कानपुर के अस्पताल में जारी है, वहीं मामूली रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। हादसा इतना भयावह था कि दोनों वाहनों के अग्रिम हिस्से पूरी तरह चकनाचूर हो गए। टक्कर के प्रभाव से बस ड्राइवर निसार (57) स्टीयरिंग और केबिन के बीच फँस गए और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों व पुलिस के अनुसार हादसे के समय दोनों ही वाहन लगभग 60 से 70 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार में थे। इस भीषण दुर्घटना ने तीन परिवारों को गहरे शोक में डुबो दिया है, संविदा बस चालक महोबा के सुभाष नगर निवासी निसार 57वर्ष पिछले चार वर्षों से रोडवेज में संविदा चालक थे। निसार अपने पीछे पत्नी और तीन बेटे आनस, अरहान व अल्तमस को रोते बिलखते छोड़ गया है महेश चौरसिया (39) टैंकर चालक आजमगढ़ जिले के लखमनपुर (ताहबतपुर) निवासी था, वह सुमेरपुर की फैक्ट्री में ऑयल सप्लाई देकर कानपुर लौट रहा था। 10 वर्षों से ड्राइविंग कर रहे महेश अपने पीछे पत्नी और एक 6 वर्षीय मासूम बेटी माहेश्वरी को छोड़ गया हैं। सेवानिवृत्त परिवहन कर्मचारी महोबा निवासी नंदकिशोर 65वर्ष अपने बेटे प्रिंस का लखनऊ से न्यूरो इलाज कराकर लौट रहा था। आगामी 25 नवंबर को उसकी बेटी का विवाह तय था, लेकिन इस हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें शोकाकुल परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा दुर्घटना के सटीक कारणों की गहन जांच की जा रही है।

# 15अगस्त को निकलने वाली ई रिक्शा तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक संपन्न



**सुमेरपुर।** कस्बे के श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में संपन्न हुई ई रिक्शा संघ की बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस पर निकलने वाली तिरंगा यात्रा पर गहन मंथन करके तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय किया गया। गुरुवार को ई रिक्शा संघ के अध्यक्ष धीरू यादव की अध्यक्षता में तपोभूमि प्रांगण में हुई बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस पर्व के अवसर पर निकलने वाली ई रिक्शा तिरंगा यात्रा और गहन विचार विमर्श करके इसे भव्य तरीके से निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के संरक्षक व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ में आयोजित होने वाली ई रिक्शा तिरंगा यात्रा को कस्बे में इस वर्ष ऐतिहासिक मनाया जाएगा। इसकी अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। बैठक में गुड्डू गुप्ता, हरिओम, अरविंद, विनोद कुमार, बृजकिशोर प्रजापति, अनिरुद्ध सिंह, भोला प्रसाद, बादल, अनिल कुमार, देशराज, मनोज कुमार आदि सैकड़ो ई रिक्शा चालक मौजूद रहे।

### लगातार बारिश से तालाब बनी सड़कें, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**बांदा।** जिले में लगातार हो रही बारिश से शहर से लेकर गांवों तक जल भराव की गंभीर स्थिति बनी गई है। शहर के कई मोहल्लों में सड़कें शतालाबश् जैसी नजर आ रही हैं। जल निकासी की व्यवस्था न होने से घरों में पानी घुस रहा है। लगातार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से लगातार पूरे जिले में हो रही बारिश आफत बन गई है। पैलानी तहसील क्षेत्र के इछावर गांव के ग्रामीणों मनोज कुमार, अजीज खान, सियाराम, सुनीता वर्मा, गोरेलाल निषाद, इस्लाम खान, मौजी लाल श्रीवास ने बताया कि उनके घरों के सामने से सरकारी आरसीसी रोड गया है। लगातार बारिश से सड़क पर जलजमाव होने से आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का पानी बस्ती के घरों में घुस रहा है। जल भराव होने से बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से समस्या समाधान कराए जाने की मांग की है। इसी तरह शहर के वार्ड नंबर-16 (सर्वोदय नगर) स्थित गजानन माता मंदिर के पास पिछले तीन दिनों से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। लगातार पानी निकासी न होने के कारण पूरी गली पानी से लबालब हो गई है। स्कूल आने-जाने के दौरान बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। दुर्घटना और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका ने पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की। सभासद ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ ज्ञानू पर भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# प्राथमिकता से सभी राजस्व वादों का समय से कराएं निस्तारण

- आयुक्त ने तहसीलदारों दिया निर्देश
- लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



आयुक्त ने अपने कार्यालय सभागार में बैठक करते हुए मंडल के चारों जनपदों के तहसीलदारों, तहसीलदार (न्यायिक) एवं नायब तहसीलदारों के साथ राजस्व वादों के निस्तारण एवं राजस्व प्रशासन की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग से संबंधित मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। अपने कार्यालय सभागार में गुरुवार को आयुक्त अजीत कुमार ने मंडल के चारों जनपदों के तहसीलदारों, तहसीलदार (न्यायिक) व नायब तहसीलदारों के साथ राजस्व वादों के निस्तारण एवं राजस्व प्रशासन की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि नामांतरण वादों का विशेष अभियान चलाकर निस्तारण किया जाए। कोई भी नामांतरण वाद 45 दिवस से अधिक लंबित न रहे। प्रत्येक तहसीलदार नियमित रूप से लंबित वादों की समीक्षा करें तथा अनावश्यक रूप से लंबित मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष से अधिक लंबित राजस्व वादों के निस्तारण के लिए पृथक कार्ययोजना तैयार करें। भूमि संबंधी विवादों के त्वरित एवं स्थायी समाधान के लिए पैमाइश, सीमांकन एवं कुर्राफ्ट संबंधी वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारियों एवं लेखपालों को रोवर तकनीक के उपयोग में दक्ष बनाया जाए तथा इसका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सरकारी भूमि, सार्वजनिक मार्ग, तालाब, चारागाह एवं अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को पुलिस विभाग के समन्वय से तत्काल हटवाया जाए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों का पूर्व सर्वेक्षण कर राहत एवं बचाव की समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं।

**बाढ़ राहत-बचाव तैयारियां पूरी करें**

आयुक्त ने संभावित बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं की तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करके राहत व बचाव की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। राहत शिविर, नावों की उपलब्धता, पेयजल, खाद्यान्न, दवाइयों, पशुचारा एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्थानीय प्रशासन, पुलिस एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आपदा प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार रखी जाए।

# यातायात नियमों का स्वयं पालन करें, परिवार व समाज के लोगों को भी करें जागरुक: वीरबहादुर



**उरई।** कार्यक्रम का आयोजन डीएम राजेश कुमार व एसपी विनय कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेमनाथ व अध्यापक विवेक कुलश्रेष्ठ, शशांक सिंह व रामेन्द्र गुप्त की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह, मुख्य आरक्षी सुभाष कुमार, मुख्य आरक्षी अजीत कुमार व उनकी टीम नें विद्यार्थियों को हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, यातायात संकेतों व ट्रैफिक लाइट का पालन करने के साथ ही सड़क पार करते समय आवश्यक सावधानियां बरतने के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से यातायात नियमों का स्वयं पालन करने व अपने परिवार व समाज के अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सभी नागरिकों की सहभागिता पर बल दिया गया। विद्यालय प्रशासन ने इस जागरूकता कार्यक्रम के लिए पुलिस विभाग का आभार जताया, कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में यातायात के प्रति जिम्मेदारी व अनुशासन की भावना विकसित करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

## जमीनी विवाद में मां-बेटी व नाबालिग को पीटा, तीन पर मुकदमा दर्ज



**पनवाड़ी (महोबा)।** जिले के महोबकंठ थाना के कनकुआ गांव में जमीनी विवाद के चलते मां, बेटी और एक नाबालिग के साथ बेरहमी से मारपीट की गई है पीड़ित की तहरीर पर मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायलों को पुलिस ने अभिरक्षा में मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। महोबकंठ थाना क्षेत्र के ग्राम कनकुआ में खलिहान की जमीन पर रखी निर्माण सामग्री हटाने को लेकर पारिवारिक विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। रामजानकी 55 वर्ष ने जब बारिश के कारण ईंट, बालू, गिट्टी और खपरा हटाने को कहा, तो परिवार के कुछ लोग भड़क उठे और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मां को बचाने पहुंची 22 वर्षीय बेटी अर्चना भी कथित हमले का शिकार बनी। बीच-बचाव करने आए नाबालिग उमाशंकर को भी नहीं बख्शा गया। ग्रामीणों ने किसी तरह तीनों को छुड़ाया और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। पुलिस ने तीन नामित आरोपितों (महिलाओं और एक पुरुष) के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352 और 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपों की जांच कर रही है।

# दोस्तों के साथ पिकनिक पार्टी मनाने गए युवक की मदनसागर में डूब कर मौत

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



दोस्तों के साथ पिकनिक पार्टी मनाने गए एक युवक की मदन सागर तालाब में डूब कर दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पर पहुंची पुलिस व प्रशासन ने 3 घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद म्रतक के शव को तालाब से बरामद कर लिया है पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बुधवार की सुबह जनपद में हुई तेज बारिश के चलते अपने दोस्तों के पिकनिक पार्टी के लिए चन्दू साहू (32)वर्ष पुत्र घनश्याम अपने दोस्त धर्मेंद्र व तीन अन्य दोस्तो के साथ मदनसागर तालाब के पास गए थे पिकनिक पार्टी के बाद चन्दू मदनसागर की नहर के पुल पर बैठ कर पानी के बहाव को देख रहा था तभी वह मदन सागर तालाब में गिर गया और थोड़ी देर बाद उसके दोस्त धर्मेंद्र भी उसे बचाने के लिये तालाब में कूद गया लेकिन और भी डूबने लगा तभी लोगों की भारी भीड़ वहाँ पहुँच गई और धर्मेंद्र को बचा लिया गया लेकिन चन्दू साहू की 3 घण्टे कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने उसके शव को तालाब से निकाल लिया एसडीएम शिवध्यान पांडे सीओ रविकांत गॉड व इंस्पेक्टर मनीष पांडे मौके पर पहुंचे उन्होंने तालाब से निकाले गए युवक को को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# आईआईआरएफ रैंकिंग में बुन्देलखण्ड विवि के फार्मेसी संस्थान ने हासिल किया 23वां स्थान



**झांसी।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ने इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) 2026 की रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर 23वाँ, जोन स्तर पर 12वाँ तथा उत्तर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने संस्थान के शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने कहा कि यह सफलता गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, शोध एवं नवाचार के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का परिणाम है। वहीं कुलसचिव ज्ञानेन्द्र कुमार ने फार्मेसी संस्थान को बुन्देलखण्ड क्षेत्र में उच्च शिक्षा एवं शोध का अग्रणी संस्थान बताया। संस्थानाध्यक्ष डॉ. पीयूष भारद्वाज ने बताया कि संस्थान ने आईआईआरएफ के नौ मूल्यांकन मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने सफलता का श्रेय संस्थान के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को दिया। इस अवसर पर प्रो. सुनील कबिया, प्रो. सुनील प्रजापति सहित विभाग के शिक्षक उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन का उत्सव बनाएं: जिलाधिकारी

**उरई।** डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान-2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में अभियान को जनआंदोलन के रूप में सफल बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वित रुप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि 9 से 17 अगस्त तक चलने वाले अभियान के दौरान प्रत्येक घर, सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थान व सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक फहराया जाए। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अभियान में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए नागरिकों को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़ने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए।

# 14 अगस्त को होंगे विविध कार्यक्रम: डीएम

- डीएम-एसपी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक

समृद्धि न्यूज़, उरई।



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी विनय कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ÷विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस-2026÷ के आयोजन की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय व प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में आगामी 14 अगस्त को जिले में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस गरिमामय व प्रभावी ढंग से मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य विशेष रूप से युवा पीढ़ी को वर्ष 1947 के भारत विभाजन की त्रासदी से परिचित करानें के साथ ही विभाजन के दौरान प्रभावित लोगों के साहस, संघर्ष व बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करना है। डीएम ने निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार कार्यक्रमों का व्यापक व सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा विभाजन विभीषिका पर तैयार की गई सामग्री पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही विभाजन के समय विस्थापित होकर भारत आए परिवारों को आमंत्रित कर उनकी स्मृतियों, दस्तावेजों व अन्य सामग्री का प्रदर्शन कराया जाएगा। कहा कि इस दौरान विभाजन की त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा जाए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के उद्बोधन आयोजित किए जाएं व मुख्य आयोजन से पूर्व विभाजन पीड़ितों की स्मृति में कैंडल मार्च भी निकाला जाए।

# सोनू-मोनू मेरी हत्या कराना चाहते थेः विधायक

- विधायक विवाद में नए ऑडियो ने मचाई हलचल
- भद्र भाइयों को लेकर हुई बातों का ऑडियो हुआ वायरल

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

जिले के शहर विधायक व महिला विवाद में लगातार नए नए खुलासे हो रहे है।प्रतिदिन एक नया ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।मामले में अभी तक न विधायक की तरफ से कोई प्रतिक्रिया सामने आई है और न ही महिला जिले की मीडिया के सामने आ रही है। बता दे कि बीते तीन दिनों से ऑडियो वीडियो बम ने जिले की राजनीति में हलचल मचा दी है। लगातार एक के बाद एक ऑडियो वायरल होने के बाद शहर विधायक की मुश्किले बढ़ती नज़र आ रही है।

वही गुरुवार को वायरल हुए ऑडियो जिले में नए विवाद को जन्म दे दिया है।वायरल ऑडियो में विधायक किसी महिला से यह कहते हुए नज़र आ रहे है कि हमारे यहां सोनू, मोनू है उनसे मैने दुश्मनी इस बात को सोच कर की कि वह मेरी हत्या करा सकते है और उनकी हत्या करवाने के लिए भी हमने बात की थी तुमसे शेयर कर रहा हूं।फिर हमने सोचा कि पहले वे आक्रमण करे इसके बाद तो मैं इन्हें नेस्तनाबूद तो कर ही दूंगा।और उनको मैने उनके घर में बैठा दिया उनकी जमीन की खरीदारी, ब्लॉक से जो करोड़ो रुपये लेते थे वह खत्म कर दिया विधायक है नहीं,तीन भट्ठे थे वह भी बंद करवा दिए अब उनके पास कमाई का कोई जरिया नहीं है। हालांकि वायरल ऑडियो पुष्टि फॉरेंसिक जांच द्वारा ही हो सकती है कि वायरल ऑडियो विधायक का ही है या स्क्रिप्टेड है।वायरल ऑडियो के संबंध में जब पूर्व प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी बाहर है एक दो दिन में प्रेस वार्ता करके जवाब देंगे।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर। अखंडनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बहाउद्दीनपुर में गुरुवार को एक विवाहिता की मौत हो गई। मृतका की पहचान प्रीति (36) पत्नी संतोष चौधरी के रूप में हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उनकी मृत्यु बीमारी के कारण होना बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रीति की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व हुई थी। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे और मृत्यु पर संदेह जताया। इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय कुमार ने बताया कि मायके पक्ष द्वारा संदेह व्यक्त किए जाने के कारण शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के बेनीपुर कैंटीन में आधे घंटे रुकीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरुवार को गोरखपुर से लखनऊ लौटते समय पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर धनपतगंज क्षेत्र स्थित बेनीपुर कैंटीन में करीब आधे घंटे के लिए रुकीं। अपराह्न लगभग 3:30 बजे उनका काफिला कैंटीन पहुंचा और करीब 4 बजे लखनऊ के लिए रवाना हो गया। राज्यपाल के आगमन को लेकर कैंटीन परिसर और आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी पहले से मौके पर मौजूद रहे और पूरे प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। विश्राम के दौरान राज्यपाल ने कैंटीन परिसर का निरीक्षण किया और क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार सोनी तथा श्रवण कुमार से बातचीत की। उन्होंने परिसर में आने वाले पक्षियों के लिए प्रतिदिन दाना और स्वच्छ पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव देते हुए कहा कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता हमारी संस्कृति की पहचान है तथा छोटे-छोटे प्रयासों से पक्षियों का संरक्षण किया जा सकता है। इस दौरान उपजिलाधिकारी संदीप यादव, क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार, थाना प्रभारी धनपतगंज अंजू मिश्रा, तहसीलदार सदर दुर्गेश कुमार यादव, नव नियुक्त तहसीलदार जयसिंहपुर रूबी यादव, खाद्य निरीक्षक रमाशंकर पटेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। विश्राम के बाद राज्यपाल का काफिला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लखनऊ के लिए रवाना हो गया।



पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कैंटीन में जाती राज्यपाल आनंदी बेन

## रेलवे ट्रैक पर किसान की मौत

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर। अखंडनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को बेलवाई रेलवे फाटक के पास अयोध्या-जौनपुर रेलवे ट्रैक के किनारे एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अखंडनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान थाना अखंडनगर क्षेत्र के मीरपुर प्रतापपुर निवासी रामसहाय प्रजापति (40) के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार रामसहाय गुरुवार सुबह घर से खेत में पानी लगाने के लिए निकले थे। प्रारंभिक आशंका है कि वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आज से शुरू होगी भाजपा की कलश वंदन यात्रा

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।



फोटो-संत रविदास

- 26 मंडलों में पहुंचेगा संत रविदास का समरसता संदेश

संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी 7 अगस्त से जनपद के सभी 26 मंडलों में कलश वंदन यात्रा निकालेगी। यात्रा का शुभारंभ गुरुवार सुबह 9:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय से होगा। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी विधिवत कलश पूजन के बाद यात्रा को रवाना करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि प्रथम चरण में 7 से 9 अगस्त तक यात्रा लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के छह मंडलों में भ्रमण करेगी। इस दौरान गांवों, बाजारों और मंदिरों में कलश पूजन के साथ संत रविदास के समरसता, समानता और सामाजिक सद्भाव के संदेश का प्रसार किया जाएगा। 7 अगस्त को यात्रा भदैयां मंडल के पखरौली, हनुमानगंज, दोमुहा, कामतागंज, भरथीपुर और लोदीपुर होते हुए कंधईपुर मंडल के नरहरपुर, रणजय गैस एजेंसी, कंधईपुर बाजार, रुदौली मंदिर, शिवपुरी मंदिर और सकरसी पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा। 8 अगस्त को यात्रा अर्जुनपुर मंडल के भरखरे, शिवगढ़, तातोमुरैनी, हरिहरपुर, अर्जुनपुर, लंभुआ बाजार, रामपुर कुर्मियान, शाहगढ़ बाजार, लोटिया और बेलाही का भ्रमण करेगी। 9 अगस्त को यात्रा अमरूपुर मंडल के रामगढ़, धरवाजपुर, आनापुर, कोथराखुर्द, कोथराकला, पीपी कमैचा, ईशीपुर, शाहपुर, छतौना और कोइरीपुर पहुंचेगी। इसके बाद 10 अगस्त से यात्रा कादीपुर विधानसभा क्षेत्र के मंडलों में प्रवेश करेगी।

यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर कलश पूजन, पुष्पवर्षा और स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा कार्यकर्ता संत रविदास के सामाजिक समरसता और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## पोषण पाठशाला में आयुष्मान भारत योजना व स्तनपान के महत्व पर किया गया जागरूक

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित ऑनलाइन पोषण पाठशाला में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वेबकास्ट के दौरान अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी, निदेशक हर्षिता माथुर, उपनिदेशक डॉ. अनुपमा साडिल्य तथा विषय विशेषज्ञों ने आयुष्मान भारत योजना के उद्देश्य, पात्रता, गोल्डन कार्ड के माध्यम से मिलने वाली कैशलेस स्वास्थ्य सेवाओं और योजना का अधिकतम लाभ उठाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। साथ ही नवजात शिशु को जन्म के तुरंत बाद स्तनपान शुरू कराने, पहले छह माह तक केवल मां का दूध पिलाने तथा स्तनपान से मां और शिशु को होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी, बाल विकास परियोजना अधिकारी फूल कुमार, दयाराम एवं राजेंद्र प्रसाद, मुख्य सेविकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, गर्भवती एवं धात्री महिलाएं, आईसीडीएस के लाभार्थी तथा 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों ने सहभागिता की। वेबकास्ट में अर्चना वर्मा (आईएएस), तापसिनी खेन (मुख्य कार्यकारी अधिकारी), वरिष्ठ पोषण विशेषज्ञ, तथा आनंद कुमार सिंह (प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, पोषण) ने भी स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

# डीएम ने जल संरक्षण व प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने जनपद में जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास खंड सरेनी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित वाटरशेड विकास घटक प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत कराये गये विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाटरशेड कोड रम्ईपुर कला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हसनापुर तथा वाटरशेड कोड खौंद में जल संरक्षण से संबंधित परियोजनाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रभावी रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत हसनापुर के अंतर्गत जीर्णोद्धार कराए गए तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के पुनर्जीवन से जल संचयन, भू-जल स्तर में वृद्धि तथा ग्रामीणों एवं पशुओं को होने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की उन महिलाओं से संवाद किया। जिलाधिकारी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में निरंतर कार्य करने, सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने तथा अन्य महिलाओं को भी समूह से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने पहुरी कोड नाले पर निर्मित चेक डैम का निरीक्षण किया। उन्होंने चेक डैम की संरचना, जल संचयन क्षमता एवं उसके माध्यम से क्षेत्र में सिंचाई एवं भू-जल पुनर्भरण पर पड़ने वाले प्रभाव का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे जल संरक्षण ढांचों का नियमित निरीक्षण एवं समय-समय पर अनुरक्षण सुनिश्चित किया जाए, जिससे वर्षा जल का अधिकतम उपयोग हो सके। इसके बाद जिलाधिकारी ग्राम पंचायत खौंद पहुंचीं, जहां उन्होंने किसानों के खेतों में बनाए गए मार्जिनल एवं पेरिफेरल बंधों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। वर्षा जल का संरक्षण, भू-जल संवर्धन तथा प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग भविष्य की पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी लालगंज राजेश श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी सरेनी प्रमोद यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी जे0पी0 यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### दुर्घटना में युवक की मौत पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। दुर्घटना में युवक की मौत को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अंतू थाना क्षेत्र के आशापुर दुबेपुर गांव निवासी राजनाथ वर्मा पुत्र संतराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन अगस्त की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका पुत्र सोनी लाल वर्मा बाइक से अपनी ससुराल जगदीशपुर लालगंज जा रहा था। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल के समीप सड़क पर बैठे मवेशियों से बाइक टकरा गयी। दुर्घटना में सोनी लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाने पर चिकित्सकों ने सोनीलाल को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### महिला ने सरेराह की पति की पिटाई

प्रतापगढ़। पति पत्नी के विवाद में पत्नी ने सरेराह पति की जमकर पिटाई कर दी। घटना के दौरान मौके पर तमाशबीनों का मजमा लग गया। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला बाजार में गुरुवार को अचानक एक महिला ने सरेराह पति की चप्पलों से पिटाई शुरू कर दी। महिला के हाथों पति को पिटते देख तमाशबीनों का मजमा लग गया। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने चर्चा रही कि पत्नी पति के शराब के लती होने व परिवार की उपेक्षा करने से परेशान थी। करीब बीस वर्ष से पति शराब पीकर आये दिन घर में विवाद करता रहता है। बाजार में भी दोनों में इसे लेकर विवाद होने पर महिला ने आपा खो दिया और पति की पिटाई कर दी। घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पति की पिटाई करने के बाद महिला उसे पकड़कर पुलिस चौकी की ओर ले गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बारिश से हुए जलजमाव से बढ़ी परेशानी

प्रतापगढ़। लालगंज तहसील क्षेत्र में बीते दो दिनों से रूक रूक कर हो रही बारिश के चलते हुए जलजमाव से गुरूवार को लोग हलाकान दिखे। गुरूवार को भी सुबह से शुरू हुई बारिश रूक रूक कर दोपहर तक होती रही। इसके चलते तहसील परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्युत उपकेन्द्र समेत कई वार्डों में भी जगह जगह जलजमाव हो गया। तहसील में जलजमाव के चलते अधिवक्ताओं, वादकारियों, के साथ ही राजस्वकर्मियों में भी खासी परेशानी बनी दिखी। वादकारियों तथा आम फरियादियों को पानी में एसडीएम तथा तहसीलदार कोर्ट व प्रशासनिक दफ्तरों में पहुंचने के लिए कठिनाईयों से गुजरते देखा गया। वहीं जलेशरगंज मार्ग, नेताजीपुरम वार्ड, बाजार खास, शीतलमऊ आदि क्षेत्र में कई जगह जलजमाव की स्थिति बनी देखी गयी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में भी जलजमाव होने से मरीजों तथा तीमारदारों को हलाकान होते देखा गया।

### घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक कर मांगा आशीर्वाद

प्रतापगढ़। पौराणिक शिवालय बाबा घुइसरनाथ धाम में सावन माह को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन पूजन को पहुंच रही है। गुरूवार को भी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। वहीं धाम में श्रद्धालु गर्भगृह की परिक्रमा कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना करते दिखे। सावन माह के चलते गर्भगृह में रूद्राभिषेक वर्जित होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गर्भगृह के बाहर परिक्रमा परिसर के आसपास रूद्राभिषेक व ऊँ नमः शिवाय जाप में रमे दिखे।

# चकबंदी की मांग को लेकर किसान नाराज

चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

समृद्धि न्यूज़, ऊंचाहार (रायबरेली)।





चुनाव बहिष्कार का बैनर लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण

तहसील क्षेत्र के चंदलाही मजरे शहजादपुर गांव के किसानों ने अपनी जमीन की चकबंदी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। किसानों का आरोप है कि चकबंदी न होने से उन्हें खेती-किसानी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग जल्द पूरी नहीं हुई, तो वे आगामी विधानसभा और पंचायत चुनावों का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।जेमनीः प्रदर्शनकारी किसानों ने एक बैनर के माध्यम से अपनी नाराजगी जाहिर की, जिस पर स्पष्ट रूप से लिखा था कि ग्राम पंचायत शहजादपुर में जब तक चकबंदी नहीं, तब तक चुनाव से बहिष्कार। बैनर पर 'चुनाव बहिष्कार' के नारों को लाल रंग से घेरकर उनकी मांग की गंभीरता को दर्शाया गया है। किसानों का कहना है कि उनकी जमीनें बिखरी हुई हैं, जिससे प्रबंधन मुश्किल होता है। चकबंदी होने से जमीन एक जगह हो जाएगी, जिससे उत्पादकता बढ़ेगी और कृषि कार्य आसान होंगे। किसानों का यह भी तर्क है कि चकबंदी न होने से गांवों में विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। इस प्रदर्शन ने स्थानीय प्रशासन पर दबाव बढ़ा दिया है।

## विवाहिता की फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप, जांच शुरू

समृद्धि न्यूज़, अमावां। मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की शाम हुई विवाहिता की मौत के मामले में मृतका के भाई ने दहेज के लिए फांसी लगाकर बहन की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। डीह थाना क्षेत्र के डेला गांव निवासी राम आसरे की पुत्री गुड़िया 20 वर्ष ने करीब 8 महीने पहले मिल एरिया थाना क्षेत्र के राघनपुर गांव निवासी शिवलाल पुत्र छत्रपाल के साथ प्रेम विवाह किया था। पुलिस को दी तहरीर में मृतका के भाई मोतीलाल ने पति शिवलाल सास ससुर के अलावा पति की बहन शालू पर दहेज के लिए फांसी लगाकर मारने का आरोप लगाया है। मोतीलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है की मृतका गुड़िया के नाम मायके में आठ बिस्वा जमीन है जिसे बेचने के लिए गुड़िया के ससुरालीजन दबाव बना रहे थे।

# हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक



समृद्धि न्यूज़, अमेठी।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 6 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान-2026 की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि अभियान तीन चरणों में संचालित होगा, जिसके तहत तिरंगा रैली, तिरंगा मेला, प्रदर्शनी, पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक सभी सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण एवं तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने बताया कि अभियान के तहत जनपद के करीब 5 लाख घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है।

# क्लर्क पर हमला, मारपीट कर नकदी छीनने का आरोप

समृद्धि न्यूज़, अमेठी।

कोतवाली क्षेत्र में एक इंटर कॉलेज के क्लर्क के साथ मारपीट और नकदी छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, शिवप्रताप इंटर कॉलेज में कार्यरत क्लर्क फूलचंद्र ने आरोप लगाया है कि गांव के पास धीरेंद्र यादव उर्फ मोती, धर्मेंद्र तथा रामकरन ने उन्हें रोक लिया और मारपीट की। आरोप है कि आरोपितों ने उनके पास मौजूद रु. 15 हजार भी छीन लिए।

घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।



## बारिश ने खोली नगर पंचायत में हुए विकास कार्यों की पोल

- अस्पताल मार्ग जलमग्न गांधी नगर में पंप लगाकर निकाला गया पानी

समृद्धि न्यूज़, महराजगंज (रायबरेली)।




गुरुवार को हुई झमाझम बारिश ने नगर पंचायत के विकास संबंधी दावों की हकीकत उजागर कर दी। बारिश के बाद नगर के कई हिस्सों में जलभराव हो गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित रहा। अस्पताल जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह पानी में डूबा रहा, जबकि गांधी नगर मोहल्ले में जलभराव से राहत दिलाने के लिए पंप सेट लगाकर पानी निकाला गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन द्वारा नगर के विकास और नागरिकों के बेहतर जीवन स्तर के लिए करोड़ों रुपये उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और नगर पंचायत अधिकारियों की लापरवाही तथा बिना समुचित कार्ययोजना के विकास कार्य कराने के कारण समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं।नागरिकों का आरोप है कि जिन क्षेत्रों में पहले से पक्की सड़क और नालियां बनी हुई हैं, वहीं दोबारा निर्माण कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है, जबकि जिन मोहल्लों में मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, वहां वर्षों से कोई कार्य नहीं कराया गया।आर्य नगर स्थित दानेश्वर मंदिर के पीछे रहने वाले जगमोहन ने बताया कि गुरुवार सुबह हुई बारिश के बाद उनके मोहल्ले के चार से छह घरों में पानी भर गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में न तो जल निकासी की व्यवस्था है और न ही सड़क का निर्माण कराया गया है। पिछले पांच वर्षों से मोहल्लेवासियों ने सड़क और नाली निर्माण के लिए नगर पंचायत को दर्जनों शिकायत पत्र दिए, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।वहीं, स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि राजा स्कूल जाने वाले मार्ग पर पहले से सीसी सड़क सही स्थिति में होने के बावजूद लगभग 40 लाख रुपये की लागत से दोबारा निर्माण कराया जा रहा है।

## भाई की डांट से क्षुब्ध किशोरी कुंएं में कूदी

समृद्धि न्यूज़, डीह (रायबरेली)। परिजनों की मामूली डांट से क्षुब्ध होकर एक किशोरी कुंएं में कूद गई। इसकी जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई तो शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किशोरी को कुंएं से बाहर निकाला। जिसे परिजन इलाज के लिए सीएचसी डीह ले गए। डीह कस्बे की रहने वाली नाजिया पुत्री मो असलम (14 वर्ष) घर में किसी बात को लेकर उसके बड़े भाई ने उसे डांट दिया जिससे क्षुब्ध होकर कस्बे के बाहर आरएसी सेंटर के पास स्थित कुएं में कूद गई परिजनों ने कुएं में जैसे ही कूदते देखा शोर मचाने लगे जिसे सुन पास पड़ोस के ग्रामीण मौके पर पहुंच कर उसे कुएं से बाहर निकाला।

## 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की बैठक

समृद्धि न्यूज़, अमेठी। आगामी 8 अगस्त को संगम नगरी प्रयागराज में आयोजित होने वाले कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय अमेठी में 186-अमेठी विधानसभा क्षेत्र के नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक छात्रों और युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।



बैठक में वक्ताओं ने कहा कि युवाओं और छात्रों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और युवाओं को कांग्रेस की नीतियों से जोड़ने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर देवमणि तिवारी, नरेंद्र मिश्रा, विनोद मिश्रा, अरविंद चतुर्वेदी, धर्मेंद्र शुक्ला, शुभम सिंह, विजेंद्र सिंह लोहा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया।

# एसओजी व आसपुर देवसरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुठभेड़, बदमाश के पैर में लगी गोली

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



थाना आसपुर देवसरा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने गुरुवार को चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गोविंद सिंह पुत्र सुरेश बहादुर सिंह निवासी ग्राम गोड़े, थाना कोतवाली नगर, प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। उसके पास से मुकदमे से संबंधित चोरी के सोने-चांदी के जेवरात, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी आसपुर देवसरा राकेश कुमार चौरसिया, थाना पुलिस और स्वाट टीम के साथ थाना आसपुर देवसरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 208/2026 (धारा 331(4), 305, 309(4), 115(2), 127(2), 3(5) बीएनएस) से संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार गोविंद सिंह को रोकने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने तत्परता से घेराबंदी कर आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें गोली लगने से अभियुक्त घायल होकर गिर पड़ा और उसे दबोच लिया गया।

## पीपरपुर में जलभराव से ग्रामीण परेशान, जाम लगाने का प्रयास

समृद्धि न्यूज़, पीपरपुर/अमेठी। लगातार बारिश के चलते थाना पीपरपुर क्षेत्र के सया-पीपरपुर गांव में जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। गांव की गलियों और रास्तों में पानी भर जाने से लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। समस्या से नाराज कुछ ग्रामीणों ने अमेठी-दुर्गापुर मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया। ग्रामीणों का आरोप है कि नाले पर हुए अतिक्रमण के कारण जल निकासी बाधित हो गई है, जिससे बारिश का पानी गांव में भर रहा है। सूचना पर पहुंची पीपरपुर पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया और संबंधित विभाग से समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाकर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है।

## बारिश में बहा हारीपुर-रसवादा मार्ग का हिस्सा, हादसे की आशंका

समृद्धि न्यूज़, भेटुआ/अमेठी।

लगातार बारिश के चलते विकासखंड भेंटुआ के हारीपुर-रसवादा धम्मौर मुख्य मार्ग पर संतगंज स्थित पूरे घनाई पुरवा गौशाला के पास सड़क का बड़ा हिस्सा बह गया है।

इससे आवागमन जोखिमपूर्ण हो गया है। स्थानीय लोगों ने राहगीरों को सतर्क करने के लिए क्षतिग्रस्त स्थान पर लकड़ी और पत्थर रख दिए हैं।

यह क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। सड़क क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी मार्ग से स्कूली बच्चों समेत बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं।



ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल मरम्मत कराने तथा तब तक बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# प्रदेश के केंद्रों पर लागू होगा मॉडल : मनोज कुमार

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**



- सीमित संसाधनों में उत्कृष्ट मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं
- सीईओ ने निरीक्षण के बाद की सराहना

जिले का उपकेंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुरैया बुजुर्ग अब पूरे प्रदेश के लिए मिसाल बनेगा। स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने गुरुवार को केंद्र का निरीक्षण कर यहां दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जमकर सराहना की। उन्होंने केंद्र के सीमित संसाधनों के बावजूद जिस गुणवत्ता के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, वह अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस सफल मॉडल का अध्ययन किया गया है और इसे प्रदेश के अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लागू करने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) प्रबंधन, सुरक्षित प्रसव व्यवस्था और डिलीवरी प्वाइंट का गहन निरीक्षण किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अमिता कटारिया एवं स्वास्थ्य टीम ने बताया कि केंद्र पर प्रतिमाह 28 से 30 सुरक्षित प्रसव कराए जा रहे हैं तथा लगभग 10 हजार की आबादी को नियमित स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। सभी आवश्यक मानक और पैरामीटर संतोषजनक पाए गए।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने लगभग 35 वर्ष तक सेवाएं देने वाली सेवानिवृत्त एएनएम के समर्पण और अनुभव की विशेष सराहना की। उन्होंने एआई आधारित ईसीजी मशीन की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण देने और आधुनिक तकनीक का लाभ गांव स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, आईएएस अक्षत वर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सीएमओ डॉ विकास चंद्रा ,के.पी. त्रिपाठी, बाई.के. मंजुल, रेड क्रॉस सोसायटी उपाध्यक्ष डॉ. सरित दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विकास कार्यों को कराने की दी गई टिप्स

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



विकास खंड मुख्यालय के सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायकों के लिए एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा पंचायत विकास योजनाओं को बेहतर ढंग से तैयार करने की जानकारी देना रहा।

प्रशिक्षण में पंचायतीराज विभाग, कानपुर मंडल के मास्टर ट्रेनर विपिन कुमार एवं सरोज कुमारी ने खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य की मौजूदगी में प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करने की प्रक्रिया, 16वें वित्त आयोग की संस्तुतियों, विकास कार्यों की गुणवत्ता, ग्राम सभा की भूमिका तथा पंचायत पोर्टल पर योजनाओं के अपलोड की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर तैयार होने वाली प्रत्येक योजना स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई जाए, जिससे ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। मास्टर ट्रेनरों ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी, अभिलेखों का सही रखरखाव तथा शासन की गाइडलाइन के अनुरूप कार्य कराने पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रतिभागियों को पंचायत विकास योजना में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सहभागिता और ग्राम सभा के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

## पैमाइश के बाद भी चकरोड पर नहीं डाली गई मिट्टी

**तालग्राम/कन्नौज।** तालग्राम क्षेत्र के ग्राम लोधापुर उर्फ नंदलालपुर निवासी पूरन सिंह राठौर ने गांव के चकरोड पर कब्जा होने और प्रशासनिक आदेश के बावजूद रास्ता दुरुस्त न किए जाने की शिकायत की है। उनका आरोप है कि उनके मकान तक जाने वाले चकरोड संख्या 217 पर गांव के कुछ दबंगों ने कब्जा कर रखा है। तहसील प्रशासन ने पैमाइश कराकर चकरोड की निशानदेही भी करा दी, लेकिन इसके बाद भी उस पर मिट्टी नहीं डलवाई गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि खंड विकास अधिकारी और संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी की ओर से चकरोड पर मिट्टी डलवाने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत के चलते कार्य जानबूझकर बाधित किया जा रहा है। पूरन सिंह ने जिलाधिकारी से चकरोड को कब्जामुक्त कराकर उस पर मिट्टी डलवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर जोर



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

आगामी उप्र विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सौरिख में एक निजी भवन में आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एवं जोन प्रभारी शिवप्रकाश विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को चुनाव की तैयारियों में पूरी सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करें तथा सेक्टर और बूथ स्तर तक संगठन का गठन तेज गति से पूरा करें। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में आजाद समाज पार्टी तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में उभर रही है और बहुजन समाज के बीच उसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश में अपने दम पर मजबूती से विधानसभा चुनाव लड़ेगी। विशिष्ट अतिथि मुख्य मंडल प्रभारी प्रदीप निगम ने कहा कि बहुजन समाज की लड़ाई सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में मजबूती से लड़ी जा रही है, इसलिए लोगों का विश्वास आजाद समाज पार्टी पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कानपुर मंडल की सभी विधानसभा सीटों पर पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी।बैठक में जोन प्रभारी बबलू यादव, मंडल प्रभारी छबिराम जाटव, जावेद वारसी, मनोज दिवाकर, गुड्डू कठेरिया, प्रवेंद्र गौतम, पातीराम बौद्ध, प्रभात गौतम, नेम सिंह, राजू भारती, साक्षी कठेरिया, पवन गौतम, चांद खां सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुकदमा वापसी की मांग पर बहबलपुर में भूख हड़ताल

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



ग्राम बहबलपुर में रास्ता खुलवाने और दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। गुरुवार को धरने का नौवां दिन रहा।

ग्रामीणों के अनुसार प्रशासनिक अधिकारियों के मौके पर पहुंचकर समस्या के समाधान का आश्वासन था, लेकिन कोई अधिकारी नहीं आया। इससे नाराज ग्रामीणों ने 7 अगस्त से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की है। भूख हड़ताल पर श्रीकृष्ण यादव, प्रेमचंद्र सिंह, रामरतन नागर, संजीत यादव, शिवराज यादव, बॉबी जाटव और भगवद् दयाल सहित कई ग्रामीण बैठेंगे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि रास्ता खुलवाने और मुकदमे वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने में भारतीय किसान यूनियन बलराज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल रहेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष चौ. प्रताप सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सौरव यादव, जिला सचिव गुड्डू यादव, ग्राम अध्यक्ष पृथ्वीराज, खुशीराम पाल, अमरपाल नागर, रामशरण नागर, रामकिशन नागर और बृजकिशोर नागर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# टेबल टेनिस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया हुनर

- नवोदय विद्यालय अनौगी में प्रतियोगिता का शुभारंभ
- प्राचार्य ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद।**



शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते प्राचार्य एस.के.पांडेय

नवोदय विद्यालय समिति द्वारा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तिनसुकिया, असम में 24 से 26 अगस्त तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की टेबल टेनिस प्रतियोगिता की तैयारियों के तहत लखनऊ संभाग के खिलाड़ियों के लिए क्षेत्र के अनौगी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य एस.के.पांडेय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अनुशासन, नियमित अभ्यास और टीम भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। शिविर में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों से आए 15 छात्र एवं 15 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों को तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण देने का कार्य कोच अमीषा वर्मा और अमित कुमार द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान उप प्राचार्य फिरोज अहमद, रजनीश श्रीवास्तव, शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार, शारीरिक शिक्षिका सुषमा पाल, संजय यादव, प्रीति यादव, विष्णु कटियार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### समाजसेविका आशा दुबे के निधन से शोक



**छिबरामऊ, कन्नौज।** वीरेंद्र पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विमलेश दुबे की पूज्य माताजी समाजसेविका 80 वर्षीय आशा दुबे का आज सुबह 4 :00 बजे निधन हो गया। वह पिछले दो माह से बीमार चल रही थी। धार्मिक कार्यों में रुचि रखने वाली आशा देवी का सामाजिक कार्यों में बड़ा योगदान रहा। उनके निधन की जानकारी पाते ही आवास पर जन समुदाय उमड़ पड़ा। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश द्विवेदी, टीवीएस एजेंसी के प्रवीन दुबे, अंकुर दीक्षित, वीरेंद्र पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल आसिम मंसूर व रोहित सहित समस्त स्टाफ ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### हृदय एवं हड्डी रोग परामर्श शिविर आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका रोड स्थित एलआईसी ऑफिस के पास संजीवनी हॉस्पिटल में रीजेंसी हेल्थ कानपुर के सौजन्य से शुक्रवार, 7 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक हृदय एवं हड्डी रोग परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। आयोजक डॉक्टर सरित द्विवेदी ने बताया इस शिविर में डॉ. वीरेंद्र कुमार यादव (एमडी, डीएम – कार्डियोलॉजी) हृदय संबंधी समस्याओं जैसे सीने में दर्द, सांस फूलना, शरीर में सूजन, अत्यधिक पसीना, अंधेरा छा जाना आदि का परामर्श देंगे। वहीं डॉ. अक्षय दुआ (एमएस – ऑर्थोपेडिक्स) जोड़ों के दर्द, घुटने-कंधे की लचक, जोड़ प्रत्यारोपण, फ्रैक्चर, लिगामेंट सर्जरी आदि हड्डी संबंधी समस्याओं पर परामर्श देंगे। यह परामर्श शिविर अब हर माह के पहले शुक्रवार को लगा करेगा। रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें- 6390646012, 9838612109

### वाहन की टक्कर से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र की प्रेमपुर चौकी अंतर्गत बौद्ध नगर सराय गोपाल में गौतम बुद्ध अकैडमी स्कूल के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी अनिल कुमार राठौर मौके पर पहुंचे और मोर के शव को कब्जे में लिया। इसके बाद वन विभाग की ओर से मोर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया गया।

### डीएम ने की निर्माण व पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा



**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में निर्माण, पेयजल, सीवरेज और आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतिम चरण में पहुंची परियोजनाओं को इसी माह पूरा कर संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया जाए। मेडिकल कॉलेज के 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक, तिर्वा आईटीआई, सीएचसी उमरडा, सीएचसी किशनगढ़, पीएचसी निजामपुर और मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय समेत अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अमृत 2.0 के तहत तालाबों के सौंदर्यीकरण, समधन व कन्नौज पुनर्गठन पेयजल योजनाओं तथा छिबरामऊ सीवरेज परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयसीमा का हर हाल में पालन किया जाए। लापरवाही या अनावश्यक विलंब किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# योगेश बने चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष

- बांके बिहारी मार्केट में हुई संगठन की बैठक

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।**



भारतीय हलधर किसान यूनियन को जनपद में मजबूत और सक्रिय बनाने की दिशा में संगठन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बांके बिहारी मार्केट में आयोजित संगठन की बैठक में योगेश गुप्ता को भारतीय हलधर किसान यूनियन के चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन की घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर राघव के वक्तव्य के दौरान की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, किसानों से जुड़े मुद्दों तथा ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर तरीके से पहुंचाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। योगेश गुप्ता को चिकित्सा प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय जिम्मेदारी सौंपे जाने पर मौजूद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उनका फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष योगेश गुप्ता ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए जिम्मेदारी के साथ-साथ सेवा का अवसर भी है। वह चिकित्सा प्रकोष्ठ को जनपद में सक्रिय करते हुए जरूरतमंद किसानों और आमजन तक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं आवश्यक सहयोग पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने के साथ किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता होगी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने योगेश गुप्ता के मनोनयन को संगठन के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में चिकित्सा प्रकोष्ठ जनपद में नई पहचान बनाएगा।

# मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं का हुआ टीकाकरण

- सभी अभिभावकों को अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराना चाहिए

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देश पर जिले के माध्यमिक विद्यालयों में चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के क्रम में मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज में छात्र एवं छात्राओं का टीकाकरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसहायगंज की एएनएम ममता यादव ने विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं को टीका लगाया। टीकाकरण अभियान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर एएनएम ममता यादव ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर होने वाला टीकाकरण बच्चों को संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी अभिभावकों को अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. अमीर हमजा ने कहा कि समय-समय पर होने वाला टीकाकरण छात्रों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। अभिभावकों को भी चाहिए कि वे अपने बच्चों को टीकाकरण से वंचित न रखें। कार्यक्रम में बृजेश कुमार गंगवार, सुनील सिंह, पुष्पेंद्र कुमार सिंह, रिचा राजपूत, रामाश्रय वर्मा, करतार सिंह यादव, शिव सिंह यादव, आनंद राजन, राकेश बाबू सक्सेना सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। टीकाकरण कराने वाले छात्रों में दिव्यांशी, पूरन, मो. हाफिक, आरस, प्रेक्षा, शशिल सिंह, शशिल, अशीला, अजय कुमार आदि शामिल रहे।

## नीट में सफलता पर निधि मिश्रा का हुआ सम्मान



**छिबरामऊ, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने अपनी टीम के साथ मोहल्ला इब्राहिमगंज स्थित शिक्षक शैलेश मिश्रा के आवास पर पहुंचकर उनकी पुत्री निधि मिश्रा को नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर सम्मानित किया। संगठन पदाधिकारियों ने निधि को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि पूरे जनपद का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। इस अवसर पर आनंद गुप्ता ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर सफलता की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मनोज दीक्षित, रॉबिन मिश्रा, नीरज भाटिया, जिला जीएसटी संयोजक प्रवीण गुप्ता एडवोकेट, नगर अध्यक्ष गौरव गोयल, नगर महामंत्री राहुल शर्मा, नगर उपाध्यक्ष उमेश राठौर, शिवम अग्रवाल, डॉ. रजनीश दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, नगर मंत्री डॉ. सौरभ गोयल सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अगस्त में चलेंगे दो बड़े टीकाकरण अभियान, स्कूलों को मिले निर्देश

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।**

बच्चों को घातक बीमारियों से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने अगस्त माह में 2 बड़े टीकाकरण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार डिप्थीरिया की रोकथाम के लिए टी.डी./टी.पी. का स्कूल आधारित टीकाकरण और एम.आर. अभियान पूरे जिले में चलाया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर 3 से 7 अगस्त तक एम.आर. अभियान और 18 से 28 अगस्त तक टी.डी./टी.पी. टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष के बच्चों को टी.डी. और 10 से 16 वर्ष के बच्चों को टी.पी. का टीका लगाया जाएगा। साथ ही 14-15 वर्ष की बालिकाओं को एच.पी.वी. टीकाकरण के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

डीआईओएस ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में नोडल अध्यापक नामित कर अभिभावक बैठक कराई जाए। स्वास्थ्य विभाग, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय कर बच्चों को शत-प्रतिशत टीकाकृत किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# विद्यार्थियों को किया माई भारत पोर्टल से जुड़ने को प्रेरित

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर के पास विमला देवी इंटर कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माई भारत) के ब्लॉक वॉलेंटियर विकास कुमार एवं वॉलेंटियर गोल्डी के नेतृत्व में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए विद्यालय परिसर में श्रमदान कराने के साथ साफ-सफाई बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया। वॉलेंटियरों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम में ब्लॉक वॉलेंटियर विकास कुमार ने विद्यार्थियों को माई भारत पोर्टल की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं को स्वयंसेवा, नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन, सामाजिक गतिविधियों तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न अवसर प्राप्त होते हैं। वॉलेंटियर गोल्डी ने भी विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. रजनेश व डॉ. उषा यादव ने दोनों वॉलेंटियरों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका रीता पाल, अध्यापक श्याम बाबू, अवधेश, दमयंती एवं रोहित कुमार सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।

## सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या-यूपी 76 20160008569 में त्रुटिवश मेरा नाम संजीव कुमार दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम संजय सिंह राजपूत दर्ज है, जो सही है। मेरे ड्राविंग लाइसेंस में मेरा सही नाम दर्ज करने की कृपा करें। **संजय सिंह राजपूत पुत्र नाहर सिंह निवासी पुन्पालपुर, संकिसा, जनपद-फर्रुखाबाद।**

## सूचना

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश **सूर्यांश SURYANSH** अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम ओजस **OJAS** है। नगर पालिका परिषद अभिलेखों में पुत्र का सही नाम दर्ज करने की कृपा करें और मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **अजय कुमार पुत्र प्रताप नारायण दीक्षित निवासी कुंअरपुर बनवारी जिला कन्नौज।**

## सूचना

मेरा वास्तविक नाम दिलीप सिंह गंगवार (Dileep Singh Gangwar) है जो कि मेरे शेयर सर्टिफिकेट चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड में गलती से दिलीप सिंह (Dilip Singh) व दिलीप सिंह गंगवार ( Dilip Singh Gangwar ) दर्ज हो गया है, जबकि यह तीनों नाम मेरे ही है और मुझे दिलीप सिंह गंगवार के नाम से ही जाना जाता है और यही नाम मेरे अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। **दिलीप सिंह गंगवार पुत्र श्री मकरंद सिंह निवासी ग्राम भटासा, तहसील कायमगंज, जिला-फर्रुखाबाद।**

# प्रधानी चुनाव की रंजिश में दो पक्ष भिड़े, नौ लोग घायल

**समृद्धि न्यूज तालग्राम/कन्नौज।**

थाना क्षेत्र के रसूलाबाद गांव में प्रधानी चुनाव की पुरानी रंजिश गुरुवार को हिंसक संघर्ष में बदल गई। मामूली कहासुनी के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से जमकर हमला हुआ। संघर्ष में दोनों पक्षों के नौ लोग घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में प्रधानी चुनाव को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से तनाव चला आ रहा था। गुरुवार को हुए विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। मारपीट के दौरान गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना में एक पक्ष के राशिद (23), माशिद, अरशद (22) और अजीम (40) घायल हुए। वहीं दूसरे पक्ष के तार अली (30), हाशिम (40), अली मोहम्मद (35), लहीद (50) और मुजफ्फर अली (26) को भी चोटें आईं। सूचना मिलते ही थाना तालग्राम पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालग्राम भेजा। चिकित्सकों ने तीन गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# दलालों पर कार्रवाई की भाजपा नेता ने उठाई मांग

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



सौ शैया संयुक्त राजकीय चिकित्सालय में एक बार फिर बाहर से दवाएं मंगाने का खेल शुरू हो गया है। जिससे मरीजों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। वहीं अस्पताल प्रशासन की कई बार चेतावनी के बाद भी दलालों पर कोई अंकुश नहीं लग सका है। जिसके चलते अस्पताल की व्यवस्थाएं गड़बड़ाती जा रही हैं। भाजपा नेता ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर डीएम को शिकायतीपत्र सौंपा है। उनका आरोप है कि अस्पताल परिसर में कुछ लोग मरीजों और उनके तीमारदारों को गुमराह कर निजी मेडिकल स्टोर भेजते हैं और वहां कमीशन के लालच में अपने स्तर से इलाज करते हैं, जिससे मरीजों की जान को खतरा बना रहता है। शहर के मोहल्ला बजरिया निवासी भाजपा नेता शिवऔतार गुप्ता ने डीएम को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि सौ शैया अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को कुछ कथित दलाल अपने प्रभाव में लेकर निजी मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीदने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे मरीजों को अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि अस्पताल परिसर में दलालों की गतिविधियां लंबे समय से चल रही हैं, लेकिन उन्हें रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जनहित का हवाला देते हुए जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा अस्पताल परिसर में सक्रिय कथित दलालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिल सके। मालूम हो कि कई बार अस्पताल में बाहरी लोगों का दखल होना, मरीजों के आस-पास मंडराना, कमीशन के चलते बाहर से कीमती दवाएं और इंजेक्शन मंगाए जाना आदि तमाम मामले सामने आ चुके हैं।

# गंगा में कचरा पहुंचा तो होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**

- सभी विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश

पर्यावरण संरक्षण और गंगा की स्वच्छता शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक में दिए। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग तत्काल पूरी कराने, कोल्ड स्टोरेज से सड़ा आलू व अपशिष्ट सार्वजनिक स्थानों पर फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई करने तथा नगर निकायों को केवल अधिकृत डंपिंग ग्राउंड पर ही कूड़ा डालने के निर्देश दिए। डीएम ने एक नगर-एक सरोवर अभियान, पॉलीथिन उन्मूलन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और आगामी वृक्षारोपण अभियानों की तैयारियों की भी समीक्षा की। बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डीएफओ हेमंत सेठ समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।





# डीएम ने बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष एवं राजस्व अभिलेखागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष में स्थापित संचार व्यवस्था, प्राप्त होने वाली सूचनाओं के संकलन, रजिस्टरों के संधारण तथा विभिन्न तहसीलों एवं संबंधित विभागों से समन्वय की स्थिति की समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिए कि बाढ़ संबंधी प्रत्येक सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए उसका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्ष 24वाई7 सक्रिय रहे तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जलस्तर, राहत एवं बचाव कार्यों तथा प्रभावित क्षेत्रों की अद्यतन जानकारी नियमित रूप से संकलित एवं प्रेषित की जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष में तैनात कार्मिकों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपात स्थिति के समय बाढ़ पीड़ित का कॉल आने पर संबंधित ग्राम प्रधान, लेखपाल एवं उप जिलाधिकारी से तुरंत संपर्क कर पीड़ित को बाढ़ शरणालय स्थल तक पहुंचाएं, इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रत्येक तीन दिवस की अवधि के अंतराल में शिविर आयोजित कराएं, जिससे आपदा पीड़ित व्यक्ति एवं उनके पशुओं को चिकित्सा उपचार का लाभ प्राप्त हो सके एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर संबंधित बाढ़ प्रभावित गांवों में शिक्षकों के माध्यम से बच्चों का अध्ययन कार्य पूर्ण कराएं। बाढ़ प्रभावित गांवों में हर संभव प्रशासनिक सहायता हेतु निरंतर ग्राम प्रधानों के संपर्क में रहें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव, संरक्षण एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों के सुरक्षित संरक्षण, आवश्यक अभिलेखों के डिजिटलीकरण तथा अभिलेखागार में स्वच्छता एवं व्यवस्थित रिकॉर्ड प्रबंधन बनाए रखने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व अभिलेख शासन एवं आमजन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

इनके संरक्षण एवं उपलब्धता में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने आर.आर.के. डॉ. रंजना को निर्देशित किया कि अभिलेखों के रख-रखाव एवं नियंत्रण कक्ष के संचालन में निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। राजस्व अभिलेखों की सुरक्षा हेतु अभिलेखागार में निरंतर कीटनाशक दावों का नियमित रूप से छिड़काव कराएं। आमजनमानस नकल की कॉपी प्राप्त करने के लिए निर्धारित शुल्क साधारण नकल पर 2.5 रु0, अर्जेंट नकल पर 05 रु0, नक्शे की नकल पर 10 रु0 एवं आदेश की नकल पर 13 रु0 डाक टिकट के माध्यम से ही उपलब्ध कराएं, इसके साथी अभिलेखागार की अतिरिक्त सुरक्षा के दृष्टिगत 02 होमगार्ड तैनात करें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, नायब नाजिर महेंद्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण करती जिलाधिकारी

### नवाबगंज-फर्रुखाबाद रोड पर गिरा पेड़, लगा जाम


सड़क पर पड़ा शीशम का पेड़

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज। नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मांजना रोड (वार्ड नंबर 16, मोहल्ला नगला वारन) पर भारी बारिश के कारण एक विशाल शीशम का पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया। इसके चलते मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया और दोनों ओर लगभग दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सड़क पर पेड़ गिरने और जाम लगने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन पेड़ अत्यधिक भारी होने के कारण उसे आसानी से हटाया नहीं जा सका। इसके बाद थाना प्रभारी ने तत्काल वन विभाग के दरोगा ज़हीर खान से संपर्क किया और लकड़ी काटने वाली मशीन को मौके पर बुलवाया। मशीन की मदद से पेड़ को कटवाकर सड़क से हटवाया गया, तब जाकर बड़ी मशक्कत के बाद यातायात बहाल हो सका। वन विभाग के दरोगा के निर्देशानुसार कटी हुई लकड़ी को एक स्थानीय आरा मशीन संचालक की सुपुर्दगी में दे दिया गया, जिसे बाद में वन विभाग द्वारा अपने कब्जे में लिया जाएगा। लगभग दो घंटे तक रहे लंबे जाम के कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, थाना पुलिस और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से मार्ग पुनः सुचारू हो गया।

## प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर दी जान, कोहराम

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

शादी का विरोध के चलते प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। लोक-लज्जा के चलते परिजनों ने दोनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में शादी का विरोध किए जाने से क्षुब्ध होकर एक प्रेमी युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। 21 वर्षीय युवक बीती रात गांव के बाहर नदी किनारे बकैना के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटक गया था। जानकारी मिलने पर परिजन उसे फंदे से उतारकर घर ले गए।

प्रेमी की मौत की खबर मिलने पर, उसकी 22 वर्षीय प्रेमिका ने भी गुरुवार सुबह अपने घर में पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। लोक-लज्जा के डर से परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी और सुबह ही नदी के किनारे दोनों शवों का दाह-संस्कार कर दिया। पुलिस जब करीब 11 बजे मौके पर पहुंची, तब तक शव पूरी तरह जल चुके थे। घटना की तत्काल जानकारी न देने पर पुलिस ने ग्राम प्रधान को कड़ी फटकार लगाई।


जांच पड़ताल करती पुलिस

ग्रामीणों के बीच यह चर्चा है कि प्रेमी युगल ने करीब एक वर्ष पूर्व कोर्ट मैरिज कर ली थी।

परिवार का दबाव पड़ने पर डीजे का काम करने वाला युवक गाजियाबाद चला गया था और वह लगभग 5 दिन पहले ही घर लौटा था। वहीं, परिजनों ने लड़की को पढ़ाई के लिए भोगांव क्षेत्र में अपने रिश्तेदारों के यहां भेज दिया था, जहां वह बीएससी कर रही थी।

## भारी बारिश: स्कूल छुट्टी के समय तहसील चौराहे पर लगा जाम

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

नगर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पुलिस ने एक बार फिर मिसाल पेश की। भारी बारिश के बीच भी कस्वा चौकी पुलिस ने स्कूल की छुट्टी के समय तहसील के पास लगे भीषण जाम को खुलवाकर लोगों को राहत दिलाई। दोपहर करीब 1:30 बजे स्कूलों की छुट्टी होते ही तहसील के निकट वाहनों का भारी दबाव बढ़ गया। अभिभावकों के वाहन, ई-रिक्शा और दोपहिया वाहन एक साथ निकलने से जाम लग गया। बारिश की वजह से स्थिति और बिगड़ गई थी। सूचना मिलते ही कस्वा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ कांस्टेबिल सचिन कुमार और कांस्टेबिल सुरेश कुमार भी थे। पुलिस टीम ने बिना छतरी और रेनकोट की परवाह किए सड़क पर उतरकर यातायात को नियंत्रित किया। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद जाम पूरी तरह खुलवा दिया गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि रोजाना छुट्टी के समय यहां जाम लगता है। पुलिस की इस मुस्तैदी से आमजन को काफी सहूलियत मिली है।


जाम में फंसे वाहन

## एडीआरएम ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

▸ निर्माण कार्यों और मंझना एलीवेटेड ट्रैक की ली जानकारी

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

इज्जतनगर रेल मंडल (बरेली) के अपर मंडल रेल प्रबंधक एडीआरएम मनोज कुमार गुरुवार को अनवरगंज से कासगंज जाते समय फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचे। उनकी ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर एक पर लगभग 25 मिनट तक रुकी। इस दौरान पूरा रेलवे प्रशासन मुस्तैद और अलर्ट नजर आया। ट्रेन रुकने के बाद एडीआरएम के साथ चल रहे अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म पर उतरकर स्थानीय रेलवे अफसरों के साथ निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने नए फुट ओवरब्रिज, रेलवे स्टेशन भवन के विस्तार और दो-पहिया व चार-पहिया पार्किंग व्यवस्था के निर्माण संबंधी प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान एडीआरएम मनोज कुमार अपने कोच में ही मौजूद रहे। इससे पूर्व, एडीआरएम फर्रुखाबाद-कानपुर रेल मार्ग स्थित मंझना भी गए थे, जहां उन्होंने प्रस्तावित एलीवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। स्टेशन पर उनके आगमन को लेकर स्टेशन अधीक्षक, जीआरपी, आरपीएफ समेत अन्य रेलवे कर्मचारी पूरी तरह अलर्ट रहे। फर्रुखाबाद स्टेशन पर ठहराव के बाद ट्रेन कासगंज के लिए रवाना हो गई।


रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते अधिकारी

### चोरी के आरोपी को 6 वर्ष की जेल, 70 हजार का जुर्माना

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। सीजेएम न्यायालय ने पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते एक अभियुक्त को 6 साल की जेल और 70,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। कोतवाली फर्रुखाबाद में शिवम राजपूत के खिलाफचोरी और नकबजनी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की गहन विवेचना पूरी कर न्यायालय में अभियुक्त के खिलाफआरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस टीम, मॉनिटरिंग सेल, अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार एवं मोहर्रिर ने न्यायालय में अथक प्रयास किए। मजबूत साक्ष्यों और पुलिस की सटीक पैरवी के आधार पर, न्यायालय सीजेएम कोर्ट ने अभियुक्त शिवम राजपूत को दोषसिद्ध करार दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को 06 वर्ष के कारावास की सजा के साथ-साथ 70,000 रुपये के अर्थदंड जुर्माने से दंडित किया है।

## संतान प्राप्ति की आस: औलाद के लिए महिला ने की कठिन कांवड़ यात्रा

▸ पांचाल घाट से शुरू की दंडवत कांवड़ यात्रा

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

संतान की अटूट मनोकामना लेकर शाहजहांपुर की एक महिला ने आस्था और कठिन साधना की अनूठी मिसाल पेश की है। शादी के 25 साल बीत जाने के बाद भी औलाद का सुख न मिलने पर महिला ने फर्रुखाबाद के पवित्र पांचाल घाट से गंगाजल भरकर अपने गांव स्थित शिवालय तक दंडवत कांवड़ यात्रा शुरू की है।

शाहजहांपुर निवासी अजय कुमार की पत्नी संजू रानी ने बताया कि उनकी शादी को लगभग 25 वर्ष हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने संतान सुख के लिए हर संभव इलाज कराया और धार्मिक अनुष्ठान व पूजा-अर्चना भी की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। संजू रानी के अनुसार, एक दिन घर में विश्राम के दौरान उनके मन में विचार आया कि गांव के शिवालय में स्थापित भगवान भोलेनाथ की शरण में जाकर ही उनकी मनोकामना पूरी हो सकती है। उन्हें अटूट विश्वास है कि मां गंगा के तट से जल भरकर दंडवत यात्रा करते हुए भोलेनाथ का जलाभिषेक करने से उनकी इच्छा अवश्य पूरी होगी। उन्होंने बताया कि पांचाल घाट से कांवड़ भरकर अपने गांव के मंदिर तक पहुंचने में उन्हें लगभग 8 से 10 दिन का समय लगेगा। इस कठिन सफर को पूरा करने के बाद वह गांव के शिवालय में जल चढ़ाकर अपनी यात्रा संपन्न करेंगी।


दंडवत कांवड़ यात्रा करती महिला

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में एसडीएम ने बांटी राहत सामग्री

समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।

अमृतपुर तहसील के दर्जनों गांव इस समय गंगा में आई बाढ़ से प्रभावित है। कई गांव ऐसे हैं जहां तक पहुंचने वाले संपर्क मार्गों पर अत्यधिक पानी होने के कारण निकलना मुश्किल हो चुका है। गांव की गलियों में पानी भरा हुआ है। खाने पीने की वस्तुओं को लेकर ग्रामीणों के सामने समस्याएं पैदा हो गई हैं। खेतों में हरे चारे समाप्त हो चुके हैं। जानवरों को बांधने और उनके लिए चारे की व्यवस्था जुटाना अब मुश्किल होता जा रहा है। बीते दिवस जिलाधिकारी द्वारा बाढ़ क्षेत्र में पहुंचकर जायजा लिया गया था और लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनी गई। अमृतपुर उप जिलाधिकारी श्वेता साहू ने अपने सहयोगी तहसीलदार शशांक सिंह के साथ राजस्व टीम को लेकर बाढ़ प्रभावित गांव तीसराम की मडैया में पहुंचकर 83 बाढ़ प्रभावित घरों को बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया। इस सामग्री में 22 आवश्यक वस्तुएं थी जो घर में इस्तेमाल की जाती हैं। जिसमें आटा, दाल, चावल, खाद्य तेल आदि चीजे थी। इन बाढ़ पीड़ित लोगों को जब बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया गया तो उनके मस्तक पर संतोष के भाव नजर आ रहे थे। उप जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित गांवो के परिवारों को बाढ़ राहत सामग्री का वितरण लगातार जारी रहेगा और कोई भी बाढ़ पीड़ित परिवार राहत सामग्री से छूटने नहीं पाएगा। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के लेखपालों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। सामग्री वितरण का कार्यक्रम काफी देर तक चलता रहा और लोगों ने इस कार्य के लिए शासन प्रशासन की सराहना की।

83 परिवारों को मिली सहायता


राहत सामग्री बांटती एसडीएम

## दलित युवक के हत्या के मामले में तीन युवकों पर दोष सिद्ध

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

हत्या के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष एससी/एसटी एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त फरमान, सलमान पुत्रगण इस्लाम, परविन्द्र पुत्र रामस्नेही निवासी तिलिया ग्वालटोली फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 13 अगस्त की तिथि नियत की है। विगत 15 वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ की निवासिनी भगवती देवी पत्नी भिखारीलाल निवासी तिलिया ग्वालटोली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 30 जून 2011 को करीब 11 बजे फरमान, सलमान, इस्लाम, परविंदर दो अज्ञात साथियों के साथ मेरे घर आये पुत्र रामसेवक के सामने पुत्र संतोष कुमार को बाजार चलने के कहकर घर से बुलाकर ले गए। देर रात घर वापस न आने पर काफी खोजबीन पता न चलने पर पुलिस को सूचना दी। 2 जुलाई को रजीपुर को मेरे पुत्र संतोष शव मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त फरमान, सलमान, परविंदर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 13 अगस्त की तिथि नियत की है। वहीं साक्ष्य के अभाव से नवी अलाम को दोष मुक्त कर दिया।

## चार ओवरलोड ट्रक व दो बस सीज, लगाया गया जुर्माना

▸ कर बकाया वाले 30 वाहनों को विभाग ने किया नीलाम

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशानुसार एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत के द्वारा ओवरलोड एवं कर बकाया वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत 04 ट्रक ओवरलोड के अभियोग में सीज किये गये, जिन पर 98 हजार जुर्माना आरोपित किया गया।

इसके साथ ही 02 डग्गेमार बसे सीज की गई, जिनपर रू0 65 हजार जुर्माना लगाया गया। उक्त के अतिरिक्त 04 बकाया कर के अभियोग में सीज किये गये, जिन पर रू0 75 हजार कर लगाया गया। कर बकाया वाले 1158 वाहन स्वामियों को परिवहन विभाग के द्वारा कर जमा करने हेतु नोटिस जारी किये गये हैं, जिन पर कुल रू0 1193.01 लाख कर बकाया है। 146 वाहन स्वामियों को वसूली-पत्र भी जारी किये गये हैं, वसूली-पत्र की धनराशि रू0 120.16 लाख है तथा जिसकी वसूली राजस्व विभाग के द्वारा की जायेगी।

कर बकाया वाले वाहनों के विरूद्ध परिवहन विभाग के द्वारा कठोर कार्यवाही की जा रही है तथा जनपद के थानों में सीज कर बकाया वाले 30 वाहनों को विभाग द्वारा नीलाम भी किया गया है। जनपद के थानों में सीज कर बकाया वाले अवशेष वाहनों के विरूद्ध भी नीलामी की कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है।



पकड़े गये डम्पर की जानकारी देते परिवहन अधिकारी

## बाइक हादसे में युवक की तीसरे दिन सैफई में मौत

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जाजियान मऊरसीबाद निवासी 22 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद घायल को मंगलवार सीएचसी कायमगंज से लोहिया अस्पताल और वहां से सैफई रेफर किया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के जाजियान मऊरसीबाद समी पुत्र अदीव बुधवार को समी अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। रास्ते में अज्ञात कारणों से उसकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में समी गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से भी स्थिति में सुधार न होने पर उसे सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया। सैफई में उपचार के दौरान समी ने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया समी घर का इकलौता चिराग था। उसके जाने से घर उजड़ गया।

## राष्ट्रभावना के अनुरूप मनाया जाए स्वतंत्रता दिवस समारोह : डीएम

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 79वें स्वतंत्रता दिवस के आयोजन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव एवं देशभक्ति का पर्व है। इसके आयोजन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित कार्यक्रमों का सफल संचालन सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक कार्यक्रम गरिमामय, अनुशासित एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के अनुरूप संपन्न कराया जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि 15 अगस्त प्रातः 6:30 बजे प्रभातफेरी का आयोजन जनपद के समस्त विकास खंडों, तहसील मुख्यालयों एवं नगर क्षेत्रों में किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा शहरी क्षेत्र में स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम से प्रभात फेरी का आयोजन किया जाए। प्रभात फेरी मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने बताया कि प्रातः 7 बजे फिट इंडिया रन का आयोजन किया जाएगा, जबकि 7:30 बजे महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं स्वच्छता अभियान संचालित होगा। प्रातः 8:00 बजे समस्त शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, विद्यालयों तथा संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान होगा।

डीएम ने निर्देश दिए कि ध्वजारोहण कार्यक्रम भारत सरकार एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराया जाए। विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, वाद-विवाद, चित्रकला एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। साथ ही वृहद वृक्षारोपण अभियान, चिकित्सालयों में मरीजों को फल वितरण, कारागार एवं आश्रय स्थलों में विशेष कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गतिविधियां तथा स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों के सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं। डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों एवं संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 13 अगस्त तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख मार्गों, शहीद स्मारकों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास साफ-सफाई, चूना छिड़काव एवं सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थलों पर विद्युत, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा, पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनोद कुमार तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक लेती डीएम मौजूद अन्य

## कथित पुलिस मुठभेड़ मामला: कोर्ट सख्त 7 दिन में एफआईआर दर्ज करने का आदेश

▸ एसपी और इंस्पेक्टर को अवमानना की चेतावनी

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

कथित पुलिस मुठभेड़ (एनकाउंटर) के एक मामले में अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है। विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र/तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने 19 मार्च 2026 को हुई एक कथित पुलिस मुठभेड़ के मामले में पुलिस अधीक्षक और मुठभेड़ करने वाली टीम के नेतृत्वकर्ता प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी को आदेश प्राप्ति के 7 दिन के अंदर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि 19 मार्च 2026 की कथित पुलिस मुठभेड़ के संबंध में (राजू उर्फ राजकुमार बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य के मामले में दिए गए आज्ञापक प्रावधानों के अनुसार) मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच पूरी कराई जाए। इस विवेचना में घायल कुलदीप पाल द्वारा न्यायालय में सीडब्ल्यू 2 के रूप में दिए गए बयान को भी अनिवार्य रूप से शामिल करने को कहा गया है। न्यायालय ने सख्त लहजे में स्पष्ट किया है कि यदि तय समय सीमा के भीतर एफआईआर दर्ज कर विवेचना संपादित नहीं कराई जाती है, तो इसे उच्च न्यायालय इलाहाबाद की अवमानना माना जाएगा। ऐसा होने पर 20 अगस्त 2026 को विपक्षीगण एसपी और इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही हाईकोर्ट को संदर्भित करने पर विचार किया जाएगा। मामले में घायल कुलदीप की मेडिकल और पूरक आख्या तैयार करने वाले चिकित्साधिकारी डॉ0 विपिन सिंह के आचरण पर भी कोर्ट ने सवाल खड़े किए हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे डॉ0 विपिन सिंह के आचरण की पृथक रूप से जांच करना सुनिश्चित करें। मामले की अनुपालन आख्या अगली नियत तिथि 20 अगस्त तक न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

# शिक्षक संघ ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

**▸ लम्बित समस्याओं के निस्तारण न होने पर जताया रोष**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर माध्यमिक शिक्षकों की लंबित समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग की है।

शिक्षक संघ ने डीआईओएस की कार्यशैली पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद से संगठन द्वारा लगभग 4 ज्ञापन दिए जा चुके हैं, परन्तु अभी तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। संघ ने चेतावनी दी कि समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाये। मांग की कि क्रिश्चियन इण्टर कॉलेज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का जुलाई 2026 का वेतन अविलंब जारी किया जाए। क्रिश्चियन इण्टर कॉलेज के व्यायाम शिक्षक अतुल अन्थोनी दास को प्रवक्ता पदनाम देने संबंधी पत्रावली विद्यालय से मंगाने के लिए प्रबंधक/प्रधानाचार्य को अंतिम पत्र जारी किया जाए, क्योंकि पूर्व के आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है। वर्ष 2005 से पूर्व के विज्ञापन के आधार पर नियुक्त पुरानी पेंशन के दायरे में आए जनपद के लगभग 45 शिक्षकों के एनपीएस कटौती का धन जीपीएफ में जमा कराया जाए।



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

रस्तोगी इण्टर कॉलेज के स्वर्गीय रामवीर सिंह सहायक अध्यापक की एनपीएस कटौती का विवरण एक वर्ष पूर्व प्राप्त होने के बावजूद, उनके अंतिम भुगतान हेतु पत्रावली शिक्षा निदेशालय, इलाहाबाद को नहीं भेजी गई है।

इसे शीघ्र प्रेषित किया जाए। डी.ए.वी. इण्टर कॉलेज, रंजलामई के सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार की प्रोन्नति वेतनमान निर्धारण की लम्बित पत्रावली का जल्द निस्तारण किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, शैलेश कुमार दुबे, प्रदीप कुमार जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# कृमि संक्रमण दुष्प्रभाव बचाव के बताये गये उपाय

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षकों लिए आगामी 10 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस क्रियान्वयन के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नवनीत गुप्ता, संजीव कुमार द्वारा कृमि संक्रमण के कारण, इसके दुष्प्रभाव, बचाव के उपाय तथा कृमि नाशक दवा के सुरक्षित एवं प्रभावी वितरण संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, पोषण स्तर तथा शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। समय पर कृमि नाशक दवा का सेवन और स्वच्छता की आदतें अपनाकर इस समस्या से प्रभावी बचाव किया जा सकता है। उन्मुखीकरण के दौरान 75 शिक्षकों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दिशा-निर्देशों, दवा वितरण की प्रक्रिया, संभावित दुष्प्रभावों के प्रबंधन तथा जन-जागरूकता बढ़ाने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी शिक्षकों से अभियान को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक बच्चों तक कृमिनाशक दवा पहुँचाने में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया गया।



उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मौजूद लोग

## गंगा का जलस्तर बढ़ने से बढ़ा बाढ़ का खतरा

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नरौरा बांध से गंगा नदी में छोड़े जा रहे पानी के चलते गंगा नदी का जलस्तर बराबर बढ़ने से गंगा कटरी क्षेत्र के ग्रामीणों को बाढ़ आने का खतरा सताने लगा है बताया जाता है कि नरौरा बांध से और बिजनौर गंगा बैराज से गंगा नदी में पानी छोड़े जाने के बाद क्षेत्र में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा स गंगा नदी का जलस्तर हलांकि अभी खतरे के निशान से दूर बताया जा रहा है। लेकिन लगातार गंगा नदी के बढ़ रहे जलस्तर से गंगा कटरी क्षेत्र के गाँव के ग्रामीण काफी परेशान नजर आ रहे हैं क्षेत्र के ग्राम धन्ना पुरवा,नया पुरवा, कुशाल पुरवा, हरीगंज, मल्लाहन पुरवा, फरीदपुर कटटर,अहिरन पुरवा,रतई पुरवा, भटपुरवा, गहर पुरवा, आदि गांव के ग्रामीणों ने बताया कि यदि इसी तरह गंगा नदी का जलस्तर बढ़ता रहा तो उनके गाँवो तक बाढ़ का पानी पहुंचने में चंद दिन ही लगेंगे स ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ आने से उनके खेतों में खड़ी मक्का, धान की फसलें तो बर्बाद हो जायेगी।

# भाकियू टिकैत निकालेगी ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा



बैठक में मौजूद भाकियू नेता

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

नवाबगंज में भाकियू टिकैत संगठन ने मासिक बैठक की। संगठन ने तय किया कि राष्ट्रीय कार्यालय के आदेशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस पर ऐतिहासिक ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा होगी और यह यात्रा बाहिदपुर से सेंटर जेल चौराहा होते हुये कलेक्ट्रेट पर संपूर्ण होगी। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने किसानों से अपील की सभी किसान अधिक से अधिक संख्या में अपने ट्रैक्टरों से ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में पहुंचे। कानपुर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी ने कहा कि किसान अपने हक और अधिकारो के लिए किसानों को सभी मजबूत होना होगा।

जिला महासचिव अभय यादव ने नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष अंकेश गंगवार को कायमगंज तहसील उपाध्यक्ष एवं नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष दीपक राठौर निवासी नवाबगंज को और महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुषमा श्रीवास्तव को मनोनीत किया। अध्यक्षता कृष्ण गोपाल मिश्रा ने की। संचालन अफरोज मंसूरी ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय कटियार, छविनाथ शाक्य, ब्रजेश गंगवार, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, अजयपाल यादव, बिजनेश यादव, सुग्रीव पाल, राजेश गंगवार, अजीत सोमवंशी, कश्मीर गंगवार, रामप्रकाश पालिया, शिवराम शाक्य,प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में जुटे प्रधानाध्यापक राजकुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास क्षेत्र शमसाबाद स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय असिलपुर (आशिक) में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक सराहनीय पहल की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से उन्हें पुरस्कार स्वरूप कॉपियां, पेन और पेंसिल वितरित कीं। प्रधानाध्यापक राजकुमार ने बताया कि जो छात्र-छात्राएं शारीरिक असमर्थता के कारण स्कूल आने में असमर्थ हैं, उन्हें घर जाकर पढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उनका मुख्य उद्देश्य यह है कि ये बच्चे शिक्षा का महत्व समझकर जीवन में आत्मनिर्भर बनें और किसी अन्य पर निर्भर न रहें। यह पहल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे के संकल्प को सार्थक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उल्लेखनीय है कि प्रधानाध्यापक राजकुमार ने कोरोना काल के दौरान भी मास्क पहनकर घर-घर जाकर शिक्षा की अलख जगाई थी और लोगों को जागरूक किया था। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार गंगवार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे और उन्होंने प्रधानाध्यापक के इस प्रयास की सराहना की।



दिव्यांग को पढ़ाते प्रधानाध्यापक राजकुमार

# ई-सर्विस बुक बकाया बिलों को लेकर लेखाधिकारी सख्त

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



लेखाधिकारी से वार्ता करते शिक्षक

कार्यालय वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा ने जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों और नगर शिक्षा अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं।

5 अगस्त को जारी आदेश में परिषदीय शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चयन वेतनमान, एरियर और बोनस भुगतान में हो रही देरी को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई है।वित्त एवं लेखाधिकारी सुशील कुमार द्वारा जारी पत्र के अनुसार मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से ई-सर्विस बुक पर पत्रांक सहित चयन वेतनमान आदेश की प्रविष्टि दर्ज करने के उपरांत ही संबंधित आदेश की प्रतियां संलग्न कर ऑनलाइन बिल भुगतान हेतु पोर्टल पर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पूर्व वित्तीय वर्षों के एरियर एवं बोनस के आवेदनों के साथ सक्षम स्तर से निर्गत श्प्रशासनिक स्वीकृति संलग्न नहीं की जा रही है, जिससे प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब की स्थिति बन रही है।

**दिया 3 दिन का अल्टीमेटम**

अधिकारियों को स्पष्ट किया गया है कि प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद ही आवेदन आगे भेजे जाएं। जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा यह मुद्दा उठाया गया था कि खण्ड शिक्षा अधिकारियों स्तर से पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को काफी देरी से लेखा कार्यालय में भेजा जा रहा है। इस पर संज्ञान लेते हुए वित्त एवं लेखाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित आपत्तियों का तत्काल निस्तारण किया जाए। सभी आवश्यक साक्ष्य व आदेश की प्रतियां संलग्न करते हुए 3 दिवस के भीतर ऑनलाइन आवेदन प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि भुगतान से जुड़ी अग्रिम कार्रवाई बिना किसी रुकावट के पूरी की जा सके।

# खबरें एक नजर में

## एमएलसी के जन्मदिवस पर सीएचसी में किये फल वितरित



फल वितरित करते भाजपा नेता

**कायमगंज।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य एमएलसी अनूप गुप्ता के जन्मदिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमर गुप्ता के नेतृत्व में सामुदायिक अस्पताल में सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं एवं प्रसूताओं को फल वितरित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। इस अवसर पर ऋषभ गुप्ता, हर्षित गुप्ता, रिंकू कौशल, विशाल गुप्ता, अर्चित गुप्ता, आदित्य गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, गौरव वर्मा, महेश वर्मा उपस्थित रहे।

## खाकी का शक्ति संवाद: साइबर ठगों को खुली चेतावनी

**कानपुर।** कमिश्नरेट पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल के नेतृत्व में मिशन शक्ति के तहत आयोजित 'शक्ति संवाद' में 200 से अधिक महिलाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने महिलाओं से सीधा संवाद कर कहा कि अपराध या साइबर ठगी छिपाएं नहीं, तुरंत पुलिस को सूचना दें। कार्यक्रम में 'साइलेंट क्राइम फिल्म के जरिए ऑनलाइन ठगी, फेक प्रोफाइल, डिजिटल अरेस्ट और साइबर फॉड से बचने के तरीके बताए गए। साथ ही हेल्पलाइन 1090, 112, 181 और 1930 की जानकारी देकर जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई।

## विधायक ने की सुपर स्पेशियलिटी मेडिकल हब बनाने की बड़ी पहल

**कानपुर।** विधानसभा के सत्र का,जनहित में लाभ लेते हुए ,गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी जी ने, आज प्रात:, लखनऊ में, मा सुरेश खन्ना जी से, उनके ऑफिस में मुलाकात करके,जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज, कानपुर को प्रदेश के प्रमुख सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा केन्द्र के रूप में विकसित करने की माँग करी। विधायक जी ने, मा. मंत्री जी से कहा कि, कानपुर मेडिकल कॉलेज परिसर में वार्ड संख्या 1 से 18 तक लगभग 27,500 वर्गमीटर क्षेत्र में स्थित वर्ष 1942 में निर्मित पुराने एवं जर्जर एकमंजिला भवनों के स्थान पर लगभग 2,000 बेड की संयुक्त क्षमता वाले तीन अत्याधुनिक बहुमंजिला अस्पताल ब्लॉकको जनहित में बनाए जाने की मांग करी।और कहा कि, कल विधानसभा में पास हुए अनुपूरक बजट में,इसे शामिल किया जाय। गोविन्द नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने,मा.मन्त्री जी से, इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर, प्रदेश सरकार के नाते से,कानपुर मेडिकल कॉलेज परिसर का तकनीकी सर्वेक्षण कराकर,उसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराने तथा निर्माण हेतु, आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ कराने का अनुरोध किया।

## सड़क हादसे में मृतक युवक का शव पहुंचा गांव

**बांगरमऊ, उन्नाव।** लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले युवक आदर्श शुक्ला पुत्र संजय शुक्ला का शव गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा। शव देखते ही परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो उठा। पत्नी शिवानी अपने एक वर्षीय बेटे को गोद में लिए पति के शव से लिपटकर दहाड़ें मारकर रोने लगीं। यह हृदयविदारक दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गई । बताया जाता है कि नगर के संडीला मार्ग स्थित तहसील के आगे माया कोल्ड स्टोर के सामने संडीला रोड निवासी आदर्श शुक्ला पुत्र संजय शुक्ला मूल रूप से हरदोई जनपद के थाना कासिमपुर क्षेत्र के निवासी थे। नगर के माढ़ापुर रोड निवासी राजू बाजपेई का दमाद था स वह अपने साथियों हिमांशु निवासी मुझैया, चंदन पुत्र जगदीश निवासी घूरे टोला कस्बा बांगरमऊ और अंकित निवासी चौधरी शांती सिंह मिल के निकट के साथ कार से लखनऊ से रात लगभग दो बजे वापस घर आ रहे थे।

# प्रोन्नति वेतन लाभ दिये जाने की शिक्षकों ने की मांग

**▸ समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

उत्तर प्रादेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार के नेतृत्व में शिक्षकों की मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि पेंशन से अच्छादित शिक्षकों की जीपीएफ संबंधित कोई जानकारी विगत कई वर्षों से प्राप्त नहीं हो रही है। जनपद में कई वर्षों से 22बी प्रोन्नति वेतन मान का लाभ नहीं मिल रहा है। मध्यान्ह भोजन (पीएम पोषण) के खातों का संचालन ग्राम प्रधान के स्थान पर एसएमसी अध्यक्ष के साथ कराया जाये। महानिदेशक स्कूल शिक्षा की बैठक में स्पष्ट कहा गया कि जब तक किसी भी कर्मचारी के अवकाश शेष है।



बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक

विशेषकर अकास्मिक अवकाश तब तक वेतन कटौती न की जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार, प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खां, महामंत्री नीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष विमलेश शाक्य, अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, अटेवा प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## जूनियर शिक्षक संघ की बैठक हुई आयोजित

**असोहा, उन्नाव।** बीआरसी मुख्यालय पर गुरुवार को जूनियर शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पहुंचे संघ के जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्रा व संरक्षक राघवेंद्र सिंह ने ब्लाक इकाई गठन का प्रस्ताव रखा। निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। शिक्षकों की आपसी सम्मति से अरविंद शुक्ला प्रधान शिक्षक बछौरा को निर्विरोध ब्लाक अध्यक्ष चुना गया।वही अनिल पाल को ब्लाक महामंत्री,शैलेंद्र आर्य कोषाध्यक्ष,मुकेश शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अमित कुमार,रजनीश सिंह, उपेंद्र शंकर को उपाध्यक्ष,विनोद साहू लेखाकार,पुनीत तिवारी, रुपेंद्र सिंह, मुन्नीलाल को संयुक्त मंत्री,संध्या द्विवेदी महिला उपाध्यक्ष चुना गया।सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

# दक्ष यज्ञ में गूंजा शिव का अपमान माता सती ने किया महात्याग

**समृद्धि न्यूज,उन्नाव।**

मगरवारा स्थित श्री गोकुल बाबा मंदिर प्रांगण में श्री आदि गुरु वैदिक सेवा सनातन ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही विशाल श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन लोकविख्यात कथा प्रवक्ता परम पूज्य एवं परम विद्वान शैवाचार्य संत श्री प्रशांत प्रभु महाराज ने दक्ष प्रजापति के यज्ञ और माता सती के महात्याग का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया।महाराजश्री ने बताया कि अहंकार में डूबे दक्ष प्रजापति ने भव्य यज्ञ का आयोजन किया, लेकिन भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया। पिता के यज्ञ में पहुंचीं माता सती ने जब अपने आराध्य भगवान शिव का अपमान देखा, तो उनका हृदय व्यथित हो उठा। शिवजी का अपमान सहन न कर सकीं माता सती ने योगाग्नि में अपना शरीर त्याग दिया। लगातार उमड़ रही श्रद्धालुओं की आस्था से पूरा श्री गोकुल बाबा मंदिर प्रांगण शिवमय नजर आया।कथा एवं महायज्ञ में मुख्य यजमान वंदना सत्येंद्र सिंह एवं संतोष हरिप्रसाद साहू, कथा यजमान राधा निशीथ निगम उर्फ राजू भैया, सोनम धीरज सिंह एवं प्रिया विक्रम सिंह, कथा अध्यक्ष संजय त्रिपाठी व नीलम त्रिपाठी, महामंत्री अजय अवस्थी, संयोजक रंजना मिश्रा (लखनऊ), चन्द्र प्रकाश बाजपेई, देवी प्रसाद साहू, संपर्क प्रमुख डॉ. मनीष सिंह सेंगर, मीडिया प्रभारी श्याम जी गुप्ता, कल्लू दादा, मनीष सिंह, आयुष सिंह, राहुल कश्यप, आचार्य कार्तिकेय एवं आचार्य सत्यम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति की बैठक आयोजित

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय महामंत्री सौरभ श्रीवास्तव एडवोकेट के चौम्बर में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला के सानिध्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्य एवं अधिवक्ता आनन्द कुमार सिंह (बूटा) द्वारा उन्नाव बार एसोसिएशन, उन्नाव में व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं का अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मान भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता एकता, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक एवं विधिक दायित्वों के निर्वहन पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने आनन्द कुमार सिंह (बूटा) के इस सम्मान समारोह एवं सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बार के अनेक वरिष्ठ एवं गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# श्याम नगर डकैती कांड में दो इनामी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

चकेरी थाना क्षेत्र के श्याम नगर में दिनदहाड़े घर में घुसकर परिवार को असलहे की नोक पर बंधक बनाकर डकैती डालने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 25-25 हजार रुपये के इनामी विजय कुमार श्रीवास्तव उर्फ लाला और रफीक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का माल और वारदात में इस्तेमाल ऑटो बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, 3 अगस्त को श्याम नगर निवासी शरद चंद्र त्रिपाठी के घर में बदमाशों ने धावा बोला था। बदमाशों ने परिवार के सदस्यों को असलहे की नोक पर बंधक बनाकर करीब दो लाख रुपये नकद और जेवरात लूट लिए थे। घटना के बाद चकेरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच में सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना की साजिश का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, प्रशांत शुक्ला उर्फ मोनू ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात की योजना बनाई थी। प्रशांत को 5 अगस्त को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि शफीक और कमल कुरील को पुलिस मुठभेड़ के दौरान लूट के माल सहित गिरफ्तार किया गया था। घटना के बाद विजय कुमार श्रीवास्तव उर्फ लाला और रफीक फरार चल रहे थे। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। चकेरी पुलिस और सर्विलांस सेल पूर्वी जोन की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दोनों को पीएसी बाइपास के पास नौबस्ता से रामादेवी जाने वाली सर्विस लेन से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विजय के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त ऑटो, सैमसंग मोबाइल, एक जोड़ी पायल, तीन बिछिया और दो कड़े बरामद किए। वहीं रफीक के पास से पीली धातु के कान के टॉप्स बरामद हुए।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार रफीक के खिलाफ हत्या, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं विजय कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ भी चोरी, माल बरामदगी और आर्म्स एक्ट से जुड़े मुकदमे दर्ज हैं। चकेरी पुलिस और सर्विलांस सेल पूर्वी जोन की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस अब बरामद माल और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर घटना में शामिल अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

# एसपी ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण, दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूल,फतेहपुर।**

पुलिस कार्यालय की कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। रजिस्टरों और अभिलेखों की बारीकी से जांच निरीक्षण के दौरान एसपी ने एच.एस. रजिस्टर, एस.आर. रजिस्टर, पत्रावली, शस्त्र रजिस्टर और विभिन्न प्रकार की सूचनाओं से संबंधित अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने सभी रिकॉर्ड को अद्यतन और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। विभिन्न शाखाओं का किया भौतिक निरीक्षण इसके बाद एसपी ने पुलिस कार्यालय स्थित चुनाव सेल, गार्द रूम, प्रधान लिपिक शाखा, रिट सेल और एल.आई.यू कार्यालय समेत अन्य शाखाओं का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी शाखा प्रभारियों को कार्यालय में साफ-सफाई, अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव और कार्यालयीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने के लिए कड़े निर्देश दिए। एसपी ने लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



# फुटपाथ पर मिट्टी न डालने से हो रहे हादसे

**▸ सड़क बनी खतरा, फुटपाथ पर मिट्टी न होने से गिर रहे राहगीर**

**समृद्धि न्यूज,हरदोई।**

माल-कोथावां मुख्य मार्ग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरावन को जाने वाली नवनिर्मित आरसीसी सड़क का फुटपाथ अधूरा छोड़ दिए जाने से राहगीरों के लिए यह मार्ग हादसों की वजह बन गया है। सड़क की ऊंचाई फुटपाथ से करीब आठ इंच अधिक होने के कारण साइकिल और बाइक सवार आए हादसे का शिकार हो रहे हैं।

भाकियू लोकतांत्रिक के युवा ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण पाल ने बताया कि गंज भरावन स्थित सीएचसी मार्ग पर हाल ही में आरसीसी सड़क का निर्माण कराया गया है, लेकिन सड़क किनारे फुटपाथ पर अब तक मिट्टी नहीं डाली गई है। इससे सड़क और कच्चे हिस्से के बीच ऊंचाई का अंतर बना हुआ है, जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से रोज बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। सीएचसी जाने वाले मरीजों, गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को भी इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। बरसात के दौरान फुटपाथ पर कीचड़ जमा होने से स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है।



साथ ही किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि राहगीरों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के जेई सुनील कुमार ने बताया कि सड़क किनारे फुटपाथ पर जल्द ही मिट्टी डलवाकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने ग्रामीणों के आंदोलन को दिया समर्थन

**समृद्धि न्यूज, ब्यूरो हरदोई।** ब्लॉक भरावन क्षेत्र के हयातगंज व पिपरी नारायनपुर सहित आसपास के गांवों में अंडा फैक्ट्री से फैल रहे प्रदूषण और मक्खियों के बढ़ते प्रकोप का मामला अब राजनीतिक स्तर पर भी जोर पकड़ने लगा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना से मुलाकात कर प्रभावित ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया व जल्द कार्रवाई की मांग की। इसके बाद गुरुवार को धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समर्थन दिया। उन्होंने मंत्री को सौंपे गए पत्र में कहा है कि हयातगंज स्थित अंडा फार्म से निकलने वाले कचरे और प्रदूषण के कारण लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में मक्खियों का अत्यधिक प्रकोप फैल गया है। इससे 15 से अधिक गांवों के ग्रामीण प्रभावित हैं और क्षेत्र में संक्रमण व संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग लंबे समय से प्रशासन से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। समस्या से परेशान ग्रामीण पिछले एक महीने से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने इस आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए कहा है कि जब तक ग्रामीणों की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक पार्टी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करती रहेगी। धरना स्थल पर समर्थन देते हुए अंशू अवस्थी ने कहा कि मक्खियों का प्रकोप केवल लोगों के घरों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य, पशुओं और किसानों की फसलों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इससे पूरे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का वातावरण बना हुआ है। उन्होंने कहा, फ्रहमारे क्षेत्र के किसी भी नागरिक की समस्या मेरी अपनी समस्या है और हर परिवार का दर्द मेरा दर्द है।

# खाद्य विभाग की कार्रवाई,जांच को भेजे आटे के नमूने

**समृद्धि न्यूल,फतेहपुर।**

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्र लखनऊ और रुजिलाधिकारी के आदेश पर जनपद में खाद्यपदार्थों की शुद्धता को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। सहायक आयुक्त खाद्य वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को जिले के 9 फ्लोर मिलों का औचक निरीक्षण किया। 4 फ्लोर मिलों से लिए गए आटे के नमूने निरीक्षण के दौरान टीम ने गुणवत्ता के संदेह पर 4 फ्लोरमिलों से आटे के 4 नमूने संग्रहित किए। मलवॉ इण्डस्ट्रियल एरिया स्थित मारूफ इण्टरप्राइजेज और आदित्य फ्लोर मिल से आटे का 01-01 नमूना, फ्तेहपुर शहर स्थित शक्तिमान फ्लोर मिल और शिव शक्ति फ्लोर मिल से आटे का 01-01 नमूना भरे गए। इस तरह जनपद में कुल 9 फ्लोर मिलों की जांच की गई। जांच के दौरान स्वच्छता से संबंधित कमियों पर सुधार कराए गए। मिलावट नहीं मिली, 05 नमूने प्रयोगशाला भेजे टीम ने आटे में सैलखड़ी और सफेद पत्थर के पाउडर जैसी मिलावट की जांच की। प्रारंभिक जांच में किसी भी नमूने में अमिश्रण नहीं पाया गया। हालांकि गुणवत्ता पर संदेह के चलते कुल 05 आटे के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित मिल संचालकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिद्धार्थ कुमार, दिनेश चन्द्र, धीरज कुमार दीक्षित, अनुराधा कुशवाह और देवेश मिश्रा शामिल रहे।



## खबरें एक नजर में

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि बढ़ी

**महाराजगंज।** खरीफ 2026 मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि ऋणि कृषकों के लिए शासन द्वारा 31 अगस्त 2026 कर दिया गया है। एवं गैर ऋणी कृषकों के लिए अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार ऐसे ऋणी कृषक जो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अपने फसलों का बीमा करना चाहते हैं। वे अपने के सी सी/ फसली ऋण स्वीकृत करने वाले बैंक शाखा से संपर्क करें।तथा गैर ऋणी कृषक किसी भी बैंक अथवा सहज जन सेवा केंद्र से उक्त निर्धारित तिथि के अंतर्गत अपने फसलों का बीमा करते हुए योजना का लाभ उठाएं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय क्षेत्र के हथेड़ा गांव में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार किशोरी की अचानक तबीयत बिगड़ने परिजन उसे पीएचसी हलिया ले गए। वहां डा. रीना सिंह ने स्वास्थ्य जांच के बाद किशोरी को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक विमल कुमार ने बताया कि ष्किशोरी अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ चुकी थी।मौत के कारणों का पता न चल पाने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेमो के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारण स्पष्ट हो सकेंगे।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### थाना परिसर में निर्माणाधीन मंदिर का विधि-विधान से शुभारंभ

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में लंबे समय से अधूरे पड़े निर्माणाधीन मंदिर के निर्माण कार्य का बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ शुभारंभ किया गया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। इस दौरान थाना परिसर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया और सभी ने मंदिर निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया।थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि थाना परिसर में मंदिर बनने से पुलिसकर्मियों के साथ-साथ अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आने वाले फरियादियों को भी पूजा-अर्चना की सुविधा मिलेगी। इससे परिसर में आध्यात्मिक, शांत एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराकर विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा कराई जाएगी। कार्यक्रम में मतवार चौकी प्रभारी अमरनाथ यादव, उपनिरीक्षक श्याम लाल, उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह, महेंद्र प्रताप, शिवजी, चरन, सुरेंद्र, रमाशंकर, हेड कांस्टेबल शेषनाथ, योगेंद्र, जितेंद्र, आनंद, अभिषेक, नर्वेश, राजेश, अनूप सिंह, शिवम, ताराचंद सहित अनेक ग्राम प्रधान, सम्मानित नागरिक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### देवरी-हरबरा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप

**हलिया, (मिर्जापुर)।** देवरी-हरबरा मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा और घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान मानक के अनुसार मटेरियल नहीं डाला जा रहा है। इससे अभी बनी नई सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों को डर है कि थोड़े समय में ही सड़क उखड़ने लगेगी स्थानीय लोगों ने मांग की है कि यदि निर्माण कार्य में वास्तव में मानकों के विपरीत सामग्री का उपयोग हो रहा है तो संबंधित विभाग को तत्काल निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। लोगों का कहना है कि ष्जनता के टैक्स के पैसे से बनने वाली सड़कें गुणवत्तापूर्ण और दीर्घकालिक होनी चाहिए, न कि कुछ ही महीनों में खराब होने वाली।अब देखना होगा कि विभाग इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के लिए कोई टीम भेजी जाती है या नहीं।स्थानीय निवासी विजय तिवारी ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर आरोप लगाया है।

### हाई मास्क के खंभे में उतरा करंट

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के जयकर गांव में हाई मास्क लाइट के खंभे में करंट उतरने से एक भैंस की मौत हो गई। घटना से ग्रामीणों में नाराजगी है।जयकर गांव निवासी शिवकुमार की भैंस गुरुवार को गांव में ही चर रही थी। इसी दौरान हाई मास्क लाइट लगे खंभे के पास पहुंचते ही भैंस करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई स्थानीय लोगों का कहना है कि खंभे में काफी दिनों से करंट की समस्या थी, लेकिन इसकी शिकायत के बाद भी मरम्मत नहीं कराई गई थी।ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द खंभों की जांच कराकर करंट की समस्या दूर करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते ध्यान दिया जाता तो यह हादसा नहीं होता।साथ ही पीड़ित ने मुआवजे की मांग की है।

# झांसी-कानपुर हाईवे पर सड़क दुर्घटना में अतीक अहमद के पुत्र अबान समेत दो की मौत

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज/झांसी।**





झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह पूंछ थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में माफिया एवं पूर्व सांसद अतीक अहमद के पुत्र अबान अहमद तथा उनके साथी सोनू पुत्र रजा की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार तीन अन्य युवक घायल हो गए, जिनका उपचार झांसी मेडिकल कॉलेज में जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार सुबह लगभग 10:30 बजे प्रयागराज से झांसी की ओर जा रही एक क्रेटा कार में पांच लोग सवार थे। तेज गति के कारण वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूंछ थाना पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जबकि दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अबान अहमद अपने भाई अली अहमद से मिलने झांसी जेल जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित नियमों के अनुसार की जा रही है।

# सादात बीआरसी पर शिक्षक संकुल बैठक सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज़, सादात/गाजीपुर।** स्थानीय बीआरसी सभागार में गुरुवार को शिक्षक संकुल की एक बैठक हुई जिसमें विभिन्न स्कूलों के शिक्षक व ए आर पी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी हेमवंत कुमार ने उपस्थित शिक्षकों से आह्वान किया कि 14से पंद्रह वर्ष आयु की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण अभियान के तहत उन्हें लगाने हेतु प्रेरित करने पर बल दिया गया। बैठक में स्कूलों में सोलर पैनल लगाने, बच्चों को निपुण बनाने हेतु की समय समय पर संकुल मीटिंग कर उन्हें ज्ञानवर्धक जानकारी देना, स्वयं सहायता समूहों के द्वारा ड्रेस वितरण करने आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

# बाल भिक्षुओं ने धम्म पाठ कर की विश्व कल्याण की कामना

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



अंतराष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में बाल भिक्षुओं ने तथागत बुद्ध का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया और विश्व कल्याण की कामना की। गुरुवार को स्थानीय बिहारों में रह रहे बाल/ नव श्रमनेर गण ने छठवीं सदी में भगवान बुद्ध की 6.1 मीटर ऊंची लाल बलुआ पत्थर से बनी शयन मुद्रा की प्रतिमा का दर्शन पूजन किया और चीवर चढ़ाया। बाल भिक्षुओं ने लेटी प्रतिमा के समक्ष भूमि पर बैठकर धम्म पाठ किया। इसके पश्चात मुख्य मंदिर के पीछे बने स्तूप की परिक्रमा की। भिक्षुओं ने बताया कि भगवान बुद्ध ने इस जगह अपने शरीर को त्यागा था और निर्वाण को प्राप्त हुए थे। प्रतिमा उस काल को दर्शाती है जब 80 वर्ष की आयु में बुद्ध ने अपने पार्थिव शरीर को छोड़ दिया था और सदा - सदा के लिए जन्म और मृत्यु के बंधन से मुक्त हो गए थे, यानि उन्हे निर्वाण की प्राप्ति हो गई थी। धम्म पाठ में भंते सगरा, शीलवासा सहित बाल भंते मौजूद रहे।

# पोखरी में बना आंगनबाड़ी केंद्र पांच साल बाद भी अधूरा

**ग्रामीणों ने उठाए निर्माण व स्वीकृति पर सवाल**

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



जनपद के पडरौना विकास खंड के ग्राम पंचायत रहसू खुदरा के टोला खुदरा में प्राथमिक विद्यालय के पीछे पोखरी में निर्मित हो रहा आंगनबाड़ी केंद्र पिछले लगभग पांच वर्षों से अधूरा पड़ा है। वर्ष 2021 में शुरू हुआ निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका है। जिसके चलते भवन महिला एवं बाल विकास विभाग को हस्तांतरित भी नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण पूर्व ग्राम प्रधान के कार्यकाल में शुरू हुआ था। निर्माण स्थल पोखरी के किनारे होने के कारण तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती गुंजन द्विवेदी ने खंड विकास अधिकारी पडरौना से रिपोर्ट तलब कर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी। उस समय बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए इस स्थान को अनुपयुक्त माना गया था।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत चुनाव के बाद नई ग्राम पंचायत के कार्यकाल में आखिर किन परिस्थितियों में इस निर्माण को पुनः स्वीकृति प्रदान की गई है। यह जांच का विषय है। उनका कहना है कि भवन की छत डाली जा चुकी है और फाटक भी लगाए जा चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य अब भी अधूरा है।

भवन के एक ओर प्राथमिक विद्यालय, दूसरी ओर सड़क तथा शेष दो ओर पोखरी होने से यहां आने वाले छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में कराए गए कई विकास कार्यों की गुणवत्ता और क्रियान्वयन पर पहले से सवाल उठते रहे हैं। उनका कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण भी बिना पर्याप्त सुरक्षा मानकों का ध्यान रखे कराया गया है। यदि केंद्र का संचालन शुरू होता है तो बच्चों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। ग्रामीणों ने मांग किया है कि निर्माण स्थल के चयन, प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति, इंजीनियर की रिपोर्ट, तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मनरेगा के संयुक्त बजट से कराए जा रहे निर्माण कार्य में यदि किसी प्रकार की अनियमितता या वित्तीय गड़बड़ी पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से अधूरा पड़ा यह भवन सरकारी धन के उपयोग और निर्माण प्रक्रिया पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

# प्रोजेक्ट पहचानः चौथे दिन 35 क्लस्टरों में प्रशिक्षण सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

जनपद में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के समग्र विकास तथा प्रारम्भिक अवस्था में विकासात्मक बाधाओं एवं संभावित दिव्यांगताओं की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित 'प्रोजेक्ट पहचान' के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण अभियान के चौथे दिन जनपद के 35 क्लस्टरों में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही अब तक कुल 185 क्लस्टरों में ग्राउंड स्टाफ के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं व्यवहारिक विकास के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विकासात्मक विलंब, सीखने में कठिनाई, सुनने, देखने, बोलने, चलने-फिरने अथवा मानसिक विकास से जुड़ी संभावित समस्याओं के प्रारम्भिक संकेतों की पहचान करने के व्यावहारिक तरीके बताए गए। अभिभावकों की प्रभावी काउंसलिंग, बच्चों के विकास संबंधी डेटा का संकलन, स्क्रीनिंग प्रक्रिया तथा संदिग्ध बच्चों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण संबंधित क्लस्टर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) एवं एएनएम द्वारा प्रदान किया गया। प्रोजेक्ट पहचान का उद्देश्य केवल विकासात्मक बाधाओं अथवा दिव्यांगता की पहचान करना नहीं, बल्कि समय रहते उपचार एवं पुनर्वास उपलब्ध कराकर बच्चों के समुचित विकास को सुनिश्चित करना है। इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी 222 क्लस्टरों में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं एएनएम का चरणबद्ध प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद गांव-गांव सर्वेक्षण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें घर-घर जाकर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

# प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिकाओं की फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए पांच खिलाड़ियों का हुआ चयन

**ट्रायल में कुल 25 खिलाड़ियो ने प्रतिभाग किया**

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

प्रदेश स्तरीय समन्वयव जूनियर बालिकाओं की फुटबॉल प्रतियोगिता दिनांक 10-08-2026 से 17-08-2026 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम अमेठी में आयोजित की जा रही है जिसका जिला स्तरीय चयन/ट्रायल आज दिनांक 06-08-2026 को प्रातः 10.00 बजे से नेहरु स्टेडियम गोराबाजार गाजीपुर के प्रांगण में किया गया।

उक्त चयन/ट्रायल जिसमें कुल 25 खिलाड़ियो ने प्रतिभाग किया, प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियो में से 05 बेस्ट खिलाड़ियों का चयन किया गया, चयनित खिलाड़ी मण्डलीय चयन/ट्रायल दिनांक 07-08-2026 को प्रतारू 09.00 बजे तक डा0 सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा, वाराणसी में प्रतिभाग कर सकते है।

चयनित खिलाड़ियो की सूची नीचें अंकित है।

इस अवसर पर फुटबाल प्रशिक्षिका श्रीमती संगीता यादव, जिला फुटबाल संघ गाजीपुर के संयुक्त सचिव मो0 मोईन, तथा क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उनके मार्गदर्शन एवं देखरेख में यह जिला बालिका फुटबाल ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पुलिस ने एनबीडब्लू के वारंटी को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।** जनपद थाना दिलदारनगर पुलिस द्वारा 1 एन बी डब्लू वारण्टी को गिरफ्तार किया गया है।

अपराध/ अपराधियों एवं वांछित वारण्टियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत उ0नि0 सत्यनारायण शुक्ल मय हमराह द्वारा माननीय ग्रामीण न्यायालय जमानियाँ महोदय द्वारा निर्गत वारण्ट फौ0 वाद सं0 12581/17 एनसीआर 23/16 धारा 323,504 भादवि के अनुपालन में सम्बन्धित वारण्टी आकाश यादव पुत्र प्रताप यादव निवासी अरंगी थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा रहा है।

# संत रविदास की 650वीं जयंती पर भाजपा ने निकाली कलश वंदन यात्रा

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास के 650 वें जयंती वर्ष पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के अन्तर्गत पवित्र कलश वंदन यात्रा गुरुवार को रामकोला विधानसभा में पहुंची। रामकोला मण्डल के सामुदायिक भवन में पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र ,जिला महामंत्री रामगोपाल गुप्ता , पूर्व विधायक मदन गोविंद राव, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद,मण्डल अध्यक्ष मनोहर गुप्ता,नगर पालिका अध्यक्ष सतीश चौधरी, सुकरौली ब्लाक प्रमुख रंजना पासवान,पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनोद भारती, सोशल मीडिया जिला सह संयोजक निशांत शुक्ल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, अनुसूचित मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध खरवार जी, प्रदीप पाण्डेय , मनोनीत सभासद राजेश मिश्रा, रविन्द्र प्रजापति, विश्वास प्रसाद, प्रसिद्ध नाथ दूबे सहित सैंकड़ों पदाधिकारी व श्रद्धालुओं ने पवित्र कलश पूजन किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार संत रविदास के संकल्पों को पूरा कर रही है। गरीब, वंचित, पिछड़े और दलित के लिए सरकार की नीयत साफ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत रविदास के संकल्पों को आगे बढ़ा रहे हैं। मप्रधानमंत्री ने संत रविदास की 647वीं जयंती पर उनकी जन्मस्थली सीर गोवर्धन में रविदास की 25 फीट उंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया था।

# मेघा मत्स्य प्रजनन केंद्र में दिया जा रहा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण



**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

जनपद के विकासखंड निचलौल अंतर्गत बरोहिया स्थित मेघा मत्स्य प्रजनन केंद्र पर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के बीएफएससी (मत्स्य विज्ञान )के विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण जारी है।प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को मत्स्य प्रजनन, हैचरी प्रबंधन,ब्रुड स्टॉक प्रबंधन,मत्स्य बीज उत्पादन एवं पालन,तालाब प्रबंधन,जल गुणवत्ता परीक्षण, मत्स्य आहार एवं पोषण, मत्स्य रोग प्रबंधन तथा आधुनिक मत्स्य पालन तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण मेघा मत्स्य प्रजनन केंद्र के प्रोपराइटर डा संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पंगेशियस मछली की ब्रीडिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण इन छात्रों को दिया जा रहा है।जो उत्तर भारत के बहुत कम स्थान पर दिया जाता है। विशेषज्ञ विद्यार्थियों को वैज्ञानिक पद्धतियों के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिससे वे आधुनिक मत्स्य पालन की तकनीक को व्यवहार में लागू कर सकें। तकनीकी प्रशिक्षण दे रहे डॉक्टर श्रीवास्तव के अनुसार विद्यार्थियों को यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीकी ज्ञान, व्यवहारिक कौशल एवं उद्यमिता क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थी मत्स्य पालन के विभिन्न पहलुओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर रहे हैं जो उनके भविष्य के शैक्षणिक एवं व्यवहारिक जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

# ड्रमंडगंज घाटी में अनियंत्रित होकर पलटा मुसम्मी लदा ट्रक

**चालक व खलासी घायल**

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**



ड्रमंडगंज क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर बुधवार शाम छह बजे के करीब मुसम्मी (मौसमी) लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए व राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुसम्मी बिखरकर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंचे एसआइ सुभाष यादव,हेड कांस्टेबल संतोष यादव ने घायल ट्रक चालक व खलासी को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर से मौसमी लादकर गोरखपुर जा रहा ट्रक जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर पहुंचा तो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक 28 वर्षीय बब्बू शेख व 26 वर्षीय खलासी मोनिस निवासी बीसलपुर जिला पीलीभीत गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक व खलासी को उपचार हेतु निजी साधन से अस्पताल भिजवाया। पुलिस राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिखरे मुसम्मी व दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हटवाने में पुलिसकर्मी जुटे हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर मुसम्मी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया है। घायल चालक व खलासी को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिखरे मुसम्मी को हटवाया जा रहा है।

## बाल विकास परियोजना कार्यालय अपने नव निर्मित भवन में स्थापित

**समृद्धि न्यूज़, सादात/गाजीपुर।** करीब तीन दशक तक किराये के भवन में चलने वाला सादात ब्लाक का बाल विकास परियोजना का कार्यलय गुरुवार को हवन पूजन आदि के बाद ब्लाक परिसर के अपने नवनिर्मित कार्यलय में स्थापित हो गया। गौरतलब है कि सादात ब्लाक का बाल विकास परियोजना कार्यालय जब से शुरु हुआ था तब से किराये के भवन में संचालित हो रहा था। खुद का भवन नहीं होने पर काफी परेशानी होती थी। पूर्व के सीडीपीओ रहे अरुण कुमार दूबे के काफी प्रयास के बाद ब्लाक परिसर में शासन द्वारा जगह मिलने पर इसे नवनिर्मित भवन बनाया गया। दो कमरे व एक बड़ा हाल सहित पेयजल, शौचालय आदि तो है लेकिन यहां पर स्टोर रुम व तीन सौ से ज्यादा ब्लाक क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए बैठक आदि करने के लिए और भवन बनाने की जरूरत है।इस मौके पर सीडीपीओ सोनम सिंह, सुपरवाइजर मंजू सिंह, पार्वती, शिखा कनौजिया, सुषमा यादव ममता मौर्य, अंजलि सिंह आदि मौजूद रहीं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआरएस की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत योजनाओं की प्रगति, सहित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति एवं पेंशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी महाविद्यालयों के साथ समन्वय बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसील स्तर पर भी बैठकें आयोजित कर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं से संबंधित प्रगति का समयबद्ध रूप से पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए जिन विभागों को असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ, उन पर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिकारीगण को असंतुष्ट फीडबैक की समीक्षा की निर्देश दिए।

उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन की शिकायतों का प्रभावी समाधान हो सके।

## विद्युत समस्याओं को लेकर सभासद जमानियां ने एसडीओ को सौंपा पत्रक

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।** जमानियां स्टेशन बाजार में अघोषित विद्युत कटौती ने उपभोक्ताओं को परेशानी में डाल दिया है। लोकल फाल्ट के चलते बिजली के आने जाने का कोई समय निर्धारित नहीं रह गया है। राधाकृष्ण मंदिर से लेकर गांधी चौक तक का हो गये जर्जर तारों ने उपभोक्ताओं के नाक में दम कर रखा है। नगरवासियों की समस्याओं के दृष्टिगत सभासद प्रमोद यादव ने गुरुवार को एसडीओ विद्युत को पत्रक देकर राधाकृष्ण मंदिर से गांधी चौक व उसके आस पास तक के जर्जर तारों को बदलने तथा कवर्ड केविल लगाने, बस स्टैण्ड के पास खुले में लगे ट्रान्सफार्मर पर सुरक्षा जाली लगवाने सहित स्टेशन बाजार के लिए बनाया गया स्वतंत्र फीडर को यथाशीघ्र चालू करवाने की मांग किया है। सभासद ने बताया कि स्टेशन बाजार की विद्युत व्यवस्था चरमरा गया है।

# भारी बारिश से ड्रमंडगंज बाजार में सड़क जलमग्न

**आवागमन में परेशानी**

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**



क्षेत्र में गुरुवार को हुई झमाझम बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। वहीं पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नही होने से जगह जगह सड़कों पर जलजमाव होने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार में ड्रमंडगंज हलिया मार्ग पर करीब सौ मीटर दो फीट पानी जमा होने से स्थानीय लोगों के अलावा राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने सड़क पर हुए जलजमाव से निजात दिलाने हेतु पानी निकासी की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग की है।वहीं बारिश के चलते क्षेत्र के खुटहा गांव में पीडब्ल्यूडी सड़क पर जलजमाव होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश से क्षेत्र के पहाड़ी नदी नाले उफान पर हैं।